बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 7 मई 2024
वर्ष-34, अंक-100, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज 14

हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील 13



# चुनाव प्रचार को धार देने के लिए आज आयेंगी मायावती

## ट्रैफिक पुलिस ने किया रूट डायवर्ट, 12:55 बजे पुलिस लाइन में उतरेगा बसपा सुप्रीमो का हेलीकॉप्टर, पांच स्थानों पर होगी वाहनों की पार्किंग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती मंगलवार को लखीमपुर आएंगी। वह जीआईसी मैदान पर खीरी प्रत्याशी अंशय कालरा और धौरहरा सीट से प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगी। इसको लेकर जिले भर से जनता के आगमन से रेला उमड़ेगा। यातायात व्यवस्था बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। साथ ही बाहर से आने वाले लोगों के वाहन चार जगहों पर बनाई गई पार्किंग में खड़े किए जाएंगे। वीआईपी वाहनों को खड़ा कराने के लिए विकास भवन परिसर को रिजर्व में रखा गया है।

जिले की खीरी और धौरहरा सीट के लिए चौथे चरण में चुनाव है। यहां 13 मई को वोट डाले जाएंगे। मतदान नजदीक आते ही राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं की जनसभाएं भी शुरू हो गई हैं। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती लखीमपुर आएंगी। उनका उड़न खटोला पुलिस लाइन में दोपहर करीब 12:55 पर उतरेगा। इसके बाद वह सीधे जीआईसी मैदान पर खीरी प्रत्याशी अंशय कालरा और धौरहरा सीट के प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी के समर्थन में आयोजित होने वाली जनसभा में पहुंचेंगी और 01:45 मिनट तक जनसभा को संबोधित कर वापस लौट जाएंगी। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। इसके अलावा पांच जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की है, ताकि आम लोगों के आवागमन में कोई दिक्कत न हो। परिवहन निगम की सभी बसें सुबह 09.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक एलआरपी व राजापुर तक ही आयेंगी। शहर के अंदर इन बसों का प्रवेश बंद रहेगा।



जीआईसी मैदान पर जनसभा की तैयारियों का जायजा लेते खीरी सीट से प्रत्याशी अंशय कालरा, पूर्व मंत्री माया प्रसाद, उमाशंकर गौतम आदि। अमृत विचार

### जनसभा की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा के लिए जीआईसी मैदान पर विशाल पांडाल बनाया गया है। मंच और दर्शक दीर्घा में कोई कमी न रह जाए इसके लिए बसपा की पूर्व मंत्री माया प्रसाद, पार्टी के वरिष्ठ नेता उमाशंकर गौतम के साथ खीरी लोकसभा प्रत्याशी अंशय कालरा ने देर रात तक तैयारियों का जायजा लेते रहे। इस दौरान बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने कहा कि बसपा अध्यक्ष की चुनावी जनसभा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। अलग-अलग ग्राम सभाओं से हजारों की संख्या में लोग उनके स्वागत और महारैली में हिस्सा लेने आ रहे हैं।

> पांच स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पांच जगहों पर बैरियर लगाए जाएंगे। सुबह नौ बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक ई-रिक्शा और आटो का संचालन बंद रहेगा। एक टो क्रेन व दो मोबाइल टीमें शहर में भ्रमणशील रहकर यातायात व्यवस्था की निगरानी करेंगी।
> -हरमीत सिंह, टीएसआई

### यहां होगी वाहनों की पार्किंग

**पार्किंग-01 कृष्ण कुंज कालोनी गेट के सामने खाली मैदान** : राजापुर चौराहे से खीरी रोड पर कृष्ण कुंज कालोनी गेट के सामने खाली मैदान पर रामापुर, खीरी कस्बा, ओयल, गोला, बेहजम की तरफ से आने वाली बसें राजापुर चौराहे से सौजन्या तिराहे पर कार्यकर्ताओं को उतारकर पार्किंग में खड़ी होंगी। शारदा नगर, पलिया, निघासन की तरफ से जनसभा में आने वाली बसें सैंधरी बाईपास, बरगद तिराहा होते हुए राजापुर चौराहे से सौजन्या तिराहे पर कार्यकर्ताओं को उतारकर इसी पार्किंग में पार्क होंगी।

**पार्किंग : 02 राजकीय आईटीआई कालेज राजापुर** : रामापुर, खीरी कस्बा, ओयल, गोला, बेहजम दिशाओं से आने वाले छोटे चार पहिया व दो पहिया वाहन राजकीय आईटीआई कालेज राजापुर में पार्क होंगे।

**पार्किंग : 03 पुराना एसपी बंगला** : निघासन, शारदानगर व पलिया की ओर से आने वाले छोटे चार पहिया व दो पहिया वाहन मेला मैदान, इमली तिराहा होते हुए पुराना एसपी बंगला में खड़े कराए जाएंगे।

**पार्किंग :- 04 बिलोबी हाल** : पुराना एसपी बंगला पार्किंग भर जाने पर छोटे चार पहिया वाहन विलोबी हाल मैदान में पार्क कराये जायेंगे।

**पार्किंग :- 05 विकास भवन** : आवश्यकता पड़ने पर वीवीआईपी वाहनों की पार्किंग विकास भवन परिसर के लिए रिजर्व रहेगा।

### यह बदले रहेंगे रूट

- राजापुर से शहर की तरफ आने वाले वाहन रामापुर दुसड़का तिराहा से सलेमपुर कोन, नौरंगाबाद चौराहा, शाहपुरा कोठी चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।
- सौजन्या तिराहा से गुरुगोविन्द सिंह चौक तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। जिन वाहनों को गुरुगोविन्द सिंह चौक से राजापुर की ओर जाना है। वह वाहन गुरुगोविन्द सिंह चौक से अस्पताल तिराहा, लोहिया चौराहा, कचेहरी तिराहा होते हुए जाएंगे।
- सुबह 9.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक राजापुर से सौजन्या व हीरालाल धर्मशाला से रोडवेज तथा सदर चौराहे की ओर आटो/ ई-रिक्शा पूरी तरह से बंद रहेंगे।
- स्कूली बच्चों के वाहन राजापुर से सौजन्या तिराहा, डीसी रोड होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।

### इन रूटों से होगा बसों का संचालन

- ऐरा, धौरहरा, रुपईडिहा, लहरपुर मार्ग की बसें राजापुर चौराहा से संचालित की जायेंगी।
- गोला, शाहजहांपुर, बरेली, सीतापुर एवं लखनऊ मार्ग की बसे एलआरपी चौराहा से संचालित की जायेंगी।

### इन स्थानों पर लगेंगे बैरियर

- राजापुर चौराहा, सौजन्या तिराहा, हीरालाल धर्मशाला, गुरुगोविन्द सिंह चौक, डानबास्को नहर पुलिया।

## सार-संक्षेप

### जिला अधिवक्ता संघ ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



मतदाताओं को जागरूक करते जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह।

**लखीमपुर-खीरी, अमृत विचार :** जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्षता में वकीलों ने सिविल कोर्ट परिसर में मतदाता जागरुकता रैली निकाली और सभी को चुनाव में बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए जागरूक किया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, मंत्री विश्वास श्रीवास्तव, सुधीर कुमार सिंह आदि ने कहा कि जिले में 13 मई को खीरी और धौरहरा सीट पर वोट डाले जाएंगे। लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी लोग पहले मतदान करें। उसके बाद ही जलपान करें। इस दौरान घनश्याम द्विवेदी, प्रभात कुमार अवस्थी, जितेंद्र कुमार वर्मा, मोहम्मद राशिद अंसारी, अतुल कुमार पांडेय, पीयूष खरे, उर्मिला सिंह, अतुल कुमार बाजपेयी आदि अधिवक्ता रैली में शामिल हुए।

### पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल ने पुलिस टीम को किया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला राजाजीपुरम में पिछले साल पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल के घर चोरी हुई थी, जिसमें चोर नगदी-जेवर समेत लाखों रुपये का माल उठा ले गए थे। पुलिस ने करीब 15 दिन बाद घटना का खुलासा कर चोरी हुआ माल बरामद कर लिया था। इस खुलासे में सदर कोतवाली के हेड कांस्टेबल विजय शर्मा और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा था। सोमवार को पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल अजय सिंह सदर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने हेड कांस्टेबल विजय शर्मा और उनकी टीम का साल ओढाई और प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, सदर कोतवाल अंबर सिंह आदि मौजूद रहे।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर में 200 लोगों की जांच

**संवाददाता, बिलहरी, अमृत विचार :** बसही के एमएस मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा लगाए गए नि :शुल्क नेत्र शिविर में 200 से अधिक लोगों ने अपनी आंखों का परीक्षण कराया, जिसमें 35 मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए। सीतापुर आंख अस्पताल के डॉ रामकिशोर के नेतृत्व में उनकी टीम ने क्षेत्र से आए लोगों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें आंखों की देखभाल करने के तरीके बताए। शिविर में मोतियाबिंद के 35 मरीजों को नि :शुल्क इलाज के लिये सीतापुर आंख अस्पताल सीतापुर ले जाया गया, जहां मोतियाबिंदु का नि :शुल्क आपरेशन कर वापस उन्हें घर तक छोड़ा जाएगा। विद्यालय प्रबंधक प्रहलाद सिंह चौहान ने शिविर का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रधानाचार्य संजीव कुमार दीक्षित, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह चौहान, अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह धीरू, दीनदयाल वर्मा, आदेश त्रिवेदी, नायक सिंह, आशुतोष मिश्रा, मुस्कान शर्मा, शिवांगी मिश्रा, अनुप्रिया, चांदनी आदि मौजूद रहे।



बसही स्कूल में नेत्र परीक्षण करते डॉक्टर।

### रोडवेज कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की प्रशासनिक, यातायात व स्टेशन शाखा की लखीमपुर डिपो कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें प्रशासनिक शाखा के प्रदीप कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष, दिनेश कुमार वर्मा मंत्री बने हैं। ट्रैफिक शाखा के परिचालक सुनील कुमार अवस्थी अध्यक्ष, मेवालाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुस्तकीम आलम उपाध्यक्ष एवं निर्मल सिंह मंत्री बने। जबकि स्टेशन शाखा के नरेंद्र सिंह अध्यक्ष और श्रवण कुमार मिश्रा मंत्री बने।

### बुजुर्गों ने घर पर डाले वोट

**पसगवां।** बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पर मतदान की सुविधा के क्रम में सल्लिया और बरखेरिया जाट में कुल 10 वोट डाले गए। सल्लिया ;जंगबहादुरगंजद्ध में कुल सात मत हैं जिनमें से पांच मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दो मतदाता कस्बे में मौजूद न होने के कारण अपना मत नहीं डाल सके। ग्राम बरखेरियाजाट में सभी पांच मतदाताओं ने मतदान किया।

# पांच घरों में ताबड़तोड़ चोरियों से दहला डहर गांव

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार :** थाना मितौली क्षेत्र के गांव डहर में रविवार की रात चोरों ने पांच घरों पर धावा बोल दिया। चोर तीन घरों से 37 हजार रुपये की नगदी और करीब सात लाख का जेवर चोरी कर ले गए, जबकि दो घरों में चोरी का प्रयास किया। एक ही रात हुई वारदात से क्षेत्र में जहां दहशत का माहौल है। वहीं ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस गांवों में गस्त करने ही नहीं आती है। अगर रात भर में एक ही बार पुलिस गांवों से निकल भर जाए तो घटनाओं पर अंकुश लग सकता है।

गांव डहर गांव निवासी राधेश्याम पुत्र ब्रम्हादीन ने बताया कि वह परिवार समेत सो रहे थे। रात में किसी समय चोर छत पर चढ़कर घर के अंदर घुस आए और अलमारी में रखा एक सोने का हार, एक सोने की चैन, 12 जोड़ी पायल, एक जोड़ी बाला, एक जोडी झाला और 22 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। वहीं गांव के ही कपिल पांडेय पुत्र रामलोटन पांडेय के घर घुसे चोर 15 हजार रुपये की नकदी, एक सोने का हार, पांच जोड़ी पायल, 12 सिक्का चांदी के, एक मांग बेंदी, छह अंगूठी, एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी झुमकी आदि सामान पर हांथ साफ किया। रवी पुत्र रामगोपाल के घर घुसकर एक सोने की चैन, एक सोने का हार, 12 जोड़ी पायल, 12 सिक्का चादी, एक मांग बेंदी, पांच अंगूठी, एक जोड़ी झाला चुरा कर ले जाने में सफल रहे। गांव के ही विनोद पुत्र रामचरन के घर भी चोर घुस गए, लेकिन खटपट की आवाज सुनकर परिवार वालों की आंख खुल गई। पंक्षी देवी बेवा नन्हे समेत दो अन्य घरों में भी चोरी का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। एक ही रात तीन घरों में चोरी और दो घरों में चोरी के प्रयास की जानकारी जब गांव के साथ ही आसपास के गांवों के लोगों को हुई तो उनमें चोरों की दहशत व्याप्त हो गई। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। उधर, सूचना पाकर एसआई परितोष पांडेय मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों से जानकारी ली। तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।



चोरी के बाद एक घर में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

> घटना की जानकारी हुई है। पुलिस मौके पर गई थी। जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> -राजू राव प्रभारी निरीक्षक थाना मितौली

### परचून की दुकान का खोखा तोड़कर हजारों की चोरी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी सावित्री देवी ने बताया कि उनके पति बनवारी लाल वर्मा की नवीन बाईपास पर गोल्डन पैलेस के निकट परचून की दुकान का खोखा रखा है। पति रविवार की रात में दुकान बंद कर घर चले आए। सोमवार सुबह जब पहुंचे तो दुकान के ताले टूटे पड़े थे। अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखी 250 रुपये रेजगारी और किराने का हजारों रुपये का सामान गायब था। पीड़िता का कहना है कि इससे पहले भी उनकी दुकान में कई बार चोरी हो चुकी है। सावित्री देवी ने पुलिस में तहरीर देकर घटना का खुलासा कराने की मांग की है।

# लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए किया प्रेरित

- वाईडी कॉलेज स्टाफ ने राजगढ़ मोहल्ले को लिया गोद
- शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को कर रहे जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देश पर युवराज दत्त महाविद्यालय स्टाफ ने शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए मोहल्ला राजगढ़ को गोद लिया है। इस क्रम में सोमवार को प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने मोहल्ले में जागरूकता अभियान चलाया।

प्राचार्य ने राजगढ़ वार्ड के संकटा प्रसाद बाजपेयी पार्क के आस पास रहने वाले मतदाताओं को 13 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया। प्रोफेसरों और छात्र छात्राओं ने स्लोगन लिखे पंपलेट वितरित कर पहले मतदान फिर जलपान की शपथ दिलाई। प्राचार्य ने बताया कि वोट हमारा अधिकार है, जिसके माध्यम से हम अपनी सरकार का चयन करते हैं। अभियान में कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी प्रोफ़ेसर संजय कुमार, डॉ. नीलम त्रिवेदी, प्रोफेसर ज्योति पंत, नूतन सिंह, डॉ. अमित कुमार, सौरभ वर्मा, देशराज, मानवेंद्र यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### महिला ने 70 हजार रुपये ले जाने का लगाया आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर की भूतनाथ कालोनी निवासी जगदीश प्रसाद की पत्नी कलावती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह रात में खाना बना रही थी। तभी पवन प्रभाकर अपने साथियों के साथ घर में घुस आए। तोड़फोड़ कर मारपीट की है। घर में भवन निर्माण के लिए रखे 70 हजार रुपये उठा ले गए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं मोहल्ला अर्जुननगर निवासी पवन प्रभाकर ने महिला द्वारा लागाए गए आरोपों को निराधार बताया है।

### तीन तलाक की धमकी देकर विवाहिता को घर से निकाला

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम चक पिहानी में एक विवाहिता को उसकी ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर कर घर से निकाल दिया। साथ ही तलाक की धमकी भी दी। गांव चकपिहानी निवासी घुन्ने ने अपनी पुत्री चांदवानो का निकाह एक मई 2023 को हरदोई के थाना मझिला के ग्राम पलिया कोट निवासी सद्दाम के साथ किया था, लेकिन ससुराल वाले निकाह में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। अतिरिक्त दहेज मांग शुरू कर दी। आरोप है कि मांग न पूरी न होने पर पति और अन्य ससुराल वालों ने बीती चार मई को उसे मार पीटकर व तीन तलाक की धमकी देकर घर से निकाल दिया। चांदवानों ने पति सद्दाम, ससुर इकरार, सास आशिया बानो, रुकशाद, नईमुन्ना, फरियाद, नसरीन और मरियम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला अस्पताल: चतुर्थ श्रेणी कर्मियों व स्टाफ नर्स का कार्य बहिष्कार

- अस्पताल खुलने के बाद एक घंटे बाधित रहा कार्य
- सीएमएस को ज्ञापन सौंपने के बाद स्टाफ नर्सों ने शुरू किया कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और स्टाफ नर्सों ने सोमवार सुबह कार्य बहिष्कार कर दिया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से लेकर स्टाफ नर्सों में दो माह से वेतन न मिलने से नाराजगी है। इसके अलावा शनिवार रात एक-एक युवक द्वारा महिला स्टाफ नर्स के साथ की गई अभद्रता को लेकर भी नर्सेज संघ में आक्रोश है। अस्पताल खुलने के बाद करीब एक से डेढ़ घंटे तक कार्य बहिष्कार रहा। सीएमएस के आश्वासन पर कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार खत्म कर दिया।

सोमवार सुबह अस्पताल पहुंचने के बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ स्टाफ नर्सों ने बकाया वेतन दिलाने की मांग का लेकर कार्य बहिष्कार कर दिया। अस्पताल गेट पर इकठ्ठा होकर यह सभी नारेबाजी कर दो माह का वेतन दिलाने की मांग करने लगे। सुबह आठ शुरू हुआ कार्य बहिष्कार दो घंटे तक चला। इस दौरान ओपीडी पर तो कोई प्रभाव नहीं पड़ा, लेकिन वार्डों में अफरा तफरी मच गई। हालांकि सीएमएम ने एक दो दिन में वेतन आने का दिलासा दिलाकर कार्य बहिष्कार खत्म करा दिया। तब जाकर तीमारदारों की जान में जान में आई। उधर, स्टाफ नर्सों में शनिवार रात एक युवक द्वारा एक महिला स्टाफ नर्स के साथ अभ्रदता करने को लेकर भी नाराजगी है। स्टाफ नर्स की मांग है कि रात में अस्पताल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।



जिला अस्पताल में धरना-प्रदर्शन करते चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और स्टाफ नर्स।

### दो माह से नहीं मिला वेतन

अस्पताल स्टाफ को करीब दो माह से वेतन नहीं मिला है। इसलिए सोमवार को मजबूरन स्टाफ को कार्य बहिष्कार करना पड़ा। इस दौरान कर्मचारी बड़े बाबू को सामने लाने की मांग करते रहे। बताते हैं कि बड़े बाबू अस्पताल न आकर घर से ही काम करते हैं। कभी कभार ही आते हैं। इसी वजह से समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि जब से बड़े बाबू की तैनाती हुई है तब से उनकी शक्ल नहीं दिखी।

> बकाया वेतन को लेकर कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया था। वेतन बन गया है एक दो दिन में खातों में पहुंच जाएगा। स्टाफ नर्स के साथ अभद्रता किए जाने के बारे में जानकारी नहीं है। न ही स्टाफ नर्स ने इसके बारे में कुछ बताया। मंगलवार को मामले की जानकारी कर उचित कार्यवाही की जाएगी। - डॉ. आरके कोली, सीएमएस जिला अस्पताल

# वकीलों का सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ प्रदर्शन

- बोले, कराई जाए आय से अधिक संपत्ति की जांच

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** तहसील में भ्रष्टाचार विरोधी संघर्ष समिति छोटी काशी के पदाधिकारियों ने सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा है।

भ्रष्टाचार विरोधी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश ने तहसील पहुंचकर वकील मनोज श्रीवास्तव के तख्त पर जाकर मारपीट की। उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए और उनकी आय से अधिक संपत्ति की जांच की जाए। चार मई शनिवार को तहसील परिसर में सीएचसी अधीक्षक डा. गणेश कुमार, बीसीपीएम योगेश पाल, अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव सहित कई लोगों में मारपीट हुई थी, जिसको लेकर सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश ने अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव, मनुज बाजपेई और दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मारपीट और सरकारी दस्तावेज फाड़ने और बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोमवार को भ्रष्टाचार संघर्ष समिति छोटी काशी के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने अपने साथियों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह को सौंपा है। डॉ गणेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कराने और उनकी संपत्ति की जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि आरोपी डॉक्टर 12 सालों से गोला सीएचसी में एक ही पद पर तैनात हैं। अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग भी की है। इधर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि अगर डॉ गणेश के साथ हुई मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो कार्य बहिष्कार किया जाएगा। सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को संघ के अध्यक्ष राकेश वर्मा की तबीयत खराब हो जाने के कारण बैठक नहीं हो पाई। यह बैठक मंगलवार को होगी। अगर साथी वकील मनोज श्रीवास्तव संगठन से सहयोग मांगेंगे तो उस पर बैठक में निर्णय लिया जाएगा।



गोला तहसील में प्रदर्शन करते वकील। अमृत विचार



बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 7 मई 2024
वर्ष-34, अंक-100, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज 14

हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील 13







## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों का मिला लाभ

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला। घरेलू मांग में तेजी के अलावा, कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया।

## सीआईएससीई के नतीजे : लड़कों से आगे निकलीं लड़कियां

### 10वीं, 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत बढ़ा, जारी नहीं होगी मेधा सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10वीं कक्षा : 99.31 प्रतिशत लड़के, 99.65 प्रतिशत लड़कियां सफल
- 12वीं कक्षा : 97.53 प्रतिशत लड़के, 98.92 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण

'काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स' (सीआईएससीई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के सोमवार को सुबह घोषित नतीजों में लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी, जबकि दोनों कक्षाओं के लिए उत्तीर्ण प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई। बोर्ड ने छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया इस साल से बंद कर दी है।

सीआईएससीई के एक अधिकारी ने बताया कि 99.47 प्रतिशत छात्रों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में सफलता हासिल की, जबकि 98.19 फीसदी छात्रों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की। पिछले साल 10वीं कक्षा के लिए पास प्रतिशत 98.94 प्रतिशत और 12वीं कक्षा के लिए 96.93 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुअल ने कहा कि 10वीं कक्षा में 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए, जबकि 99.65 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता हासिल की। इसी तरह, 12वीं कक्षा में लड़कों का पास प्रतिशत 97.53 रहा, जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 98.92 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि हमने बोर्ड परीक्षाओं के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया भी इस साल से बंद कर दी है। इस कदम का उद्देश्य छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचना है।

आईसीएसई परीक्षाएं 21 फरवरी को शुरू हुईं और 28 मार्च को 18 दिन में खत्म हुईं। आईएससी परीक्षा (12वीं कक्षा) 47 लिखित विषयों में कराई गई, जिनमें से 12 भारतीय भाषाओं, चार विदेशी भाषाओं और दो शास्त्रीय भाषाओं में थी। आईएससी परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुईं और चार अप्रैल को खत्म हुईं।

कुल 2,695 स्कूलों के अभ्यर्थी 10वीं कक्षा की परीक्षा में बैठे और 82.48 प्रतिशत (2,223) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा के लिए कुल 1,366 स्कूलों के अभ्यर्थी बैठे और 66.18 प्रतिशत (904) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 2.43 लाख से अधिक उम्मीदवार बैठे थे, जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99,901 छात्र बैठे।

### विदेशी स्कूलों ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

दसवीं कक्षा में इंडोनेशिया, सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जहां पास होने का प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा में सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। आईसीएसई परीक्षा (10वीं कक्षा) 60 लिखित विषयों में कराई गई थी, जिनमें से 20 भारतीय भाषाओं, 13 विदेशी भाषाओं और एक शास्त्रीय भाषा में थी।

## एक नजर

### नीट-स्नातक प्रश्नपत्र लीक की खबरें निराधार

ई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा कि एनटीए के सुरक्षा प्रोटोकॉल से यह पता चला है कि सोशल मीडिया पोस्ट पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं।

### यूपी बोर्ड : इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए आवेदन आज से

लखनऊ। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दे चुके छात्रों के लिए इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई की रात्रि 12 बजे तक है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सोमवार को आवेदन से लेकर परीक्षा तक पूरा ब्योरा जारी कर दिया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना आवेदन बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in पर जाकर कर सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट से उमर अंसारी को अग्रिम जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उमर अंसारी को आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के मामले में सोमवार को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने उमर अंसारी से मामले के सिलसिले में निचली अदालत में पेश होने को कहा जो जमानत पर रिहा करेगी।

### खेद प्रकाश

पांच मई के अंक में अमिताभ बच्चन के चित्र की जगह उनके डुप्लीकेट का चित्र प्रकाशित हो गया था। इस मानवीय चूक के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं। - संपादक

## दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

### आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से धन प्राप्त करने के आरोप में एलजी ने उठाया कदम

नई दिल्ली, एजेंसी





- आम आदमी पार्टी ने मामले को साजिश बताया, मंत्री सौरभ ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा की संभावित हार की बौखलाहट कहा

दिल्ली के उप राज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है।

यह जानकारी राजभवन सूत्रों ने दी। वहीं आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। क्योंकि भाजपा दिल्ली की सभी सात सीट हार रही है। भाजपा नेता लोकसभा चुनाव में हार के डर से घबराए हुए हैं।

केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उप राज्यपाल के सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी। अमृतसर केंद्रीय कारागार में बंद भुल्लर को 1993 में दिल्ली में एक बम विस्फोट में नौ लोगों की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसे 25 अगस्त, 2001 को टाडा अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसकी मौत की सजा को कम किए जाने के बाद से वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

सक्सेना ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के फॉरेंसिक परीक्षण सहित जांच की आवश्यकता है। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सूत्रों ने कहा कि शिकायत खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा जारी किए गए एक वीडियो से संबंधित है। जिसमें उसने आरोप लगाया कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को 2014 और 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। उप राज्यपाल को दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल ने 2014 में न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल्स में खालिस्तानी नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठकें की थीं। केजरीवाल ने आप को पर्याप्त वित्तीय सहायता के बदले में भुल्लर की रिहाई में मदद का वादा किया था। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में आप के एक पूर्व कार्यकर्ता मुनीश कुमार रायजादा ने खालिस्तानी नेताओं के साथ केजरीवाल की मुलाकात की कथित तस्वीरें साझा की थीं।

### अंतरिम जमानत देने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को इस बात पर विचार करेगा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी जाए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ पहले मामले के रूप में आम आदमी पार्टी नेता की याचिका पर सुनवाई करेगी।

## रांची में ईडी का छापा, बेहिसाब नकदी और आभूषण बरामद

रांची, एजेंसी



छापे के दौरान बरामद नकदी गिनते ईडी कर्मी। ● एजेंसी

- मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर की छानबीन
- 20 से 30 करोड़ की नकदी गिनने में लगाई गईं आठ मशीनें

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित रूप से जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान 20-30 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद करने का दावा किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने कुछ अन्य परिसरों की तलाशी में अलग से करीब तीस करोड़ रुपये नकद बरामद किए। सूत्रों द्वारा साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में एजेंसी के अधिकारी यहां गाड़ीखाना चौक पर एक इमारत में स्थित एक कमरे में बड़े बैग से नोटों की गड्डियां निकालते हुए दिखते हैं। इस दौरान केंद्रीय बलों के कुछ सुरक्षाकर्मी भी दिखाई देते हैं। जिस स्थान से नकदी बरामद की गई है, वहां कथित तौर पर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल का एक घरेलू सहायक रहता है।

आलम ने संपर्क किए जाने पर कहा कि मुझे अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मैं टीवी देख रहा हूं और इसमें बताया जा रहा है कि यह परिसर सरकार द्वारा मुझे मुहैया कराए गए आधिकारिक पीएस (निजी सचिव) से संबंधित है। आलम (70) कांग्रेस के नेता हैं और झारखंड विधानसभा में पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली आठ मशीन लगाई गई हैं, ताकि बरामद की गई रकम का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह राशि 20-30 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। सूत्रों ने कहा कि बरामद की गई नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि अभियान के तहत कुल छह परिसरों की तलाशी ली जा रही है और एजेंसी ने एक परिसर से 2.93 करोड़ रुपये तथा एक अन्य परिसर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं।

### धनशोधन के मामले से जुड़ी है छापेमारी

यह छापेमारी ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के खिलाफ धनशोधन के मामले से जुड़ी है, जिसे ईडी ने पिछले साल गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पिछले साल जारी एक बयान में आरोप लगाया था कि रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के रूप में तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को निविदा आवंटित करने के बदले में उनसे रिश्वत के नाम पर अवैध कमाई की थी।

## राम विरोधी हैं सपा-कांग्रेस : योगी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



मंच पर सीएम योगी आदित्यनाथ व प्रत्याशी साक्षी महाराज के साथ अन्य भाजपा नेता।

- भगवंतनगर की जनसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अमृत विचार** : एक समय था जब हमारे युवाओं के हाथ में तमंचा होता था और आज उनके हाथ में टैबलेट है। देश से आतंकवाद का खात्मा हो चुका है। कश्मीर चैन की नींद सो पाता है। जो राम का नहीं है वह हमारा भी नहीं हो सकता है। सपा-कांग्रेस का इतिहास रहा है राम का विरोध करना। कभी भी सपा-कांग्रेस पर विश्वास मत करना। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव के भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

योगी ने भगवंतनगर स्थित आरआरबीएन इंटर कॉलेज में सभा कर उन्नाव से भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज के पक्ष में वोट करने की अपील की। सीएम ने पहले बक्सर स्थित सिद्धपीठ मां चंद्रिका देवी को नमन किया। इसके बाद कलम व तलवार की धनी धरती बताते हुए यहां के साहित्यकारों को नमन किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में 370 हटने के बाद वहां शांति हो गई है। कांग्रेस-सपा हमेशा से राम की विरोधी रही हैं। इससे पूर्व सीएम का हेलीकाप्टर क्षेत्र के हटिया मेला मैदान पर उतरा। जहां उनका स्वागत पार्टी प्रत्याशी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

## नड्डा, मालवीय और विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

- सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस ने की थी शिकायत

**बेंगलुरु।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, आईटी प्रकोष्ठ प्रमुख अमित मालवीय और कर्नाटक इकाई प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इन नेताओं पर विशेष उम्मीदवार को वोट न देने के लिए एससी/एसटी के सदस्यों को डराने-धमकाने वाले पोस्ट के संबंध में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कार्रवाई हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजपा नेताओं पर जनप्रतिनिधि और आईपीसी की धारा 505 (2) (विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा को बढ़ावा देने वाला बयान देना) के तहत मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में कर्नाटक प्रदेश भाजपा के अकाउंट से 'एक्स' पर पोस्ट वीडियो का हवाला दिया गया।

## राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या

पटियाला, एजेंसी



- भाई-भाभी से झगड़े के बाद भाखड़ा नहर में कूदी महिला खिलाड़ी
- पिता ने पुलिस थाने में दर्ज कराई बेटे और बहू के खिलाफ शिकायत

राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसके पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ किए गए दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत पर सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि भाखड़ा नहर से सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## सपा ने श्यामलाल पाल को बनाया नया प्रदेश अध्यक्ष



- लोकसभा चुनाव के बीच हटाए नरेश उत्तम पटेल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ा निर्णय लेते हुए नरेश उत्तम पटेल की जगह पार्टी के वरिष्ठ नेता श्यामलाल पाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पार्टी ने इस पद पर बदलाव सात साल बाद किया है। साल 2017 में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शिवपाल यादव को हटाने के बाद नरेश उत्तम को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर बदलाव के पीछे नरेश उत्तम पटेल का फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना भी वजह है। ऐसे में वह अपने चुनाव पर पूरा ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे। श्यामलाल पाल प्रयागराज के निवासी हैं। माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के इस फैसले के पीछे पीडीए यानि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों वाले लक्ष्य को साधना है। पिछले साल ही श्यामलाल को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष बनाया गया था।

## मुंबई दंगा पीड़ितों को मुआवजा दे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्देश लागू न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से 1992 के मुंबई दंगों में लापता हुए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने, मामलों का निपटान सुनिश्चित करने और पुलिस सुधार जैसे अपने निर्देशों को लागू करने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 4 नवंबर, 2022 के अपने फैसले में जारी निर्देशों का पालन न करने पर नाराजगी जताते हुए महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग के सचिव को न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करने का निर्देश दिया और इस बारे में एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

पीठ ने कहा कि राज्य सरकार 19 जुलाई, 2024 तक एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे। इसने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की। पीठ ने एक पहलू पर विचार करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य बल में 2.30 लाख पुलिसकर्मी हैं और उनके लिए आवास इकाइयों का निर्माण करना प्रशासन का दायित्व है।

## तीसरे चरण की 10 सीटों पर मतदान आज

**लखनऊ, अमृत विचार।** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों पर मतदान सात मई को होगा। इस चरण में कुल 100 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें आठ महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। एक करोड़ 89 लाख 14 हजार 788 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ एक लाख 44 हजार 345 पुरुष व 87 लाख 69 हजार 696 महिला व 747 थर्ड जेंडर शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

## खेती-किसानी

### पंतनगर विश्वविद्यालय की बायो कंट्रोल प्रयोगशाला ने ईजाद किए चार जैव नियंत्रक अभिकर्ता

## कीटनाशकों से नहीं अब जैव नियंत्रकों से समृद्ध होगी खेती

मृगांक मौली, पंतनगर




जैव नियंत्रण प्रयोगशाला में निर्मित चार बायो कंट्रोल एजेंट।

**अमृत विचार** : फसल में लगने वाले कीटों के लिए कीटनाशकों का प्रयोग बीती बात हो चुकी है, अब इनका नाश जीवाणु करेंगे। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विभाग में जैव नियंत्रण परियोजना के तहत जैव नियंत्रण प्रयोगशाला की परियोजनाधिकारी डॉ. रूपाली शर्मा के निर्देशन में वैज्ञानिकों ने चार जैव नियंत्रक अभिकर्ताओं का निर्माण किया है, जिसे पेटेंट भी करा लिया है।

जैव नियंत्रक अभिकर्ता मिट्टी में पाए जाने वाले वह सूक्ष्म फफूंद और जीवाणु हैं, जिनसे पौधों में रोग जनकों का आंशिक या पूरी तरह से विनाश किया जाता है। ये तीन प्रकार से कार्य करते हैं। इनमें परजीविता- जैव नियंत्रक रोग कारक जीव के ऊपर चिपककर उसकी बाहरी परत को कुछ प्रतिजैविक पदार्थों से गलाकर उसमें के सभी पदार्थों का उपयोग कर लेता है, जिससे वह नष्ट हो जाता है। प्रतिजैविकता -इस प्रक्रिया में जैव नियंत्रक प्रतिजैविक पदार्थ उत्पन्न करता है, जो रोग कारकों के लिए विष है। प्रतिस्पर्धा - इसमें जैव नियंत्रक वातावरण में मौजूद पोषक पदार्थों, जल व स्थान के लिए रोग कारकों से स्पर्धा करते हैं। प्रयोगशाला में चार जैव नियंत्रकों पंत बायो कंट्रोल एजेंट-1 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम), पंत बायोकंट्रोल एजेंट-2 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस), पंत बायो कंट्रोल एजेंट-3 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम 2) व पंत बायो कंट्रोल एजेंट-4 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस 2) का उत्पादन किया गया है।

### ऐसे करते हैं बीजों और पौधों में जैव नियंत्रकों का उपयोग

जैव नियंत्रक के 10 ग्राम पाउडर का पानी में घोल बनाकर बीजों को इसमें डाल देते हैं। बीजों को छाया में सुखाकर बुवाई कर देते हैं। पौध उपचार में पौधशाला से उखाड़कर पौध की जड़ को जैव नियंत्रक घोल में आधा घंटा डुबाते हैं। मृदा उपचार में एक किग्रा. जैव नियंत्रक एक कुंतल सड़ी खाद या कंपोस्ट में मिलाकर एक माह बाद खेत में डालते हैं।

### रोग व कीट नियंत्रण के लिए आवश्यक हैं जैव नियंत्रक

रोग व कीट नियंत्रण के लिए रसायनों के प्रयोग ने कृषि उत्पादों की गुणवत्ता कम कर दी है। पौधों में रोगकारकों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता घट रही है। साथ ही मिट्टी के उपयोगी सूक्ष्म जीवों की संख्या में कमी आ रही है, जिससे रोगजनकों में वृद्धि हो रही है। जैव नियंत्रक एक बार मिट्टी में स्थापित हो जाता है तो यह स्वयं अपनी कार्यक्षमता बढ़ाता रहता है।

# 10वीं में अरमान व 12वीं में विनायक ने किया जिला टॉप

## सीआईएससीईः जिला टॉपरों ने पिता के पदचिन्हों पर चलने का लिया निर्णय, लखनऊ पब्लिक स्कूल के हैं दोनों जिला टॉपर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


रिजल्ट आते ही खुशी से उछल पड़े लखनऊ पब्लिक स्कूल के टॉपर्स।


रिजल्ट के बाद सेल्फी लेतीं छात्राएं।

**अमृत विचारः** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने सोमवार की दोपहर 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। लखनऊ पब्लिक स्कूल के अरमान अली ने 97.4 प्रतिशत अंक लाकर 10वीं और 12वीं में विनायक कंछल ने 96.75 प्रतिशत अंक लॉकर जिला टॉप किया है। अरमान अली अपने माता पिता की तरह डॉक्टर और विनायक कंछल अपने पिता की तरह व्यापारी बनेगा।

लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने बताया कि विद्यालय के छात्रों ने बेहतर अंक लाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। दसवीं यानि आईसीएसई परीक्षा में अरमान अली ने 97.4 प्रतिशत अंक पाकर टॉप किया, जबकि 10वीं में 97.2 अंक पाकर सुहानी गर्ग दूसरे व 96.8 अंक पाकर हर्षित शुक्ला तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 12वीं यानि आईएससी में 96.75 फीसद अंक लाकर विनायक कंछल ने जिला टॉप किया तो दूसरे स्थान पर गुरुकुल एकेडमी पलिया के नैतिक मिश्रा को 96.50 प्रतिशत अंक मिले व यशी बंसल ने 96 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने बताया कि दसवीं के की पेपर में 157 और बारहवीं की परीक्षा में 104 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। सभी छात्र छात्राएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं। दोनों कक्षाओं के 48 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। महाप्रबंधक डॉ. एसपी सिंह ने मोबाइल से मेधावियों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर अभिभावकों सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

**10th**

97.4%

अरमान अली

97.2%

सुहानी गर्ग

96.8%

हर्षिल शुक्ला

96.4% रचित अग्रवाल गुरूकुल एकेडमी

96.2% दिव्यांशी वर्मा एलपीएस

95.8% उर्जिता गर्ग एलपीएस

96.6% प्रखर वर्मा एलपीएस

96% अमितेंद्र सिंह एलपीएस

95.6% अर्तिक वर्मा एलपीएस

**12th**

96.75%

विनायक कंछल

96.50%

नैतिक मिश्रा

96%

यशी बंसल

94.5%

श्रेया अग्रवाल

94.25%

अभिनव पटेल

94% भाविका अग्रवाल एलपीएस

93% अभिषेक शुक्ला एलपीएस

93.5% प्रगति सचदेवा एलपीएस

91% अभय कुमार वर्मा एलपीएस

### बिजनेस मैन बनेगा 12वीं का टॉपर विनायक

**12वीं के टॉपर से बातचीत**


माता - पिता के साथ विनायक

मेला मैदान की टीचर्स कॉलोनी निवासी विनायक कंछल ने 12वीं 96.75 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के साथ जिला टॉप किया है। उसका सपना बिजनेश मैन बनना है। विनायक ने बिजनेश मैन पिता संदीप कंछल के पग चिन्हों पर चलने का निर्णय लिया है, लेकिन उनसे हटकर कुछ अलग करने का। संदीप कंछल की राइस मिल है तो मां पद्मा अग्रवाल गृहणी हैं। विनायक को दसवीं में 97.8 फीसद अंक मिले थे।

### साफ्टवेयर इंजीनियर बनेगी यशी बंसल

मेला रोड निवासी यशी बंसल ने 96 फीसद अंक लाकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यशी का सपना साफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। यशी के पिता वेद बंसल का जनरल स्टोर है और मां अनुराधा बंसल गृहणी है। यशी ने बताया कि बड़ी बहन इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है। उसी से प्रेरित होकर इंजीनियर बनने का निर्णय लिया है। यशी ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और स्कूल स्टाफ को दिया है।

### सर्जन बनना चाहता है नैतिक


अपने माता-पिता के साथ छात्र।

**पलिया कलां।** गुरुकुल एकेडमी के छात्र नैतिक मिश्रा ने 12वीं की परीक्षा 96.50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। नैतिक ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता सुनीता मिश्रा व राजेश मिश्रा सहित शिक्षकों को दिया है। नैतिक का सपना सर्जन बनना है। इसके लिए उन्होंने नीट की परीक्षा दी है।

### गुरुकुल एकेडमी के छात्रों ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**पलिया कलां।** आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड के घोषित रिजल्ट में गुरुकुल एकेडमी के छात्रों ने विद्यालय का नाम तहसील में रोशन किया है। वहीं अन्य स्कूलों का रिजल्ट भी बेहतर रहा है। गुरुकुल एकेडमी के छात्र रचित अग्रवाल ने दसवीं में 96.60 प्रतिशत अंक लाकर पलिया तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं अनिकेत कुमार को 94, ईशान वैश्य को 93.80, गुरवीर सिंह को 93, अनिवार्य तोमर को 92.60 प्रतिशत अंक मिले हैं। इसी तरह 12 वीं में नैतिक मिश्रा को 96.50, कुशाग्र त्रिपाठी को 93.25, सानिया खान को 92.75 प्रतिशत अंक मिले हैं। उधर, दि इंडियन एकेडमी के एमडी उमेश गुप्ता ने बताया कि विद्यालय का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। दसवीं में छात्र अर्पित सिंह 87.8 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम रहे हैं। नवराज सिंह को 86.4, महाप्रतापी वीर विक्रमादित्य को 85.6 प्रतिशत अंक मिले हैं। 12वीं में वैष्णवी शर्मा को 88.25, वंशिका लोधी को 88 व निखिल मौर्य को 86.25 प्रतिशत अंक मिले हैं। सेंट एन स्कूल की छात्रा महक अग्रवाल को 93.5 और कोमल प्रीत कौर को 92.25, अमन वीर सिंह को 92 प्रतिशत अंक मिले हैं। 12वीं में हर्षदीप सिंह 95.6, निकिता सिंह 94.8, विराट बंसल 93.4 प्रतिशत अंक लाकर मेधावी रहे हैं। एडमांटन स्कूल पलिया की छात्रा आलिया खान 88, सरित गिल 83 अंक लाकर मेधावी बने।

### इंजीनियर बनेगी श्रेया

श्रेया अग्रवाल ने 12वीं की परीक्षा 94.5 प्रतिशत अंक लाकर उत्तीर्ण की है। श्रेया अग्रवाल जिला टॉपर की सूची में चौथे नंबर पर हैं। श्रेया के पिता अमित अग्रवाल का जूतों का शो रूम हैं तो वहीं मां राशि अग्रवाल गृहणी हैं। श्रेया की तमन्ना इंजीनियर बनने की है। अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और शिक्षकों को दिया है।

## बातचीत

### डॉक्टर बनेगा दसवीं का टॉपर अरमान


अरमान को मिठाई खिलाते माता-पिता।

दसवीं की परीक्षा 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर जिला टॉपर रहे अरमान अली भविष्य में डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करेगें। अरमान की माता डॉ. शुमायला अली एवं पिता डॉ. जर्रार अली चिकित्सक हैं। माता-पिता से प्रेरित होकर अरमान ने भी डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का निर्णय लिया है।

### सुहानी बनेगी इंजीनियर

बहादुर निवासी सुहानी गर्ग का सपना इंजीनियर बनना है। 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण सुहानी के पिता अतिन गर्ग सराफा कारोबारी और मां पारूल गर्ग गृहणी हैं। सुहानी ने बताया कि नियमित चार से पांच घंटे पढ़ाई कर मेधावी बनने का सपना पूरा हुआ है।

### आईएएस बनेगा प्रभारी निरीक्षक को बेटा हर्षिल


बेटे को मिठाई खिलातीं मां।

हर्षिल शुक्ला ने 10वीं की परीक्षा 96.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की है। हर्षिल के पिता चंद्र प्रकाश शुक्ला पुलिस में प्रभारी निरीक्षक हैं और मां सुमन शुक्ला गृहणी। वालीबॉल के शौकीन हर्षिल का सपना आईएएस बनकर देश व समाज की सेवा करना है। खास बात यह है कि हर्षिल ने कभी कोई ट्यूशन अथवा कोचिंग की मदद नहीं ली। वह कहते हैं कि घर पर ही चार से पांच घंटे तक रोजाना पढ़ाई करते थे। वहीं अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हैं।

### सीए बनेगा पलिया तहसील का टॉपर रचित


बेटे को मिठाई खिलाते माता-पिता।

**पलिया कलां।** गुरुकुल एकेडमी छात्र रचित अग्रवाल ने दसवीं में 96.60 प्रतिशत अंक लाकर जिले विद्यालय में पहला और जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है। रचित अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय पिता दिनेश अग्रवाल व माता नैना अग्रवाल सहित विद्यालय प्रबंधक मुकेश अग्रवाल व अपने सभी शिक्षकों को दिया है। रचित अग्रवाल भविष्य में सीए बनना चाहता है।

### विवेकानंद एकेडमीः 10वीं में सिमरनप्रीत व 12वीं में सृष्टि टॉपर


सिमरनप्रीत


गीतमनकौर


उत्कर्ष वंश


सृष्टि


अर्शप्रीत कौर


दिव्यांशु गोयल

**भीरा- खीरी :** विवेकानंद एकेडमी का दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रबंधक अमनदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य जयप्रीत कौर ने बताया दसवीं में सिमरनप्रीत सिंह ने 95.40 फीसद अंक लाकर विद्यालय टॉप किया है। जबकि 92.80 प्रतिशत अंक लाकर गीत मनकौर दूसरे और 91.20 फीसद अंक लाकर उत्कर्ष वंश तीसरे नंबर पर हैं। वहीं बारहवीं में 85.25 प्रतिशत अंक लाकर सृष्टि पहले और 83 प्रतिशत अंक लाकर अर्शदीप कौर दूसरे और 82.5 प्रतिशत अंक लाकर दिव्यांशु गोयल तीसरे स्थान पर हैं। प्रबंधक अमनदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य जयप्रीत कौर ने मेधावियों का उत्साह वर्धन कर मुंह मीठा कराया।

# ई-रिक्शा चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

▶▶ चोरी किए गए तीन रिक्शा व 10 बैटरी बरामद

संवाददाता, खीरी

**अमृत विचारः** थाना खीरी पुलिस ने चोरी किए गए तीन ई-रिक्शा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 बैटरी, एक तमंचा और कारतूस भी बरामद होने का दावा किया है।

सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि थाना नीमगांव के गांव अछनियां निवासी मालिकराम का ई-रिक्शा दो मई को कस्बा ओयल स्थिति राम जानकी मंदिर के निकट से चोरी हो गया था। पुलिस ने ई-रिक्शा मालिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। मुखबिर की सूचना पर ओयल के बेहजम तिराहे के पास से शकील निवासी मोहल्ला अवधी टोला कस्बा खीरी व अमन अंसारी निवासी मोहल्ला हिदायत नगर कोतवाली सदर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 10 बैटरी व एक तमंचा भी बरामद हुआ है। इसके अलावा आरोपियों की निशानदेही पर तीन ई-रिक्शा भी बरामद किए हैं।, जिनमें दो मई को चोरी किया गया ई-रिक्शा भी शामिल है। सीओ सिटी ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया है।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**मझगईं, अमृत विचार :** थाना मझगईं पुलिस और सर्विलांस सेल की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सलीमाबाद चौराहा के पास से चोरी की दो बाइकों को बरामद कर कोतवाली सदर के कस्बा महेवागंज निवासी मोहन निषाद और हंसराम निषाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तमंचा व तीन कारतूस भी बरामद होने का दावा किया है। मोहन निषाद के खिलाफ कोतवाली सदर, मझगई और थाना फूलबेहड़ पर पहले से नौ मामले दर्ज हैं।

### 10वें दिन बरामद हुआ ई-रिक्शा तो सदर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** अपराधों पर अंकुश लगाने में फेल साबित हो रही लखीमपुर पुलिस अब घटनाओं को छुपाने के लिए नया पैंतरा शुरू किया है। अफसरों की डांट से बचने के लिए वह माल बरामद होने पर ही रिपोर्ट दर्ज कर वाहवाही लूट रही है। थाना खीरी के बाद ऐसा ही कारनामा अब सदर कोतवाली पुलिस ने कर दिखाया है। दरअसल कोतवाली सदर के गांव सिसौना निवासी अय्यूब अहमद का ई-रिक्शा 26 अप्रैल 24 को सुबह दस बजे मेला मैदान से पहले निघासन रोड से चोरी हो गया था। उसने घटना के दिन ही शाम को सदर कोतवाली पुलिस को ई-रिक्शा चोरी की तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस पूरे मामले को दबाए रही और यहां तक अपने अफसरों को भी इसकी भनक नहीं लगने दी। रविवार को थाना खीरी पुलिस ने जब इस ई-रिक्शे को बरामद कर लिया तो पुलिस ने रविवार को ही दोपहर 02:49 बजे रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## तालाब में डूबकर आठ साल के बच्चे की मौत

**संवाददाता, मितौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मझगवां में तालाब किनारे शौच करते समय पैर फिसलने से आठ साल का बच्चा तालाब में गिर गया, जिससे उसकी डूकर मौत हो गई। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। परिवार वालों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी है। गांव सेमरावा के मजरा मझगवां निवासी बचान का पुत्र रोहित (8) घर से तालाब की तरफ शौच करने गया था। बताते हैं कि शौच करते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे तालाब में जाकर डूब गया। उसे डूबते देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोग जब तक उसको बाहर निकालते। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। मृतक की मां का रो-रोकर हाल बेहाल है।

# करंट की चपेट मे आने से किशोर की मौत

▶▶ पिता के साथ खेत पर काम कर रहा था आकाश

संवाददाता, बिलहरी


घटनास्थल पर रोती बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नीमगांव थाना क्षेत्र के रायपुर घुंसी गांव में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से खेत में पिता मेवालाल के साथ काम कर रहे आकाश (12) की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव रायपुर में सिकंद्राबाद पावर हाउस से निकली 11 हजार की लाइन का तार सोमवार को अचानक टूटकर पेड़ पर गिर गया। पेड़ के नीचे पिता के साथ खेत पर काम कर रहा आकाश तार में चिपक गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही तमाम ग्रामीण और रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीण बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने लगे, लेकिन बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सलीम अंसारी की सूचना पर पहुंचे सिकंदराबाद चौकी इंचार्ज आशीष सेहरावत ने आक्रोशित परिवार वालों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोर की मौत पर उसके परिजनों का रो रोकर हाल हाल है।

# मतदान बढ़ाने के लिए चला हस्ताक्षर अभियान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


सीजीएन पीजी कालेज में हस्ताक्षर अभियान चलवाते शिक्षक।

**अमृत विचारः** सीजीएन पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया।

महाविद्यालय में हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए स्वयं मतदान करने, दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया। प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने कहा कि किसी लोभ, क्षेत्र, धर्म, जाति, सम्प्रदाय अर्थ, छलावे के वशीभूत होकर मतदान नहीं करना चाहिए। लोकलुभावन नारों के बजाय, धरातल पर उतरने वाली बातों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। आपका मत राष्ट्र निर्माण में बहुत ही अहम है। उन्होंने विद्यार्थियों से शत प्रतिशत मतदान करने के लिए हस्ताक्षर भी करवाए। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रमोद कुमार, डॉ.योगेश कनौजिया, सुनील गुप्ता, अनिल कुमार, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. गौरव अवस्थी, डॉ. पियूष कुमार शुक्ला, डॉ.मंजू शुक्ला, डॉ. ब्रज गोविन्द, विवेक कुमार सिंह, राजीव कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, विपिन कुमार, श्रवण कुमार, प्रशांत गिरि आदि मौजूद रहे।

## सात को डिप्टी सीएम और नौ को आएंगे मुख्यमंत्री

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए सात मई को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सिसैया चौराहा और नौ मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोला गोकर्णनाथ आएंगे। गोला संवाददाता के अनुसार भाजपा पदाधिकारी और अधिकारी पहले से तैयारी में जुटे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजेन्द्र गिरि स्टेडियम में जनसभा कर सकते हैं। जिसके लिए प्रशासन ने स्टेडियम का मौका मुआयना किया है। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान हेलीपैड के पास कूड़े की सफाई और पानी के छिडकाव के लिए नगर पालिका प्रशासन को दिशा निर्देश भी दिए। इसके साथ जनसभा में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था को लेकर स्थान चयन किया जा रहा है।

# स्नेह निमंत्रणः 13 मई को भूल न जाना, वोट डालने आने को

▶▶ डीएम की ओर से घर-घर पहुंचेगा आमंत्रण-पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


कैंप ऑफिस में आमंत्रण पत्र के बंडल के साथ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और इलेक्शन आईकॉन शिक्षक एसपी सिंह।

**अमृत विचारः** जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे मतदाता जागरूकता अभियान परवान चढ़ने लगा है। लोकसभा चुनाव के लिए खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए 13 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल के तहत घर-घर मतदाता आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है।

सोमवार को डीएम ने इलेक्शन आईकॉन शिक्षक एसपी सिंह को बड़ी संख्या में मतदान दिवस पर मतदाताओ को आमंत्रित किए जाने वाले आमंत्रण पत्र सौपे। इस दौरान डीएम ने एसपी सिंह द्वारा तैयार "मतदाता जागरूकता पोस्टर" की न केवल लाइन लांचिंग की, बल्कि इसे अपने दफ्तर की दीवारों पर स्थान दिया। डीएम से प्राप्त आमंत्रण पत्र को एसपी सिंह ने मतदाताओं को प्रदान कर उनसे मताधिकार का प्रयोग किए जाने की अपील की। डीएम ने जनपद वासियों से लोकतंत्र के महापर्व 13 मई को अपने अपने बूथों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस पर्व पर जनपद वासियों व युवा मतदाताओं का बढ़-चढ़कर अपनी मताधिकार का प्रयोग करें।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कोटेदार बाटेंगे निमंत्रण

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह से अबतक निमंत्रण पत्र वितरण की प्रगति जानी। उन्होंने कोटेदारों के जरिए गांव के गली-मोहल्लों में एक-एक घर तक निमंत्रण कार्ड भिजवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निमंत्रण वितरण का पर्यवेक्षण क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों से कराने को कहा।

### इस रणनीति से घर-घर पहुंचेगा आमंत्रण पत्र

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के माध्यम से आमंत्रण पत्र उनके घरों को भिजवाए जा रहे है, जबकि शासकीय चिकित्सालयों में आने वाले मरीज़ों को ओपीडी के पर्चे के साथ आमंत्रण पत्र का वितरण भी किया जायेगा। इसी प्रकार नगर निकायों द्वारा सेवित क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले घरों में तथा बैंकों द्वारा अपने काउंटर्स के माध्यम से मतदाता आमंत्रण पत्र का वितरण किया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता अभियान और हीटवेव के बचाव कार्यक्रम आयोजित



हीटवेव लू से बचाव का संदेश देते बच्चे और शिक्षिका।

**संवाददाता, पसगवां, अमृत विचार :** क्षेत्र के विभिन्न बेसिक विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान और हीटवेव लू से बचाव संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा जीवन कौशल मीना मंच के तहत प्रगति के पंख नमक गतिविधि पुस्तिका को लेकर कार्यक्रम भी हुए। संविलियन विद्यालय मोहिउद्दीनपुर, काशीपुर, कोटरा, मोहम्मदपुर ताजपुर, सदरपुर, सोनौआ, उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या पसगवां में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बच्चों ने मतदाता जागरूकता स्लोगन की पट्टियां लेकर रैली निकाली। साथ ही बच्चों को हीटवेव लू से बचने के विभिन्न उपाय बताए गए। इसकी विस्तृत जानकारी टीएलएम के माध्यम से दी गई। मोहिउद्दीनपुर की सपना सिंह ने सेल्फी पॉइंट एवम टीएलएम का निर्माण किया। काशीपुर में अर्चना सैनी, मोहम्मदपुर ताजपुर में अर्चना शर्मा और खदीजा मोईन, कोटरा में पूर्ति अग्रवाल, सदरपुर में सिमी गुप्ता, सोनौआ में आरती गुप्ता और कन्या पसगवां में विवेक शर्मा ने कार्यक्रम आयोजित किए। सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली गई। शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया। सभी कार्यक्रमों का संयोजन शिक्षक सत्येंद्र बहादुर ने किया।

## सार-संक्षेप

### वृद्ध महिला ने गोमती नदी में लगाई छलांग, मौत

**मोहम्मदी , अमृत विचार :** गोमती नदी के अमरी घाट से क वृद्ध महिला ने नदी में छलांग लगा दी। इससे हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोग नदी में कूद पड़े और कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। लोग महिला को एंबुलेंस 108 से अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव भोगियापुर निवासी जयदेवी सिंह (75) पत्नी शिव सिंह मोहम्मदी आने की जिद करके घर से निकली थी। वह अमरी घाट पर पहुंच गईं और गोमती नदी में छलांग दी। यह देख घाट पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और महिला को बचाने के लिए नदी में कूद पड़े। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर महिला को बाहर निकाला और उसे मौके पर पहुंची एंबुलेंस 108 से सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक वृद्धा के पति की वर्ष 2000 में मौत हो चुकी है। आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गैंगस्टर का वांछित गिरफ्तार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली के एसआई अरविन्द कुमार मौर्य ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम भुडवारा निवासी अब्दुल गनी उर्फ झानी पुत्र हबीब पर धोखाधड़ी, गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप के कई मुकदमे दर्ज थे। जिसमें वह वांछित चल रहा था। पुलिस ने रविवार की शाम अलीगंज रोड स्थित भुडवारा मोड से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

### मारपीट में पांच महिलाएं घायल

**पसगवां, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अजबापुर में पुरानी रंजिश को दो पक्षों में हुई मारपीट में पांच महिलाएं चोटिल हो गईं। रविवार को ग्राम अजबापुर में इसरद और अकबर पक्ष की महिलाओं में मारपीट हो गई। इसरद पक्ष की मुस्कान, मुस्कान की मां जुबैन और बहन अफसाना, अकबर पक्ष की साहिरा और पुत्री मुस्कान चोटिल हो गईं। पुलिस ने रुकसाना की तहरीर पर साहिरा, मुस्कान, रूकसाना व नौशाद और साहिरा की तहरीर पर अफसाना व रुकसाना के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### थारू क्षेत्र में पहले मतदान फिर जलपान का दिया संदेश


मतदान के लिए जागरूक करते इलेक्शन आइकॉन एसपी सिंह।

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार।** नेपाल सीमावर्ती कई थारू ग्रामों का इलेक्शन आइकॉन एसपी सिंह ने दौरा किया। 13 मई को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पहले मतदान करें उसके बाद आकर जलपान करें। वह सोमवार को थारू ग्राम वनकटी, सरियापारा, छिदिया, सूंड़ा, भूड़ा, ढकिया, सेंड़ाबेड़ा, जयनगरा, ध्यानपुर, सुरमा आदि गांवे के से पहुंचे। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की बात समझाई। जागरूकता संबंधी स्टीकर भी बांटे। इस दौरान शिक्षक आशीष पटेल ने भी इलेक्शन आइकॉन का पूरा साथ देते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

### सिल्वर सिटी में शिविर लगाकर कराया गया योगाभ्यास


योगाभ्यास कराती योग सहायिका राजदीपिका तिवारी।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोटवारा रोड स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी में योग शिविर का आयोजित हुआ। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय और योग वेलनेस सेंटर की योग सहायिका राजदीपिका तिवारी ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया। शिविर में विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए विभिन्न संधि शक्ति विकासक, बुद्धि विकास, तनाव प्रबंधन में लाभदायक, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, मुद्राओं सहित ध्यान का अभ्यास कराया गया और इनसे शारीरिक व मानसिक स्तर पर होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। विद्यालय प्रबंधक हरमोहन सिंह खुराना, प्रधानाचार्य सर्वजीत वर्मा, शिक्षक अशोक शर्मा, अश्वनी मिश्रा, निखिल तिवारी, मिथलेश शुक्ला, अभिषेक गुप्ता, नूर, सिमरन कौर सहित तमाम अध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# ‘2014 से पहले इलाज के अभाव में गरीब दम तोड़ता था’

## जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने गिनाईं विकास की योजनाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार को भगवंतनगर में हुई विशाल जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में विकास की गंगा बहने का दावा करने के साथ प्रदेश व देश भर में चल रही योजनाएं गिनाकर लोगों लोगों से भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। साथ ही कश्मीर में 370 हटाने से लेकर मुफ्त राशन के अलावा राम मंदिर निर्माण की भी याद दिला गये।

सभा में सीएम ने कहा कि जिले, प्रदेश व देश भर के साथ कश्मीर का लगातार विकास हो रहा और वहां के अलावा देश भर से आतंकवाद समाप्त हो चुका है। कहा कि सपा-कांग्रेस का इतिहास ही राम का विरोध करना रहा है। वर्ष-2014 से पहले गरीब भूख से मरता था, इलाज के अभाव में दम तोड़ता था। आज सबके पास अन्न पहुंच रहा है और मुफ्त में इलाज हो रहा है। सीएम ने आमजन से अपील की कि किसी के बहकावे में न आएं।



मुख्यमंत्री योगी ने प्रत्याशी साक्षी महाराज के लिए सभा में मांगे वोट।

### एक-दूसरे के साथ दिखाई दिये

मंच पर मौजूद नेताओं में एकजुटता साबित करने की होड़ रही। सामान्यतः कटे-कटे रहने वाले जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी एक-दूसरे के साथ दिखाई दिये। उनके समर्थक भी काफी संख्या में आए। सीएम का सभा स्थल भले उन्नाव की सीमा में था लेकिन, कस्बे से मात्र दो किमी दूर से रायबरेली जिले की सीमा शुरू होती है। रायबरेली के सरेनी ब्लाक क्षेत्र से आकर बड़ी संख्या में लोग सभा में आते दिखाई दिये।

13 मई को पहले मतदान, फिर जलपान करें। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, मंत्री दयाशंकर सिंह, जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, विधायक आशुतोष शुक्ला, बम्बालाल दिवाकर, बृजेश रावत, अनिल सिंह, पंकज गुप्ता, श्रीकांत कटियार, अरुण सिंह, पूर्व एमएलसी गुड्डू त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला, चैयरमैन आशीष शुक्ला आदि रहे।


जनसभा में मौजूद जनसमूह। अमृत विचार

### चर्चा में रहा उल्टा फहराता झंडा

पांडाल पर कुछ लोगों की चूक से भाजपा का उल्टा झंडा लगा दिया गया। वहां पहुंचे नेता व कार्यकर्ता मंच पर पहुंचकर अपने लिए स्थान सुनिश्चित करने की जल्दबाजी में रहे। किसी ने पांडाल पर फहरा रहा उल्टा झंडा व कमल निशान नहीं दिखा। हालांकि, सोशल मीडिया में इस उल्टे झंडे की फोटो जमकर वायरल हुई।

### प्रधान जी कहिन रहे कि चले जाव

भगवंतनगर पहुंचने के बाद भी तमाम लोग बाहर घूमते रहे। उनका कहना था कि प्रधान के दबाव में इस भीषण गर्मी में यहां आना पड़ा। यह समय खेत से उपज घर पहुंचाने का होता है, लेकिन योजनाओं का लाभ दिलाने में प्रधान की अहम भूमिका होती है। इसलिए उनका कहना टालना उचित नहीं था।

### जेब से 100 रुपए खर्च हो गए

मुख्यमंत्री का संबोधन सुनने वाले अधिकांश लोग भले ही मिठाई के डिब्बों में पैक पूड़ी-सब्जी खाकर पेट भरते दिखाई दिए। जबकि कुछ लोग नेताओं पर रैली में लाकर परेशान करने पर खीझ निकालते रहे। उनका कहना था कि यहां आने में उनकी जेब से 50-100 रुपए खर्च हो गए और खाना तक नहीं मिला।

# जहरीले कीड़े के काटने से युवक की गई जान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- परिजन अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक में पड़ गए

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत टड़वा गांव निवासी एक युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से डाक्टर ने उसे रेफर कर दिया। लेकिन, परिजन झाड़ फूंक के चक्कर फंस गए। इसके चलते दोपहर बाद उसकी मौत हो गई। खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

भठियापुर गांव निवासी नरेश (25) टड़वा गांव अपने नाना विश्राम के घर आया था। सोमवार सुबह व स्लेप का जाल बांधने के लिए सरिया उठा रहा था। तभी किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सीएचसी लाये। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाने के बजाय परिजन झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ गए। इसके चलते कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की खबर से घर व ननिहाल में कोहराम मच गया।

### सड़क पर पड़ा मिला युवक का शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत संडीला बस स्टैंड के पास बीते रविवार देरशाम एक 45 वर्षीय युवक को पड़ा देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और एंबुलेंस से उसे अस्पताल भेजा। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके मोबाइल में आई एक काल के नंबर पर बात करने पर उसके मित्र ने उसका नाम जब्बार (45) पुत्र गफूरे निवासी कुड़री थाना कासिमपुर जिला हरदोई बताया। साथ ही सूचना परिजनों को भी देने की बात कही। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया था। सोमवार को परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। युवक मध्य प्रदेश में प्राइवेट नौकरी करता था। वहीं से लौटकर घर जा रहा था। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें हृदयगति रुकने से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई।

# साहब ! दबंग कर रहा तालाब पर कब्जा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में हरदोई मार्ग स्थित चंद्रलोक शीतालय के सामने बने सरकारी तालाब में दबंग पड़ोसी काश्तकार मिट्टी भरान कर कब्जा करने की नीयत से नींव खुदवा रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

संबंधित राजस्व ग्राम मुर्तजापुर निवासी राघवेंद्र, ज्ञानेंद्र कुमार, प्रबोध व राजन ने एसडीएम नम्रता सिंह को दिये शिकायतीपत्र में कहा कि उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित कोल्ड स्टोरेज के सामने खसरा नंबर-319 राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है।

तालाब के पीछे एक काश्तकार का भूमिधरी खेत है। इस खेत के मालिक की नीयत अरसे से इस मार्ग स्थित बेशकीमती सरकारी तालाब पर कब्जा कर उसे करोड़ों में बेचने की है।

ग्रामीणों के अनुसार दबंग द्वारा एक पखवाड़ा पूर्व तालाब में मिट्टी भरान कराया जा रहा था। तब शिकायत करने पर एसडीएम ने इस पर रोक लगा दी थी। सोमवार को वह तालाब के चारों ओर नींव खुदवा रहा था और निर्माण कराने के लिए ईंट व मौरंग आदि भी जमा करवा दी थी। ग्रामीणों ने सोमवार को दोबारा एसडीएम को शिकायती पत्र देकर तालाब पर अवैध निर्माण रोकने व कब्जेदार पर कार्रवाई की मांग की है।


कब्जा करने के बाद निर्माण के लिए मंगवाई गई ईंट व अन्य सामग्री। अमृत विचार

# करंट की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के जाजामऊ गैर एहतमाली गांव के मजरा पूरन पुरवा निवासी सुशील का नौ वर्षीय बेटा अंशुमन पड़ोसी गांव गुरुदीन खेड़ा गांव स्थित एक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। सोमवार को विद्यालय से घर लौटकर आया और हवा खाने के लिए टेबल फैन को अपनी ओर घुमाने लगा। तभी वह कटे तार की चपेट में आकर झुलस गया। नजर पड़ने पर मेन लाइन बंद कर परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन उसकी मौत हो गई। वह चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# पूर्व छात्रों का अनुभव बढ़ाता है हौसला

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** डीएसएन पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग ने पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित कर पिछली पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए नए विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता से महाविद्यालय को गौरवांवित करने की सलाह दी। विभागाध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम के जरिए निश्चित तौर पर नए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ेगा, जिससे अधिक सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

विभागाध्यक्ष ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सताक्षी पांडेय ने प्रथम, श्रद्धा यादव व सविता ने द्वितीय, लवीना ने तृतीय स्थान व रामांश ने चतुर्थ स्थान प्राप्त करने में कामयाबी प्राप्त की है। प्राचार्य प्रो. कुलदीप गुप्ता ने प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से पूर्व छात्रों का अनुभव नए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाता रहेगा। पूर्व छात्र मोहित सिंह, सौरभ शुक्ला, रवि कुमार, अंकित गौर, शालू, प्रियांशी ओमर व शमीम सिद्दीकी आदि ने शिक्षण स्टाफ से प्राप्त होने वाले मार्ग दर्शन को उपयोगी बताया। कहा कि समय-समय पर नोट्स आदि तैयार करने में सहयोग मिलना सबसे अच्छा अनुभव है। साथ ही प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की सकारात्मकता बढ़ाती हैं।

विभागाध्यक्ष अनिल साहू ने पूर्व छात्र सम्मेलन की उपयोगिता बताते हुए कहा कि नए व पुराने छात्रों में संवाद का सिलसिला शुरू कराने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इससे नए छात्र संकोच छोड़कर शिक्षण स्टाफ से पठन-पाठन संबंधी सहयोग प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान प्रो. पवन श्रीवास्तव, डा. राजेश श्रीवास्तव, प्रो. सतीश सिंह, प्रो. विनय यादव, डा. अंजना शुक्ला, डा. शैली गुप्ता, डा. हरिशंकर यादव, डा. आकांक्षा श्रीवास्तव, डा. तूलिका रानी, डा. राकेश चौरसिया, डा. अनुज निर्मल और अनुराग सिंह व राम कुमार आदि मौजूद रहे।


प्रमाणपत्र के साथ छात्र-छात्राएं व स्टाफ। अमृत विचार

- पूर्व छात्र सम्मेलन में सम्मानित किए गए प्रतियोगिता के विजेता

# कार सवार दबंगों ने टोल कर्मियों को पीटा

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- फास्टटैग न होने पर कर्मियों ने कैश में मांगा था टैक्स
- टोल प्रशासन की ओर से कोतवाली में दी गई तहरीर

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित टोल प्लाजा पर जबरन गाड़ी निकालने पर रोक रहे टोल कर्मियों को वाहन सवारों ने लाठी-डंडों से पीट दिया। जिसमें सात कर्मचारी घायल हो गये। घटना के बाद हमलावर फरार हो गये। घायल कर्मियों को सीचसी में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर टोल प्रशासन ने कोतवाली में दी है।

टोल प्लाजा पर सुबह करीब सात बजे लखनऊ से चार गाड़ियों में सवार लोग टोल पर पहुंचे। उनकी किसी भी गाड़ी में फास्टटैग नहीं लगा था। इस पर टोल कर्मी ने कैश देने को कहा। वे लोग पैसे न देने की बात कह जबरन वाहन निकलने लगे। इस पर टोल कर्मियों ने जब उन्हे रोका तो गाड़ियों से एक दर्जन से अधिक लोग बाहर आए



और वाहनों में रखे डंडे निकालकर कर्मियों को पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान सचिन यादव, राघवेंद्र शर्मा, श्रीकांत शुक्ला, सुखराज, धर्मेन्द्र कुमार, शैलेंद्र सिंह व जसवंत सिंह घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी भेजा गया। घटना के बाद हमलावर फरार हो गये। कोतवाली निरीक्षक अवनीश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 30 मतदान कार्मिकों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पूरनदासनगर स्थित एसवीएमआईसी में कुशलता पूर्वक लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संपन कराने को मतदान कार्मिकों का दो पालियों में द्वितीय प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण में अनुपस्थित 30 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए गए।

अलग-अलग पालियों में 394 पोलिंग पार्टियों में शामिल 1576 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। सभी को पहले सभागार में बैठाकर निर्वाचन प्रक्रिया व ईवीएम संचालन का प्रशिक्षण सहायक प्रभारी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अभियंता जय सिंह व जिला प्रशिक्षण अधिकारी रामबहल ने एलईडी के माध्यम से प्रशिक्षित किया। इसके बाद समूह बनाकर 30 विभिन्न कक्षों में तैनात तीन-तीन मास्टर ट्रेनर्स ने ईवीएम का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। साथ ही कार्मिकों की शंकाओं का समाधान भी किया। इसके अलावा सभी के मोबाइल पर एमपीएस ऐप भी डाउन लोड कराया गया, जिससे प्रत्येक दो घंटे बाद मतदान के आंकड़े सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से आयोग को भेजे जा सकें। बताया गया कि कोई ईवीएम ख़राब होने पर सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से बदली जा सकेगी, लेकिन मतदान के समय बदली जाने वाली ईवीएम पीठासीन सुरक्षित रखते हुए स्ट्रांग रूम में जमा करेंगे। डीडीओ संजय कुमार पांडेय ने कार्मिकों को भरोसा दिलाया कि पोलिंग बूथ पर पेयजल, प्रकाश, छाया, फर्नीचर व शौचालय आदि सुविधाओं की समुचित व्यवस्था रहेगी। प्रशिक्षण में 30 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे, जिनके वेतन में कटौती करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में बीएसए संगीता सिंह, एसओसी सुरेश सागर आदि मौजूद रहे।


एलईडी के माध्यम से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

# मतदान के लिए 13 मई को अवकाश

**उन्नाव।** जिले में मतदान दिवस 13 मई को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसलिए सभी प्रतिष्ठानों व इकाइयों में कार्यरत लोगों को मताधिकार करने के लिए अवकाश रखना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि जिले में चौथ चरण में 13 मई को हो रहे लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक होना है। यह अवकाश 14 निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंट एक्ट (1881 का एक्ट संख्या-26) के अंतर्गत आता है। डीईओ के मुताबिक उन्नाव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में शामिल बांगरमऊ, सफीपुर (सुरक्षित), मोहन (सुरक्षित), उन्नाव सदर, भगवंतनगर व 167-पुरवा विधानसभा क्षेत्र सीमा अंतर्गत संचालित कारखानों सहित सभी प्रतिष्ठानों में 13 मई को अवकाश घोषित कर कर्मचारियों व श्रमिकों को मताधिकार का प्रयोग करने की सहूलियत दी जाएगी।

# पेट्रोल पंप के पीछे पड़ा मिला महिला का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को मोर्चुरी में रखवाया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर मोहल्ला स्थित पेट्रोल पंप के पीछे एक महिला का शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। क्षेत्रीय लोग उसकी पहचान नहीं कर सके। इस पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

उन्नाव-शुक्लागंज मार्ग स्थित अकरमपुर में एक पेट्रोल पंप के पीछे सोमवार सुबह झाड़ियों के पास करीब 35 वर्षीय महिला का शव पड़ा देख खेत गए किसानों में सनसनी फैल गई। जानकारी पर आसपास के लोगों की भीड़ पहुंच गई। सूचना पर मगरवारा चौकी इंचार्ज इंद्रदेव उपाध्याय पहुंचे और जांच की। महिला लाल सलवार सूट पहने थी। उसके शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं मिले। पास में एक पालीथिन में दो तीन बर्तन व कुछ कपड़े मिले पड़े मिले। मौजूद भीड़ में कोई भी उसे पहचान नहीं सका। इस पर कागजी कार्रवाई के बाद शव मोर्चरी में रखवाया गया। उसकी पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा भी लिया है। साथ ही आसपास के थानाक्षेत्रों में भी इसकी सूचना दी गई है। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा गया है।

**युवक ने खाया जहर, हालत गंभीर : बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव शादीपुर निवासी अमन पुत्र मो. अली ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उसे सरकारी अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**लोकसभा चुनाव-2024** ‘लोकतंत्र की सुनो पुकार, मत खोना अपना अधिकार’ नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया

# एनसीसी कैडेट्स ने रैली में दिया वोट डालने का संदेश



रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर स्थित श्यामलाल इंटर कॉलेज में विद्यालय के एनसीसी कैडेट, छात्रों व अध्यापकों ने डीआईओएस सूर्य प्रकाश सिंह के निर्देश पर एनसीसी प्रभारी संतोष तिवारी की देखरेख में मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

रैली को श्यामलाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. अनूप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें छात्रों ने ‘सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो’ और ‘लोकतंत्र की सुनो पुकार, मत खोना अपना अधिकार’ आदि नारे लगाकर लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को माता-पिता समेत गांव के नागरिकों को भी मतदान कराने के लिए प्रेरित करने को कहा। रैली श्यामलाल इंटर कॉलेज से आर्यावर्त बैंक, कुसुंभी तिराहा, इंडियन बैंक, पुराना बस स्टाप से होकर निकली। इसमें एनसीसी कैडेट आजाद, विशाल, नितिन, योगेश, शरद, हर्षित, अमन दीक्षित, यश साहू, मयंक, कमलकांत विमल, मोहित, सचिन, अनमोल पांडे, मोहित, सचिन वर्मा, अभिषेक भारती आदि रहे। शिक्षकों में धर्मेश प्रताप सिंह, शमीम, आलोक, अमित दीक्षित, ब्रजेश, कुलदीप, ज्ञानेंद्र सिंह, रामनरेश, नागेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### शरबत पिलाकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील

**सफीपुर उन्नाव।** भारत विकास परिषद ब्रह्मावर्त प्रांत मोटेश्वर शाखा सफीपुर ने सोमवार को नगर में स्टेट बैंक शाखा परिसर के पास कैंप लगाकर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। इसमें तेज धूप में लोगों को शरबत वितरण भी किया गया। इस दौरान लोगों से आगामी 13 मई को अपने पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील भी की गई। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने दीप प्रज्वलित कर मां भारती व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान शिक्षक दिवाकर द्विवेदी, संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, संजीव गुप्ता, वीरेंद्र अग्निहोत्री दुल्लर, हरिपाल सिंह, महिला शाखा अध्यक्ष कंचन गुप्ता, सौरभ तिवारी, राकेश गुप्ता (मुन्ना भइया), विनीत गुप्ता, दीपक ओमर, श्यामजी मिश्रा, गणेश शंकर सिंह, अमर नाथ पांडेय, प्रेम नारायण तिवारी, सतीश गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



लोगों से मतदान करने की अपील करते लोग। अमृत विचार

# प्रेक्षक ने निर्वाचन कंट्रोल रूम का लिया जायजा, कई निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कहा- आने वाली शिकायतों का किया जाए त्वरित निस्तारण

**अमृत विचार।** सकुशल निष्पक्ष व पारदर्शी लोकसभा सामान्य निर्वाचन संपन कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक बाबू ए ने जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी की मौजूदगी में कलक्ट्रेट परिसर में संचालित निर्वाचन कंट्रोलरूम का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की विस्तार से जानकारी।

प्रेक्षक ने सी-विजिल पोर्टल सहित डीसीसी मतदाता हेल्पलाइन-1950 और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा। कहा कि सभी प्रकरणों का त्वरित निपटरा किया जाए। एफएसटी व एसएसटी द्वारा की जा रही कार्यवाही व रिकार्ड रजिस्टर की जानकारी भी ली। प्रभारी कंट्रोलरूम सहित अन्य कार्मिको को फील्ड में तैनात टीमों के निरंतर सम्पर्क में रहने के निर्देश दिए, जिससे शिकायतों व समस्याओं का निस्तारण अधिक शीघ्रता से हो सकेगा। प्रेक्षक ने एसएसटी टीमों की लाइव लोकेशन को देखी और उन्हें सभी प्रकार के संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि चुनावी फील्ड स्टाफ द्वारा कर्तव्य पालन में शिथिलता व लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पुलिस प्रेक्षक डा. डीके चौधरी, व्यय प्रेक्षक कलाकांत सिंह, व्यय प्रेक्षक कृष्णा राव सिगिलीपेल्ली, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम नरेंद्र सिंह, कंट्रोलरूम प्रभारी क्षमानाथ राय व ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर बृजेश सिंह आदि मौजूद रहे।


कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित करते प्रेक्षक।

# सड़क हादसों में दो की मौत, तीन घायल

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जगदीशपुर में ऑटो पलटा, अजगैन के रामबाग के पास घायल पड़ा मिला युवक

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से आटो पलट गया। इसमें सवार युवक की मौत हो गई। वहीं, उसकी मां व दंपती घायल हो गए। वहीं इसी क्षेत्र में रविवार देररात वाहन की टक्कर से घायल युवक को सीएचसी लाया गया। जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। अजगैन पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किए।

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जगदीशपुर गांव के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से आटो पलट गया। इसमें सुशील रावत (34) पुत्र गंगा प्रसाद निवासी गांव मिर्जापुर सुम्हारी कोतवाली पुरवा की मौत हो गई। वहीं हादसे में उसकी मां सहित शाकिर (50) पुत्र फकीर, उसकी पत्नी अनीशा (42) निवासी बेथर थाना अचलगंज गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां से दंपती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सुशील खेती करता था। वह मां कुंता के साथ आसीवन थानाक्षेत्र के पमेधिया गांव निवासी बहन नीलम पत्नी बबलू की बीमार सास को देखने जा रहा था। उसकी मौत की खबर से पत्नी सीमा बदहवास हो गई। अब उसके सामने दो बेटों अंश व हर्ष की परवरिश की समस्या खड़ी हो गई है। दिवंगत दो बहनों सुशीला व नीलम के बीच अकेला भाई था। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद सुशील के परिजन। अमृत विचार


सुशील।


रामनरेश।

पुरवा कोतवाली अंतर्गत तौरा गांव निवासी राम नरेश (40) मजदूरी करता था। रविवार को वह अपनी बहन मुन्नी देवी पत्नी चंद्रशेखर के घर भांजे विपिन के जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गया था। जहां से देररात 12 बजे बाइक से लौट रहा था। तभी अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रामबाग व सिरसा गांव के पास उसे सड़क लहूलुहान पड़ा देख पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां सिर में आई गंभीर चोटों के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन, वहां पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस युवक की मौत सड़क हादसे में होना मान रही है। पति की मौत से पत्नी सुमन सहित बेटे नागेंद्र व पवन सहित बेटी सिमरन व महक रो-रोकर बेहाल हैं।

### रोडवेज बस ने हाईवे पर दो कारों में मारी टक्कर, दो घायल

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी के पास कल्लूपुरवा गांव के सामने सोमवार शाम एक रोडवेज बस चालक को झपकी आ गई। जिससे विपरीत दिशा से आ रही दो कारों में टक्कर मार दी। एक कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें बैठे दो लोगों को चोटें आई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और चालक को हिरासत में लिया है। रोडवेज बस चालक सूरज शाम करीब साढ़े पांच बजे कानपुर से यात्रियों को लेकर लखनऊ की ओर जा रहा था, जैसे ही वह जाजमऊ पुल पार करके आगे बढ़ा, तभी उसे झपकी आ गई और विपरीत दिशा से आ रही एक कार को टक्कर मार दी। कार चालक ने किसी तरह कार को किनारे कर लिया। जिससे वह बाल-बाल बच गया। वहीं दूसरी कार कानपुर निवासी पवन यादव अपने साथी मुन्ना की कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और घूम कर दूसरी तरफ खड़ी हो गई। दुर्घटना में पवन और मुन्ना को चोटें आई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और घायलों को बाहर निकाला। इस दौरान रोडवेज बस चालक को रोक लिया। दुर्घटना की सूचना चौकी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस और उसके चालक को हिरासत में लिया है।


हाईवे दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त खड़ी कार।

# पारा हुआ हाई, तपिश से लोग बेहाल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- सिर ढक कर गन्तव्य की ओर रवाना हो रहे लोग
- दोपहर होते ही सड़कों पर पसर जाता है सन्नाटा

**अमृत विचार।** गर्मी का पारा सोमवार को इतना बढ़ कि लोग घरों में दुबके रहे। दोपहर होते ही सड़कों पर लोगों की चहल-कदमी कम हो गई। गर्म हवाओं से बचने के लिए लोग सिर को पूरी तरह ढक कर गन्तव्य की ओर रवाना हो रहें हैं। वहीं बिजली नदारद होने से लोगों को काफी दिक्कतें हुई। गर्मी से पशु-पक्षी भी बेहाल हैं।

गर्मी का पारा एक बार फिर से हाई होने लगा है। सोमवार को भीषण गर्मी के चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह दस बजते ही आसमान से बरस रही आग ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। केवल जरूरी काम से जाने वाले लोग ही सड़कों पर निकले। उधर तेज धूप से पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। दोपहर होते ही पशु छांव की तलाश में निकल पड़ते हैं। जबकि पक्षी पेड़ों के झुरमुट में छिपकर मौसम के ठंडे होने का इंतजार करते रहते हैं। पारा अधिक हो जाने के कारण लोगों के शरीर से पसीना निकलना लगातार जारी रहा। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से भी दगा ने गई। जिससे लोग परेशान रहे। गंगा में बच्चे व अन्य लोग गर्मी के कारण घंटों पानी छपक छई करते रहे। शाम पांच बजे के बाद मौसम सामान्य हुआ। जिसके बाद चहल पहल देखने को मिली। इधर भीषण गर्मी पड़ने के बाद भी पालिका की ओर से अभी तक सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ नहीं लगवाये गये। जिससे लोग पानी के लिये भटक रहे हैं। वहीं अन्ना मवेशियों के लिये भी अभी नाद नहीं रखवाई हैं। जिससे वह भी पानी के लिये परेशान हो रहे।


दोपहर के समय मुंह ढक कर जातीं महिलाएं। अमृत विचार


तेज धूप से बचने के लिये दुपट्टा ओढ़ कर जाती युवती।

# रूट डायवर्जन के चलते हाईवे पर छह घंटे जाम से राहगीर हलकान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- तेज धूप होने के कारण घंटों परेशान होते रहे राहगीर

**अमृत विचार।** सोमवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते रूट डायवर्जन किया गया। जिस कारण लखनऊ कानपुर लेन पर वाहनों का भार बढ़ गया और जाजमऊ पुल से लेकर उन्नाव के आगे तक कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम को देख वाहन सवार दूसरी लेन से निकलने लगे। जिससे वहां भी जाम लग गया। छह घंटे लगे जाम में फंसकर वाहन सवार बिलबिला उठे।

सोमवार सुबह करीब ग्यारह बजे लखनऊ कानपुर लेन पर बड़े वाहनों का भार बढ़ने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में जाजमऊ पुराने पुल से लेकर आजाद मार्ग चौराहे तक कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम में तमाम वीआईपी, एम्बुलेंस, लंबी दूरी की बसों के अलावा अन्य वाहन सवार फंसे रहे। काफी देर तक जब वाहन नहीं रेंगे तो वाहन सवारों ने कानपुर लखनऊ लेन से वाहन निकलने लगे। जिससे वहां भी जाम लग गया।

तेज धूप होने के कारण जाम में फंसे बच्चे, बुजुर्ग, महिला और पुरुष व्याकुल हो गये और पानी के लिये भटकते रहे। इस दौरान मौजूद यातायात पुलिस ने उल्टी दिशा से जा रहे कई वाहन सवारों के चालान भी काटे। छह घंटे तक लगे भीषण जाम में हर कोई बिलबिला उठे। वहीं जाम हटवाने में पुलिस के भी पसीने छूट गये। शाम करीब पांच बजे के बाद हाइवे पर यातायात सामान्य हुआ। जिसके बाद वाहन सवारों ने राहत की सांस ली।


हाईवे पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

# स्वतंत्रता सेनानियों को उनके आश्रितों ने किया याद

**गंजमुरादाबाद।** स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों की हर माह के प्रथम रविवार को अपने पूर्वज स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। इसके अंतर्गत क्षेत्र के आश्रित नगर स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्व. जगदंबा प्रसाद हितैषी के स्मारक स्थल पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सेनानी आश्रित व बार एसोसिएशन उन्नाव के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ल ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों को एकजुट होकर केंद्र सरकार से मांग करनी चाहिए कि सभी सेनानी परिवारों को राष्ट्रीय परिवार घोषित करे। सेनानी आश्रित डा. शशांक शेखर शुक्ला ने स्वतंत्रता सेनानी व कवि स्व. जगदंबा प्रसाद हितैषी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विपिन द्विवेदी, वंश गोपाल मिश्रा, अखिलेश पाल, पिंकू शुक्ला, नरेश द्विवेदी, विनय उर्फ बाबू जी व शुभम द्विवेदी रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल कैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** असोहा थानांतर्गत घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने युवक को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 62 हजार जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह 29 जनवरी-2023 की रात वह पुरवा अस्पताल गई थी। घर पर उसकी 15 वर्षीय बेटी व दो छोटे बेटे थे। रात करीब डेढ़ बजे गांव का युवक अयोध्या प्रसाद रावत पुत्र स्व. कुशेहर उसके घर में घुस आया और उसकी बेटी से दुष्कर्म करने के बाद उसे जान से मारने की धमकी दी थी।

शोर सुन पड़ोसी जागे तो उन्हें आता देख युवक भाग निकला था।



रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। तत्कालीन एसओ असोहा सुरेश कुमार ने जांच के बाद युवक के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 28 मार्च-2023 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पॉक्सो एक्ट कोर्ट में पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेई की दलीलों के आधार पर एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने अयोध्या प्रसाद को दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप

### गैंगस्टर एक्ट में युवक को छह साल की सजा

**उन्नाव।** गैंग बनाकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर संपति बनाने पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने अमित पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। आईओ रियाज अहमद ने उसके विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे जयवीर सिंह नागर ने शासकीय हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी व विश्वास त्रिपाठी की दलील व साक्ष्य के आधार पर अमित को दोषी ठहराते हुए छह साल की सजा सुनाई है।


ट्रांसफार्मर की मरम्मत करता बिजली कर्मी। अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर खराब होने से गुल रही सैकड़ों घरों की बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के चंपापुरवा और सीताराम कॉलोनी में रखे चार सौ केवीए के ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण दोपहर के समय बिजली गुल रही। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। इसके अलावा अन्य मोहल्लों में भी फाल्ट होने से बिजली गुल रही। सुबह दस बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान चंपापुरवा मोहल्ले में रखे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। जिससे क्षेत्र का एक फेस चला गया। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। इस दौरान दोपहर एक बजे तक बिजली बंद रही। इसी तरह सीताराम कालोनी मे दोपहर लगभग बारह वजे 400 केवीए ट्रांसफार्मर में खराबी आने से एक फेस उड़ गया। सूचना के बाद दोपहर तीन बजे के बाद प्रभावित क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुचारू हो सकी। इसके साथ ही रविवार रात आठ बजे राजधानी मार्ग पर सर्वोदय नगर के सामने जंपर उड़ गया। जिससे रात ग्यारह बजे तक बिजली गुल रही।

### घर-घर मतदान पर्ची बांट रहे बीएलओ

**शुक्लागंज उन्नाव।** आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसके लिये निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाताओं के घरों तक मतदान पर्ची बांटने के निर्देश दिये गये हैं। जिस पर गंगाघाट क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेट की देख रेख में बीएलओ घर-घर जाकर पर्चियां बांटने का काम कर रहे हैं। गंगाघाट के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोक सभा चुनाव के दौरान 98 बूथ पर वोटिंग होनी है। जिसमें सदर विधान सभा क्षेत्र और कुछ भगवंत नगर विधान सभा का क्षेत्र शामिल है। ऐसे में मतदान करने वाले मतदाता भटके न और सही बूथ पर जाकर अपने मत का प्रयोग करे। इसके लिये जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीएलओ को लगाया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट की देख रेख में बीएलओ घर-घर पर्ची बांटने का काम कर रहे हैं। क्षेत्र में 98 बीएलओ को लगाया गया है। जो अपने अपने क्षेत्र में घर-घर दस्तक देने लगे हैं। बीएलओ की बांटी पर्ची पाकर सबसे ज्यादा खुश पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाता दिख रहे हैं। क्षेत्र में लगे बीएलओ ने बताया कि अधिकांश पर्चियों को बांट दिया गया है। जो पर्चियां रह गई हैं उन्हें भी जल्द से जल्द मतदाताओं के पास पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

# बाइक के सामने अचानक आया कुत्ता, तीन घायल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार।** उन्नाव निवासी एक युवक अपने चाचा और चाची को लेकर फोरलेन होते हुये घर जा रहा था, तभी आनंद नगर मोड़ के पास कुत्ता बाइक के सामने आ गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दुर्घटना में तीनों घायल हो गये। वहीं महिला को गंभीर चोटें आई हैं।

सोमवार को उन्नाव के परेंदा निवासी राम खिलावन अपनी पत्नी रानी देवी और भतीजे के साथ बाइक से कानपुर पैर में प्लास्टर बंधवाने गया था। शाम पांच बजे तीनों एक बाइक से लौट रहे थे, तभी फोरलेन स्थित आनंद नगर डिवाइडर के पास एक कुत्ता निकलने लगे और उनकी बाइक से टकरा गया। जिससे तीनों उछल कर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े। जहां घायलों को उठाया। वहीं रानी को गंभीर चोटें आने पर उसे अस्पताल ले जाया गया।

# अंबिका के एनसीसी कैडेट्स को एयरो मॉडलिंग की ट्रेनिंग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। सोमवार को एनसीसी कैडेट्स का एयरो मॉडलिंग प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। जहां अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा सात से कक्षा बारह के एनसीसी कैडेटस पहुंचे। जहां बच्चों ने प्रशिक्षण में ऐरो मॉडलिंग के गुर सीखे।

सोमवार को अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडेट्स का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जहां एयरोमॉडलिंग के प्रशिक्षक आदित्य कुशवाहा के नेतृत्व में तकनीकी सहयोगियों ने ड्रोन, चक ग्लाइडर, कन्ट्रोल लाइन, फाइटर प्लेन, स्टेटिक्स् आदि के मॉडल रूप को चलाना। इसके साथ ही उसके मशीनरी पार्टस के बारे में बताते हुए सभी विद्यार्थियों शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जहां विद्यालय के प्रबन्धक अजय त्रिवेदी और प्रधानाचार्या डेफनी लेम्यूर ने भी सिमलेटर फ्लाइंग को उडाकर उसका अनुभव लिया। विद्यालय के एनसीसी. कैडेट्स के एएनओ मुकेश कुमार गौतम के साथ बहुत उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण को ग्रहण किया। कैडेट्स व विद्यार्थियो ने फ्लाइंग के विषय में ज्ञान अर्जन किया। इस दौरान प्रबंधक और प्रधानाचार्या ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।



एयरो मॉडलिंग का परीक्षण लेने के बाद खड़े अंबिका के बच्चे। अमृत विचार

## एक नजर

### सोते रहे ग्रामीण, लाखों का माल पार कर ले गए चोर

अमृत विचार सोहरामऊ। थानाक्षेत्र के गांव रामपुर में रविवार देररात चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया। पीड़ित नीरज ने दी तहरीर में बताया कि नीरज, राजेश, निर्लेश व विशंभर के घरों में चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवर पार कर दिये। चार घरों में चोरी होने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। वे अब जाग कर रखवाली करने में भी जुट गए हैं। आसपास के गांव वाले भी लगातार हो रही चोरी को देखते हुए सतर्क हैं। सोहरामऊ पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की जांच कर चोरों को पकड़ने की बात कही।

### अन्नू के पक्ष में माहौल बनाएंगे अखिलेश

**उन्नाव।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से सपा की प्रत्याशी अन्नू टंडन के समर्थन में मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दोपहर 1 बजे शहर के जीआईसी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसमें वे अपनी पार्टी की प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने का भी प्रयास करेंगे।

आया रिजल्ट — सेंट ज्यूड स्कूल के भी शतप्रतिशत विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण, अभिवावकों ने अपने बच्चों का मुंह मीठा कराया

# आईसीएसई व आईएससी परीक्षा परिणामों में लारेंस टॉप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के सेंट लारेंस स्कूल आईसीएसई व आईएससी के परीक्षा परिणामों में अपना परचम लहराते में कामयाबी हासिल की। कक्षा 10वीं में सात्विक प्रताप सिंह 98.6 और 12वीं कक्षा में प्रखर मिश्रा ने 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टापर लिस्ट में अव्वल स्थान पर रहे। लारेंस सहित सेंट ज्यूड स्कूल के भी सभी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुए हैं।

इसके अलावा 10वीं कक्षा के शांतनु पांडेय ने 97.8 व अथर्व गुप्ता ने 97 फीसदी अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने में कामयाबी प्राप्त की है। इसी तरह रिद्धन सोनकर ने 96.80, ओजस्वी द्विवेदी ने 96.80, अर्श, जान्हवी व उत्कर्ष सिंह ने 96.40, सूरज साहू 96 व नेहल ने 95.20 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं 12वीं नैत्रृत्य 96.5 व अक्षय सिंह ने 96.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की मेरिट लिस्ट में दूसरे व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अक्षय सिंह 96.25, विभोर भारतीय व वंशिका यादव व शिखर द्विवेदी 95.75, सुविग्या पाल व इशिका सिंह 95.25, सूर्यांशी त्रिपाठी 94.75 व प्रतीक कुमार पटेल ने 94 फीसदी अंकों से परीक्षा पास की है। विद्यालय की ओर से बताया गया कि 10वीं में 145 और 12वीं कक्षा के सभी 125 विद्यार्थी उत्तीर्ण होने में कामयाब रहे हैं। प्रधानाचार्य ने बच्चों सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय को यह उपलब्धि दिलाने को लेकर बधाई दी है। इसी तरह शहर के सेंट ज्यूड् स्कूल के भी शतप्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुए हैं। विद्यालय के 10वीं के छात्र रोहन माथुर ने 98.4, शिवम यादव 95.6, स्वर्णिमा श्रीवास्तव 95.2, अभिनव यादव 93.4, श्रेया त्रिवेदी 92.8 व आयुष कुमार ने 92.4 फीसदी अंक प्राप्त करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं 12वीं में सत्यम 92.5, नैतिक श्रीवास्तव 91, आदित्य श्रीवास्तव 88.25, रिथम सिंह 87.5 व नूफा 87.25 प्रतिशत अंक अर्जित करने में सफल रहे हैं। हेड मिस्ट्रेस सुभ्रा घोसवाल व प्रबंधक फहद अज़ीम सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को बधाइयां दीं।

सेंट लारेंस स्कूल के 12वीं कक्षा के टापर प्रखर मिश्र के पिता प्रदीप मिश्रा शहर स्थित प्रधान डाकघर में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। मेधावी छात्र ने बताया कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। साथ ही परीक्षा में प्राप्त हुई सफलता का श्रेय पिता के साथ-साथ मां को देते हैं।


इंटर के जिला टापर का मुंह मीठा कराते माता-पिता। अमृत विचार


10वीं के सात्विक प्रताप सिंह।


शांतनु पांडेय।


अथर्व गुप्ता।

# आईसीएसई की परीक्षा में होनहारों ने दिखाई मेधा

संवाददता शुक्लागंज उन्नाव

- विद्यार्थियों ने इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस, बन देश की सेवा करने की बात कही

**अमृत विचार।** सोमवार को आईसीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जहां नगर में रहने वाले छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। छात्र-छात्राओं ने इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस, पीसीएस बनकर देश की सेवा करने की बात कही है।

सर्वोदय नगर निवासी शिक्षक अनिल अवस्थी की बेटी सृष्टि अवस्थी कानपुर के एक विद्यालय में पढ़ती हैं। जहां उन्होंने आईसीएसई की हाईस्कूल परीक्षा में 98.4 फीसदी अंक लाकर टॉप किया है। वह आईएएस बनकर देश की सेवा करेंगी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और अपने माता पिता को दिया है। इसी तरह सुभाष नगर में रहने वाले हाईस्कूल के छात्र दिव्यांशु मिश्रा ने 83.2 प्रतिशत अंक हासिल किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने बाबा पं. उमेश चंद्र मिश्र और दादी के साथ ही माता पिता को दिया है। वह पढ़ाई करके जज बनना चाहते हैं। इसी तरह इंटर के छात्र अनिकेत शुक्ला इंजीनियर बनना चाहते हैं।


हाईस्कूल की छात्रा सृष्टि अवस्थी।


हाईस्कूल के छात्र दिव्यांशु मिश्रा।


इंटर के छात्र अनिकेत शुक्ला।

## एक नजर

### भूपेंद्र प्रताप बने सचिव

हरदोई, अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव अपर जिला न्यायाधीश भूपेंद्र प्रताप को बनाया गया है। इस मौके पर श्री प्रताप ने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो पात्र हैं को प्राधिकरण की ओर से नि:शुल्क विधिक सहायता मुहैया कराना प्राथमिकता होगी। कोई भी पात्र व्यक्ति धन के अभाव में न्याय पाने से वंचित न रह जाए इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। बताते चलें कि इसके पूर्व यहां कार्यरत सचिव सुधाकर दुबे का स्थानांतरण हो गया था। इसके बाद यह पद रिक्त चल रहा था।

### मारपीट कर किया घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुरहा में खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में पिता पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम घुरहा निवासी करुणा शंकर मिश्रा पुत्र विद्या सागर मिश्रा ने बताया वह रविवार को खेत पर पानी लगा रहा था। तभी गांव के चमन पुत्र ब्रह्मवीर मिश्रा ने अपने पिता और अजय उर्फ कल्लू पुत्र राम मुरारी आदि ने उसे गाली गलौज की। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने उसे मारा पीटा। शोर सुनकर उसे बचाने आए उसके पुत्र अभिषेक को भी मारा पीटा, जिससे वह दोनों घायल हो गए। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है।

# आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में चमके मेधावी

हरदोई

अमृत विचार। आईसीएसई एवं आईएससी का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें विद्यालय जनपद के बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। स्कूल के बच्चों ने अपनी सफलता का परचम लहराया।

विद्यालय की प्रबंधक कीर्ति सिंह एवं प्रधानाचार्या कनुप्रिया सिंह ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और प्रबंध निदेशिका ने कहा कि इसका श्रेय स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों को जाता है, जिनके द्वारा समय पर उचित मार्गदर्शन, प्रोत्साहन मिलता रहा, जिसका परिणाम आपके समक्ष है। साथ ही कहा कि छात्रों का विकास अध्यपकों तथा अभिभावकों के समन्वय से ही संभव है।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपना नाम 10वीं व 12 वीं परीक्षा परिणाम में जनपद की वरीयता सूची में प्रथम स्थान अंकित किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या कनुप्रिया सिंह ने बधाई देते हुए कि कहा सर्वोत्तम शिक्षण के माध्यम से ही सर्वोत्तम परीक्षाफल प्राप्त हुआ है। साथ ही कहा कि आप सब अपने जीवन में और बेहतर करे अन्य विद्यार्थियों को चाहिए कि इन मेधावी बच्चों से सीख लेते हुए अपने भविष्य को सुनयोजित रूप से पढ़ाई करें, जिससे आप अपने माता-पिता, विद्यालय, जिले एवं देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विद्यालय के एकेडमिक हेड अश्वनी दीक्षित तथा शोभित बाजपेयी सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी तथा उनको निरंतर उन्नति करते रहने के लिए प्रेरित किया।

कक्षा 10 विज्ञान वर्ग में आन्या वर्मा ने 97.6 प्रतिशत, आरव वर्मा ने 97.2, श्रेयांशी अग्निहोत्री ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी तरह कामर्स वर्ग में अतुल्या चौहान ने 93.8 प्रतिशत, यशी गुप्ता ने 93.2, कीर्ति चौहान ने 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के शिवांश श्रीवास्तव ने 98.5 प्रतिशत, कृशा पटेल ने 83.75, सुनैना गुप्ता ने 82.75, कामर्स वर्ग में माही गुप्ता ने 90 प्रतिशत, साक्षी गुप्ता ने 87 प्रतिशत और सानिया चौधरी ने 71 प्रतिशत अंक पाकर सफलता हासिल की।



परिणाम घोषित होने के बाद प्रसन्नचित मुद्रा में छात्र-छात्राएं स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्या। अमृत विचार





बच्चों की कामयाबी पर मुंह मीठा कराते आन्या व आरव के माता-पिता। अमृत विचार

### इंजीनियर बनकर नाम रोशन करेंगे शिवांश

हरदोई, अमृत विचार। आईसीएससी बोर्ड के 12वीं के आए नतीजों में शहर के मोहल्ला सांडी रोड निवासी शिवांश श्रीवास्तव ने 98 .5 अंक लाकर जिले में टॉप स्थान प्राप्त किया है। शिवांश श्रीवास्तव का कहना है कि नियमित 4 से 5 घंटे पढ़ाई करके उन्होंने यह मुकाम हासिल की है। अपनी सफलता के लिए स्कूल प्रबंधन और माता-पिता को साधुवाद दे रहे हैं। शिवांश का सपना है कि इंजीनियर बनकर माता-पिता जिले का नाम रोशन करेंगे। पिता रजनीश श्रीवास्तव व्यवसाई है जबकि माता ग्रहणी है। शिवांश की सफलता पर माता-पिता बेहद खुश हैं।

### हर्षिता सिंह ने जिले में स्थान प्राप्त किया

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। आईसीएससी एवं आईएससी बोर्ड ने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया। सण्डीला नगर विद्यालय सेन्ट थेरेसा स्कूल के बच्चों ने परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम दिया, जिसमें 12वीं की छात्रा उमरा मबूद सिद्दीकी ने सर्वाधिक 92 .25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया। विनम्र सिंह 90 .75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे तथा आयुष यादव 87 .5 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रहे। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में हर्षिता सिंह ने 97 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, आरव गुप्ता 94 .4 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर रहे तथा सजल त्रिवेदी 94 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पॉल डिसूजा एवं समस्त शिक्षकगणों ने बच्चों की सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# बिना भेदभाव समाज के हर वर्ग का हो रहा विकास : योगी

## मुख्यमंत्री ने जनसभा को किया संबोधित, कहा- पहले की सरकारों के पास केवल कब्रिस्तान के लिए था पैसा

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर बन चुका है, और वाराणसी में बेहतरीन कॉरिडोर देखने को मिल रहा है। छोटे मठ और मंदिरों पर भी काम किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अंबेडकर पार्क में आयोजित एक विशाल जनसभा में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी की पूर्व सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि पहले की सरकारें भेदभाव का काम करती थीं। कब्रिस्तान के लिए पैसा आता था लेकिन श्मशान घाटों के लिए नहीं, लेकिन अब भाजपा की सरकार सबका साथ सबका विकास के रास्ते पर चल रही है। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाता। सभी योजनाओं का लाभ निष्पक्ष रूप से सभी वर्गों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा अयोध्या में रविवार को देश के प्रधानमंत्री ने रोड शो किया। अयोध्या के एक लाख लोग सड़कों पर रात्रि 9 बजे तक डटे रहे। मोदी जी ने अयोध्या में जाकर श्री राम को दंडवत प्रणाम किया और विकसित भारत का संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा एक ओर भगवान राम के भक्त हैं दूसरी ओर भगवान राम के द्रोही। उन्होंने कहा कांग्रेस की मति मारी गई है, क्योंकि कांग्रेस ने अपनी एक प्रवक्ता को अयोध्या जाकर भगवान राम लला के दर्शन करने के कारण कार्रवाई की है। उन्होंने जनसमूह से पूछा क्या ऐसे लोगों को वोट देंगे ? भीषण गर्मी में जुटे विशाल जनसमूह को देखकर मुख्यमंत्री ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाकर जनता में जोश भरने का काम किया। उन्होंने कहा हरदोई में एक्सप्रेसवे गुजर रहा है ऐसी तमाम विकास की योजनाएं हैं जिनका फायदा क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दे रहे हैं और 60 करोड लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा दो चरणों के चुनाव हो चुके हैं कल तीसरे चरण का चुनाव संपन्न हो जाएगा। भाजपा ने जो नारा दिया है कि अबकी बार 400 पार यह लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा। कहा कि जनप्रतिनिधि का प्रतिनिधि बनकर बूथ पर जाएं और अपने प्रत्याशी को जिताने का काम करें। जनसभा में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, राज्यसभा सदस्य डॉक्टर अशोक वाजपेई, पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह, श्याम प्रकाश, प्रभाष कुमार, अलका अर्कवंशी, एमएलसी अशोक अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भी संबोधित किया।



शाहाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट करते भाजपा नेता व पदाधिकारी।

### कड़ी धूप व गर्मी में भी सभा में डटे रही जनता

चटक धूप और उमस के बाद भी लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए डटे रहे। मंच के ठीक सामने एक भारी पंडाल बनाया गया था, लेकिन मंच के पूर्व साइड में खुला होने की वजह से चटक धूप रही, लेकिन योगी आदित्यनाथ को सुनने के कारण लोग चटक धूप में भी उनका इंतजार करते रहे। हालांकि इस बात के लिए सांसद और प्रत्याशी जयप्रकाश रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग आए हैं आगे से पूरे ग्राउंड में पंडाल की व्यवस्था की जाएगी।

### मोदी और योगी के कट आउट लेकर भागे लोग

अंबेडकर पार्क में मुख्यमंत्री की जनसभा जैसे ही समाप्त हुई वैसे ही जनसभा स्थल पर लगाए गए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के कट आउट उठाकर लोग भागने लगे। हाईवे पर पाजामा कुर्ता पहने एक छुटभैया नेता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच कट आउट एक साथ अपने कब्जे में लिए और पैदल ही हाईवे पर निकल पड़ा। अमृत विचार की इस छुट भैया नेता पर नजर पड़ी तो उसे अपने कैमरे में कैद कर लिया। तस्वीर में यह छुट भैया नेता कट आउट लेकर जाता हुआ साफ दिख रहा है और हंसी का पात्र बन रहा है।

### मंच पर जाने से पूर्व आंबेडकर का माल्यार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए मंच पर जाने से पहले अंबेडकर पार्क में लगी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

तत्पश्चात मंच पर पहुंचकर जनता का अभिवादन किया।

### मीडिया कर्मियों की कुर्सियों पर जमे रहे कार्यकर्ता

जनसभा के दौरान मीडिया कर्मियों के लिए डाली गई अधिकांश कुर्सियों पर पार्टी के कार्यकर्ता जमे रहे, और अधिकांश मीडिया कर्मी इधर-उधर भटकते रहे। संगठन द्वारा पत्रकार दीर्घा लिखकर एक पट्टिका भी लटकाई गई थी लेकिन कार्यकर्ताओं के आगे पत्रकारों को कुर्सियां नहीं मिल सकीं।

## चुनावी जनसभाएं



### कल जनसभा को संबोधित करेंगी मायावती

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बैठक करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने बताया कि बुधवार के दिन 11 बजे थाने के सामने बड़ी रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती लोगों से मिलकर पार्टी प्रत्याशी बीआर अहिरवार के लिए झोली फैलाएंगी। प्रत्याशी ने बताया कि उन्होंने कार्यक्रम को लेकर संगठन कार्यकर्ताओं के साथ तैयारियां शुरू कर दी है। इस मौके पर राजेश्वर सिंह कुशवाहा जिलाध्यक्ष, लखनऊ मण्डल प्रभारी राकेश कुमार गौतम, पुत्तीलाल वर्मा, सुनील शर्मा जिला प्रभारी, रामनाथ रावत मण्डल प्रभारी लखनऊ, बसपा प्रत्याशी बीआर अहिरवार, विधानसभा प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी आदि मौजूद रहे।



### सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष 8 मई को संडीला में

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 8 मई को संडीला में मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के पक्ष में जनसभा व प्रत्याशियों को जिताने की अपील करेंगे। मिश्रिख लोकसभा प्रत्याशी संगीता राजवंशी के पक्ष में संडीला के निकट इमलिया बाग बाईपास में अपराह्न 2 :00 बजे जिताने की अपील करेंगे। जिलाध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के सभी पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा, ब्लॉक, नगर, विधान सभा, जिला पंचायत सदस्यों, नगर पालिका, नगर पंचायत चेयर मैन, सभासदों, जिला कार्यकारिणी, वरिष्ठ नेताओं एवं आम जनता से अनुरोध किया कि वे कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर जन सभाओं को सफल बनाएं।

### सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

हरदोई, अमृत विचार। अपर जिला जज /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप ने बताया कि सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज ने कारागार के बैरिको में बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकरी प्राप्त की। कहा कि अपने मुकदमे की पूर्ण जानकारी अपने अधिवक्ता से लेते रहे, मदद के लिए बंदी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दे सकते हैं।

# बिजली के बकायेदार आज कैंप में जमा करें बिल

टड़ियावां, हरदोई

अमृत विचार। बिजली के बकायेदार उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए ग्राम पंचायत वार विभाग की ओर से कैंप आयोजित किए जाएंगे। जहां पहुंच कर उपभोक्ता बिजली की बकायेदारी को जमा कर सकते हैं।

शासन की ओर से जारी किए आदेश के क्रम में उपकेंद्र इटौली और उपकेंद्र कराही के अवर अभियंता परमानंद ने बताया कि मंगलवार विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाला और अटवा कटैया में कैंप आयोजित कर बकायेदारी वसूल की जाएगी। वहीं कराही उपकेंद्र के ग्राम पचकोहरा में मंगलवार को संपन्न होने वाले शिविर में उपभोक्ता बकायेदारी को जमा कर सकते हैं। अवर अभियंता ने बताया कि ग्राम पंचायत वार आयोजित होने वाले शिविर में उपभोक्ता बकायेदारी को जमा करें। उन्होंने कहा जिन किसानों का भुगतान मार्च-2022 तक या उससे पहले का बाकी है, ऐसे बकायेदार अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें, जिससे उनको अधिभार में छूट प्राप्त हो सके और लंबित बकाया खत्म किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से अप्रैल -2023 से सिंचाई हेतु ट्यूबेल के बिल फ्री कर दिए गए है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने में महिलाएं निभाएं भूमिका

हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत सोमवार को रसखान प्रेक्षागृह में बुद्धिजीवी महिलाओं के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि 13 मई दिन सोमवार को मतदान करने अवश्य जाएं। महिलाएं घर परिवार में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद जेन्डर रेशियो में भारी सुधार आया है। अब महिलाओं की बारी है कि वे अपने लोकतान्त्रिक दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में प्रत्येक विधानसभा में महिलाओं को समर्पित दो बूथ बनाये गए हैं। प्रत्येक बूथ पर सेल्फी प्वाईंट स्थापित किया गया है। सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित नारी शक्ति को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि अधिक से अधिक मतदान कर इस चुनाव में कम मतदान के इतिहास को बदलने का कार्य करें। स्वयं मतदान करें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि मातृ शक्ति यदि ठान ले तो जनपद फिसड्डी मतदान वाले जनपद से शीर्ष मतदान वाले जनपदों में जरूर शामिल होगा।





मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम एमपी सिंह।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई एमसीएमसी की बैठक

हरदोई, अमृत विचार। जिला निर्वाचन कार्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति की बैठक हुई। समिति की बैठक में प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मीडिया प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदनों को ससमय समिति के समक्ष रखा जाये। पेड न्यूज के मामलों पर कड़ी नजर रखी जाये। इलेक्ट्रोनिक व प्रिंट मीडिया में प्रसारित/प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों की नियमित निगरानी की जाये। डीएवीपी दरों के आधार पर व्यय का आंकलन कर दैनिक रिपोर्ट कोषागार को प्रेषित की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### दहेज के लिए महिला को पीटा, केस दर्ज

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बल्लू पुरवा मजरा उनौती की नैंसी गुप्ता पुत्री रमेश गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देते हुए कहा कि उसकी शादी पांच साल पहले शाहजहांपुर जिले के थाना व ग्राम रौजा निवासी शक्ति के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई थी। आरोप लगाया है कि उसके पति शक्ति, सास उर्मिला, ससुर सियाराम, ननद कामिनी और देवर आशीष अतिरिक्त दहेज में बाइक और सोने की चेन की डिमांड करते हुए बेघर कर दिया, जिसके बाद पीड़िता नैंसी अपने मायके चली आई। आरोप लगाया है कि उसके ससुराल वाले 3 मई की शाम उसके मायके आकर गाली गलौज करते हुए नैंसी और उसके पिता रमेश के अलावा मां पिंकी और भाई विकास की पिटाई करते हुए जानमाल की धमकी दी है। कोतवाल अशोक कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दंपति व उसके बेटे की लाठी डंडे से पिटाई

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश मानते हुए चार हमलावरों ने दंपति और बेटे की उसके दरवाजे पर पहुंच कर पिटाई कर दी गई। पुलिस ने चारों हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरखना निवासी राजू ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 24 मार्च की सुबह उसके गांव के रहने वाले श्रीराम , मंटू, श्रीराम और उसकी पत्नी मायावती ने उससे पुरानी रंजिश मानते हुए दरवाजे पर पहुंच गए, आरोप लगाया है कि जहां चारों हमलावरों ने उसे गाली गलौज की, उसके मना करने पर पिटाई करने लगे। उसकी पत्नी राम देवी और पुत्र शिवांकित की पिटाई कर दी।

आयोजन — छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि ने कहा-

# छात्र-छात्राओं को मिल रही संस्कारयुक्त शिक्षा

हरदोई

अमृत विचार। विद्या मंदिर व सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने पिहानी कस्बे के मोहल्ला मिश्राना स्थित सुभाष पार्क में छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मां सरस्वती को साक्षी मानकर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई, बीजेपी नेता बृजेश गुप्ता, सागर पांडेय, सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्या बिंदु सिंह, विद्या मंदिर प्रधानाचार्य अवनीश सिंह, शिशु मंदिर के कार्यालय प्रमुख समीर बाजपेई, समाजसेवी नवनीत बाजपेई ने शिशु भारती एवं छात्र संसद के भैया बहनों को शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री तेजल सिंह, पल्लवी सिंह उप प्रधानमंत्री, हिमांशु सिंह संसदीय कार्य मंत्री, शीतल राठौर न्यायाधीश, देवकी नंदन सोनी सरकारी वकील,कामिनी विपक्ष के वकील और विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

शिशु मंदिर के कृष्ण यादव अध्यक्ष, शिवार्थ सिंह मंत्री,अभी यादव सेनापति, प्रिंस यादव उप मंत्री, देव सिंह उपाध्यक्ष, अर्जुन रस्तोगी अप सेनापति व शिशू वाटिका के अर्जुन राणा सेनापति, देव प्रताप सह सेनापति, अर्पण वंदना प्रमुख, सुष्मिता शाह वंदना प्रमुख, भूमि गुप्ता अध्यक्ष, वे दिशा सह अध्यक्ष, मंत्री अर्पित, अन्वी ने सह मंत्री की गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि श्री वाजपेई ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर आम से खास सभी लोगों का अपना स्कूल है। स्कूल में बच्चों को शिक्षा देकर संस्कार वान बनाया जाता है। संस्कार युक्त शिक्षा के लिए सरस्वती शिशु व विद्या मंदिर एक प्रतिबद्ध संस्था है यही कारण है कि इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करनेवाले सभी भैया बहनों का आचरण, आचार विचार, व्यवहार व संस्कार उत्तम दर्जे का होता है। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अवनीश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित विद्या भारती के विद्यालयों को सरस्वती शिशु मंदिर एवं 'सरस्वती विद्या मंदिर' कहते हैं। संघ परिवार सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षा प्रणाली को अभिनव रूप में मानते हुए इसका प्रसार करता है। इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रसिद्ध मिली है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरस्वती शिशु मंदिर अच्छा विकल्प स्वीकार किया जा सकता है। यहां कई तरह कि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जैसे-बौद्धिक, शारीरिक, वैदिक मंच आदि रहा।

### वृद्ध व दिव्यांग वोटरों को घर में मतदान की सुविधा

हरदोई, अमृत विचार। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुक्रम में 06 मई 2024 को 85 वर्ष आयु से अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर घर मतदान कराने हेतु प्रति विधानसभा दो-दो टीम को कलेक्ट्रेट हरदोई से रवाना किया जा चुका है। यह टीम उक्त मतदाताओं को घर पर ही जाकर मतदान की सुविधा प्रदान करेगी। प्रत्येक मतदान टीम में एक पीठासीन अधिकारी एवं एक मतदान अधिकारी हैं एवं एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुक्रम में मतदान प्रक्रिया को ऑब्जर्व करने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर की भी नियुक्ति की गई है। प्रत्येक मतदान टीम के साथ सुरक्षा हेतु दो पुलिसकर्मी भी लगाए गए हैं एवं वीडियोग्राफी हेतु एक कैमरामैन भी उपलब्ध कराया गया है।



### शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

हरदोई, अमृत विचार। विकास खण्ड बावन के ग्राम पंचायत तत्योरा के प्राथमिक पाठशाला प्राथमिक पाठशाला तत्योरा के बूथ संख्या 91, 92 का निरीक्षण किया गया, तथा मतदान जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया, व मतदाता शपथ दिलायी गयी, तथा ग्राम में कलेण्डर का भी वितरण किया गया। चुनाव पाठशाला में उपस्थित मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाये विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गयी, तथा उपस्थित मतदाताओं द्वारा प्रात: सपरिवार वोट डाले जाने का आश्वासन दिया गया, ग्रामवासी/मतदाताओं द्वारा अवगत कराया गया कि वह शत-प्रतिशत वोट हेतु जागरूक कर रहें है। कन्या जूनियर हाईस्कूल तत्योरा के बूथ संख्या 92, 93, 94, का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामों में घर-घर कलेण्डर का वितरण करते हुए सपरिवार मतदान करने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त के अतिरिक्त रोस्टर के अनुसार सधई बेहटा के बूथ संख्या 327, 328, 329, फूल बेहटा के बूथ संख्या 347, 348, मूसेपुर के बूथ संख्या 59, प्रा. पा. भीखपुर, में मतदाता शपथ दिलायी गयी, तथा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 राम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी बावन, श्री मिथिलेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकीय के साथ ग्राम वासी उपस्थित थे।

# तापमान 42 डिग्री, धूप-गर्मी कर रही बेहाल

हरदोई

**अमृत विचार।** इस बार गर्मी का रुख ज्यादा ही घातक हो रहा है। रविवार को जिले का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली पछुआ हवाओं ने मौसम को और भी गर्म कर दिया। अभी से जब गर्मी का यह हाल है तो जून में पारा कहां पहुंचेगा। इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। दिनों दिन बढ़ रहा प्रदूषण इसका मुख्य कारण है। लगातार बढ़ रहे वाहनों को भी इसमें सहायक माना जा सकता है।

गर्मी का कहर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सुबह 10 बजे के बाद से ही धूप में तेजी आना शुरू हो जाती है। दोपहर को इतनी भयंकर धूप होती है तो जरूरी काम से ही लोग निकलते हैं। अभी जब मई के महीने की शुरुआत है तब गर्मी का यह रूप है तब जून में पारा कहां पहुंचेगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण दोपहर में बाजार में पूरी तरह सन्नाटा छाया रहा। दुकानों पर दुकानदारों के अलावा कोई ग्राहक नहीं दिखाई पड़ रहा था। लगातार तापमान बढ़ने का क्रम जारी है। इसके पीछे बढ़ रहा प्रदूषण का मुख्य कारण है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार जिले में वाहनों की संख्या बढ़ रही है। बढ़े वाहनों के चलते सड़क पर चलना मुश्किल हो गया। विभिन्न कंपनियां फाइनेंस पर वाहन उपलब्ध करा रही हैं। इसके चलते कम पैसे में ही लोग वाहन ले आते हैं। यह वाहन प्रदूषण के बढ़ाने में सहायक हैं। वहीं जहां लगातार जिले में पेड़ कम हो रहे हैं। पहले गांवों में बड़े-बड़े बाग होते थे। समय के साथ यह बाग खत्म हो गए। लगातार लकड़ी की मांग के चलते अब गांवों में पेड़ कम होते चले जा रहे हैं। शहरों में बढ़ रहे कंक्रीट के कारण लगातार मौसम गर्म हो रहा है।



धूप में सिर को गमछे से ढककर निकलता बुजुर्ग राहगीर।

### लगातार गिर रहा भू जल जलस्तर

गर्मी बढ़ने के साथ ही जल स्तर भी पिछले कुछ वर्षों से काफी गिरा है। इसका कारण तालाबों का कम होना है। जिला मुख्यालय पर ही आधा दर्जन से अधिक तालाबों को पाट कर भूमाफियों ने बेच दिए, जिन पर आज कंक्रीट का जाल बिछा हुआ है। नगर के सरायथोक पश्चिमी, खजांची टोला, लक्ष्मीपुरवा, सांडी रोड, बावन रोड सहित तमाम जगहों पर पहले बड़े-बड़े तालाब थे, जिनमें पानी भरा रहता था, जिससे जलस्तर कम नहीं होता था, लेकिन अब तालाब कम होते जा रहे हैं। यही वजह है कि नगर के लक्ष्मीपुरवा, विभूति नगर, ऊंचाथोक, आलूथोक, टिलिया, आजाद नगर, प्रेमनगर, आशा नगर सहित तमाम मोहल्लों में जल स्तर काफी गिर गया है। जल स्तर गिरने का एक कारण यह भी है कि अब साधारण बोरिंग के बजाय समरसेबिल लग रही हैं। इससे जहां पानी की बर्बादी अधिक होती है, वहीं यह जल स्तर से ही पानी को खींचता है। इसकी वजह से भी लगातार जल स्तर गिरा है अब कई मोहल्लों में साधारण बोरिंग काम ही नहीं कर रही है। बिना समरसेबिल के लोग पीने का पानी तक नहीं पा रहे हैं।



### मुख्यस्थानों पर नहीं हैं हैंडपंप

**हरदोई।** लगातार जल स्तर गिरने तथा रखरखाव न होने की वजह से जिला मुख्यालय के मुख्य स्थानों पर ही अब हैंडपंप नहीं रह गए हैं। नतीजतन लोग बोतल का पानी खरीद कर पी रहे हैं। गिरते जल स्तर व हैंडपंप न होने का फायदा जिले की तमाम पानी कंपनियां उठा रही हैं, जो मानकों की धज्जियां उड़ाकर जिले में पानी बेच रही हैं। जिला अस्पताल, कलेक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टाप सहित तमाम सार्वजनिक स्थानों पर अब हैंडपंप दिखाई नहीं पड़ते हैं। नतीजतन लोगों को खरीद कर ही पानी पीना पड़ रहा है।

## एक नज़र

### अचानक छत का एक हिस्सा गिरा, टल गया हादसा

**हरदोई, अमृत विचार।** बघौली चौराहे एक मकान की छत का एक हिस्सा भर-भरा कर गिर गया, वहां पहुंचा युवक उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। बघौली चौराहा निवासी दिनेश सक्सेना की कैंसर के चलते मौत हो चुकी है। दिनेश की पत्नी निधि अपने इकलौते पुत्र अनुराग के साथ पुश्तैनी मकान में रह रही है। सोमवार को अनुराग वहां कमरे से बैटी उठाने गया, उसी बीच जर्जर मकान की छत का एक हिस्सा एका-एक ढह गया, जिसकी चपेट में आने से वह बाल-बाल बच गया। छत ढहने की आवाज सुन कर आस-पड़ोसी दौड़ पड़े। दिनेश की पत्नी निधि का कहना है कि एक छोटी सी चाय की दुकान से उसका गुज़र-बसर हो रहा। पति की मौत के बाद उसने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी उसका कुछ नहीं हुआ।

### खेत से लौट रहे किसान को लगी बाइक से टक्कर

**टड़ियावां।** खेत से वापस अपने घर लौट रहे किसान को तेज़ रफ्तार बाइक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। टड़ियावां थाने के पेंग निवासी जयचंद्र (50) सोमवार की रात अपने खेत से वापस घर लौट रहा था, उसी बीच रास्ते में अगौलापुर मोड़ पर पहुंचते ही उसे सामने से आ रही तेज़ रफ्तार बाइक ने ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे जयचंद्र बुरी तरह से जख्मी हो गया है। उसे टड़ियावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां के डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया है। इस बारे में एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एमबीबीएस के छात्रों की मेडिकल कॉलेज में हुई परीक्षा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के तीनों बैच के छात्रों की परीक्षा कराई गई। नीट परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली को रोकने के लिए मेडिकल कॉलेज ने 1:30 बजे से 5:30 बजे तक परीक्षा कराई। इस दौरान अनुपस्थित छात्रों को कारण बताओ नोटिस भी जारी की जाएगी।

## चोरी के आरोप में बच्चे को पीटा, दबाया गला

**हरदोई, अमृत विचार।** घर लौट रहे चौकीदार के पुत्र को चोरी के आरोप में पिता-पुत्र ने रास्ते से पकड़ कर पहले तो उसकी पिटाई और फिर उसका गला तक दबाया। चौकीदार की पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है उसके पुत्र के साथ जो हुआ, उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच कीजा रही है। बताया गया कि पाली थाने के रामनगरिया निवासी मुरारी चौकीदार है। उसकी पत्नी सरला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 5 मई को उसका पुत्र अजीत घर जा रहा था, उसी बीच वहीं के रामकिशन ने अपने पुत्र अवनीश के साथ अजीत को पकड़ लिया और अपनी दुकान में ले जाकर अनुपम, रामनिवास और सेवक के साथ न सिर्फ उसकी पिटाई की, बल्कि उसका गला भी दबाया। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

# कॉलेज जा रहे छात्र को डंपर ने रौंदा

## पिता के साथ बाइक से जाते समय गंगा एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

रूपापुर, हरदोई

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर तेज़ रफ्तार डंपर से बाइक में टक्कर मारते हुए उस पर पिता के साथ कालेज जा रहे 11 वीं के छात्र को कुचल दिया, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। इसी बीच ड्राइवर डंपर को वहीं छोड़ कर भाग गया। सोमवार की सुबह पाली थाने के तिमिरपुर गांव के पास हुए हादसे की खबर से इलाके में खलबली मच गई। इसका पता होते ही एसएचओ पाली अरविंद कुमार राय अपनी टीम के साथ पहुंचें, उनका कहना है कि जांच की जा रही है।

बताया गया कि पाली थाने के कहरई नकटौरा गांव निवासी रामलखन दो बेटे और बेटी थी, बेटी की शादी हो चुकी है। छोटा बेटा 15 वर्षीय दिव्यांश उर्फ छोटू पाली के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज



में 11 वीं का छात्र था। सोमवार की सुबह वह अपने पिता के साथ बाइक से कालेज जा रहा था। रास्तें में गंगा एक्सप्रेस-वे पर पाली थाने के तिमिरपुर के पास एक तेज़ रफ्तार डंपर ने रामलखन की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दिव्यांश उर्फ छोटू सड़क पर गिर पड़ा और वही डंपर उसे कुचलते हुए निकल गया, हादसे में छात्र की वहीं पर मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद ड्राइवर डंपर को वहीं पर छोड़ कर भाग निकला। हादसे का पता होते ही वहां लोंगों की भीड़ लग गई, उसी बीच वहां पहुंचे एसएचओ पाली अरविंद कुमार राय अपनी टीम के साथ पहुंचे और हादसे के बारे में पूछताछ की। एसएचओ श्री राय का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, हादसे की जांच की जा रही है।

पाली के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज के छात्र दिव्यांश उर्फ छोटू ने इसी साल 10वीं में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किया था। पढ़ने-लिखने में होनहार दिव्यांश न सिर्फ अपने घर का चहेता था, बल्कि गांव के लोग भी उसे बहुत चाहते थे। होनहार छात्र की इस तरह हुई मौत की खबर सुन कर हर कोई सन्न रह गया।

### ट्रेन से गिर कर देवरिया निवासी युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** देवरिया ज़िले का रहने वाला युवक वाराणसी जंक्शन से चल कर नई दिल्ली जा रही महामना एक्सप्रेस ट्रेन पर सफर कर रहा था। उसी बीच वह बघौली रेलवे स्टेशन के पास उससे गिरकर ज़ख्मी हो गया। जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। युवक के पास से मिले मोबाइल और काग़ज़ात से उसकी पहचान की गई। रविवार को युवक बघौली रेलवे स्टेशन के पास महामना एक्सप्रेस ट्रेन से गिर कर घायल हो गया था, मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान



उसकी मौत हो गई। उसके पास से मिले मोबाइल और काग़ज़ात से उसकी पहचान जितेंद्र उपाध्याय (43) पुत्र विंध्याचल उपाध्याय निवासी छपरा नदवा थाना बरहज ज़िला देवरिया के रूप में की। जितेंद्र एसी का मैकेनिक था और वाराणसी गया हुआ था, वहीं से कंपनी के बुलावे पर वाराणसी जंक्शन से नई दिल्ली जा रही महामना एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार हो कर दिल्ली जा रहा था। उसके परिवार में पत्नी मालती के अलावा दो बेटी और एक बेटा अतुल है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर वालों के सुपुर्द कर दिया।

# पोती की शादी के लिए खरीदारी करने जा रही वृद्धा को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** पोती की शादी के लिए खरीददारी करने शहर आ रही उसकी दादी की ट्रैक्टर से कुचल कर मौत हो गई। हुआ ऐसा कि सोमवार को सीतापुर रोड ओवर ब्रिज पर ट्रैक्टर की टक्कर लगने बाइक सवार अधेड़ महिला सड़क पर गिर पड़ी, वही ट्रैक्टर उसे कुचलते हुए निकल गया। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गया।

बेनीगंज कोतवाली के महीन कुंड की स्वर्ण कौर (50) पत्नी जगतार सिंह सोमवार को बेटे मेजर सिंह के साथ बाइक से खरीदारी करने शहर आ रही थी। 14 मई को उसकी पोती की शादी है, बताते है कि सीतापुर रोड ओवर ब्रिज पर पीछे से आ रहे ट्रैक्टर की टक्कर लगने से स्वर्ण कौर सड़क पर गिर पड़ी, वह संभलती इससे पहले वही ट्रैक्टर उसे कुचलते हुए निकल गया। हादसे में स्वर्ण कौर की वहीं पर मौत हो गई। उसी बीच ड्राइवर ट्रैक्टर को वहीं पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने शव और ट्रैक्टर दोनों को अपने कब्ज़े में ले लिया। ट्रैक्टर और उसका ड्राइवर दोनों टड़ियावां थाने के गौरा डांडा के बताए जा रहे है। पोती की शादी से आठ दिन पहले ही दादी की मौत से घर में मातम छा गया।

### अतिक्रमण से बढ़े हादसे

शहर के रेलवे गंज में अतिक्रमण दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। शहर के जिन्दपीर चौराहे से सीतापुर की ओर जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण काफी बढ़ गया है साथ ही ओवरब्रिज के शुरू होने से पहले ही अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे हैं जो हादसे का सबसे बड़ा कारण बन रहे हैं। जिसके लेकर लोगों में नाराजगी भी है।

# दूल्हे के घर पहुंची दुल्हन, मंदिर में की शादी

हरदोई

**अमृत विचार।** गोद भराई और तिलक होने के बाद शादी की तारीख तय होती, लेकिन उससे पहले दुल्हन के भाई ने शादी करने से इंकार कर दिया। उधर अपनी अलग दुनिया बसाने का ख्वाब देख रही उसकी बहन ने भाई का फैसला ठुकरा दिया और बिन बारात के पीहर की दहलीज़ लांघ कर पिया के घर पहुंची, फिर उसने पुलिस को अपना राज़दार बनाते हुए दोनों ने एक दूसरे अपना हमसफ़र मानते हुए मंदिर में शादी कर ली। पाली के पंथवारी मंदिर में हुई शादी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।



गोद भराई व तिलक के बाद युवती के भाई ने विवाह करने से कर दिया था इनकार

मंदिर में एक-दूसरे को वरमाला डालते दूल्हा-दुल्हन।

बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के पल्थुआ निवासी संतराम की पुत्री वंदना और पाली थाने के अकोड़ा निवासी गिरेन्द्र पाल पुत्र राम औतार की शादी तय हो चुकी थी। गोद भराई हुई और फिर 15 फरवरी को तिलक हुआ। शादी की तारीख तय होना बाकी थी, कि उसी बीच वंदना के भाई रामहेत ने गिरेन्द्र के साथ बहन की शादी करने से इंकार कर दिया। भाई का ऐसा फैसला सुन कर अपनी अलग दुनिया बसाने के ख्वाब देख रही वंदना के पैरों के तले से ज़मीन खिसक गई, लेकिन उसने फैसला कर लिया कि वह शादी तो गिरेन्द्र के साथ ही करेगी और पहली मई को बिन बारात के अपने पीहर की दहलीज़ लांघ कर अपने पिया के घर पहुंच गई, पहले तो उसने पाली पुलिस को तहरीर देते हुए उसे सब कुछ साफ-साफ बता दिया, फिर उसके बाद दोनों ने हंसी-खुशी पाली के पंथवारी मंदिर में पहुंच कर दोनों ने पंथवारी माता को साक्षी मानते हुए दोनों ने शादी कर ली। गिरेन्द्र ने वंदना की मांग में सिंदूर भरा और फिर दोनों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। बिन बारात के हुई शादी सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हो रही है।

### विवाहिता की मौत, ससुराल वालों पर लगाया आरोप

**हरदोई।** बीमार युवती को इलाज के लिए शाहजहांपुर ले जाया गया था, वहीं से वापस लौटते हुए उसकी मौत हो गई। उसके पिता ने ससुराल वालों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पिहानी कोतवाली के धामापुर निवासी विमलेश की पत्नी लक्ष्मी देवी (22) काफी दिनों से बीमार थी। उसके एक दो साल की बेटी है। रविवार को उसे इलाज के लिए शाहजहांपुर ले जाया गया था, वहीं से वापस लाया जा रहा था, उसी बीच लक्ष्मी की रास्ते में ही मौत हो गई। उसके पिता सर्वेश निवासी कचनार थाना मोहम्मदी ज़िला लखीमपुर ने ससुराल वालों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

केंद्रीय विद्यालय 39वीं वाहिनी स.सी. ब. गदानिया पलिया कलां लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश - 262902

फा./2024-25. केवी. स. सी. ब पलियाकलां लखीमपुरखीरी दिनांक: 06.05.2024

रिक्त स्थान हेतु प्रवेश सूचना 2024 25

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक में दो रिक्त स्थानों (01- अनुसूचित जनजाति 01 - दिव्यांग) हेतु प्रवेश के लिए ऑफलाइन फार्म पंजीकरण दिनांक 08.05.2024 से 15.05.2024 तक विद्यालय कार्यावधि (प्रात: 7.30 बजे से 1.40 बजे) में कार्यालय से प्राप्त और जमा कर सकते हैं।

प्राचार्य

# अगवा कर गैंगरेप का आरोप, केस

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने दो नामजद सहित चार लोगों पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला के पति ने कोतवाली में घटना की लिखित सूचना दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के पति ने बताया उसकी पत्नी छोटी बेटी को लेकर 25 अप्रैल की शाम शौच के लिए गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पीड़ित पति के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली पुलिस ने 26 अप्रैल को उसकी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। 6 मई को महिला ने पति के पास फोन किया कि आरोपी उसे हरदोई बस स्टैंड पर छोड़ गए हैं। जब वह पहुंचा तो पत्नी बेहाल और बच्ची बीमार अवस्था में मिली। पत्नी ने बताया कि सफेद रंग की कार में उसे गांव निवासी विनय और अंशुल ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ अगवा कर लिया था। विपक्षी गणों ने उसके साथ अलग-अलग स्थानों पर दुष्कर्म किया। पुलिस में रिपोर्ट हो जाने के भय से उसे हरदोई रोडवेज बस स्टैंड पर छोड़कर भाग गए। कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी भी देकर गए। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रोडवेज़ बस अड्डे पर हो रही स्मैक की तस्करी

**हरदोई, अमृत विचार।** रोडवेज़ बस अड्डे पर कोई बाहरी व्यक्ति स्मैक ला कर तस्करी करता है। उसे स्मैकियों तक पहुंचाने में दूसरे युवको की मदद लेता है। उन्ही युवकों में से एक कल्लू उर्फ सुमित उर्फ होरीलाल ने पुलिस की पकड़ में आने के बाद सारा चिट्ठा खोल कर रख दिया। पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। कोतवाली शहर पुलिस ने रविवार को साण्डी चुंगी पर चेकिंग के दौरान युवक को पकड़ा था। उसके पास से एक पन्नी में 75 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी।

आयोजन | स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम चल रहा हरदोई हेरिटेज कप

# आठवां मैच जयपुरिया इलेवन ने जीता

हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम सोमवार को हरदोई हेरिटेज कप का आठवां मैच जयपुरिया इलेवन बनाम सीसीए पुवायां के मध्य खेला गया। मैच में टॉस जयपुरिया इलेवन के कप्तान आकाश त्रिपाठी ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुरिया इलेवन ने 35.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 158 रनों का स्कोर खड़ा किया। जयपुरिया इलेवन की तरफ से आकाश



मैच के दौरान बल्ले से शॉट लगाता खिलाड़ी। अमृत विचार

अवस्थी ने 35 रन, आकाश त्रिपाठी 32 रन, योगेश कुमार ने 15 रनो का योगदान किया।

सी सी ए पुवायां की तरफ से अनय 3 विकेट, दिनेश 2 विकेट तथा रणजीत, अंकित, अपूर्व व इंजमाम ने एक - एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सीसीए पुवायां की टीम 17 ओवर मे सभी विकेट खोकर 90 रन ही बना सकी। सीसीए पुवायां की तरफ से इंजमाम ने 23 रन, गुरविंदर ने 9 रनों का योगदान किया। वहीं जयपुरिया इलेवन की तरफ से आकाश अवस्थी ने 5 विकेट व देवाशीष चौहान ने 4 विकेट लिए तथा एक खिलाडी रन आउट हुआ। इस प्रकार इस मैच में जयपुरिया इलेवन ने 68 रन से जीत दर्ज की। इस मैच में मैन ऑफ द मैच जयपुरिया इलेवन के आकाश अवस्थी को मिला।

मंगलवार को प्रतियोगिता का नवां मैच सुबह 8:00 बजे से खेला जाएगा। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व मो० हफीज ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की। आज के मैच के दौरान अर्जित मित्तल, लकी गुप्ता, हर्ष अग्रवाल, राधा कृष्ण गुप्ता व राना शुक्ला आदि मौजूद रहे। यह जानकारी सूर्य प्रताप सिंह ने दी।

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र शुभांक सिंह चौहान व पुत्रवधू शिखा सिंह के गलत कार्य व व्यवहारों से व्यथित होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ उनके द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन व क्रिया- कलापो से मेरा एवं मेरे परिवार के अन्य सदस्यो से कोई वास्ता एवं सरोकार नहीं होगा। **-सुरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र स्व0 रघुराज सिंह चौहान, निवासी- 549/282क बड़ा बरहा, पी. आर.डी. ग्राउण्ड, आलमबाग, लखनऊ**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र और सह प्रमाण पत्र वर्ष 2023 रोल नंबर 1232714985 वास्तव में कहीं खो गया है। **-श्रषभ मिश्रा पुत्र ईश्वर शरन मिश्रा निवासी ग्राम भरहापारा वजीरगंज जिला, गोंडा।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा नाम ज्ञानचंद पुत्र शिव प्रसाद है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम ज्ञानी अंकित हो गया है जो कि पूर्णतया गलत है। अब मुझे ज्ञान चंद के नाम से जाना व पहचाना जाए। **-ज्ञानचंद पुत्र शिवप्रसाद, निवासी- अहियाचेत, थाना कौड़िया, तहसील- करनैलगंज, जिला गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र श्याम जी पुत्र राम कृपाल द्विवेदी व उसकी कथित पत्नी रेनू को इनके गलत आचरणों, चाल -चलन के कारण व इनके संसर्ग से उत्पन्न संतानों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रही है। मैं व मेरे पति राम कृपाल से इनके द्वारा गैरकानूनी कार्यो व लेन-देन किये जाने पर कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। उपरोक्त स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-श्रीमती रेखा पत्नी राम कृपाल द्विवेदी, निवासिनी- ग्राम- बजेहटा, थाना-ललपुरा, तहसील- मौदहा, जिला- हमीरपुर उ0प्र0।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैनें अपना नाम MOHAMMAD ARIF SARKAR FAIZY से बदल कर MOHAMMAD ARIF SARKAR रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। -MOHAMMAD ARIF SARKAR S/O AFAQ AHMAD, निवासी- 617/335, UJRION, VIJAY KHAND -2 LUCKNOW, ERAM GIRLS SCHOOL GOMTI NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**

सूचित हो कि मैं भारतीय सेना में NK, ACP (HAV) के पद से सेवानिवृत हो गया है। तथा मेरा नम्बर 14583597 H है। मेरा आर्मी रिकार्ड में नाम प्रमोद कुमार, (PROMOD KUMAR) अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य सभी प्रमाण पत्रो में मेरा नाम प्रमोद कुमार (PRAMOD KUMAR) अंकित है। जो कि सही है। अब इसी नाम से लिखा व जाना जाये। **-प्रमोद कुमार पुत्र यातेन्द्र नारायण, निवासी- भैंसोल मकान नं0- 155 परगना व तहसील - विधूना जिला - औरैया, मो0- 6280310392**

**सूचना**

सूचित हो कि मै नं. JC481588X **सूबेदार सन्तोष कुमार पाण्डेय पुत्र पुत्तू लाल पाण्डेय यूनिट 24बी बटालियन दि राजपूत रेजीमेंट,** मेरे सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरे पिता की जन्मतिथि 01.07.1949 दर्ज है जबकि उनकी सही जन्मतिथि 16.02.1954 है तथा मेरी माता का नाम SHUSHEELA तथा जन्मतिथि 01.07.1954 दर्ज है जबकि सही नाम SUSHEELA तथा जन्मतिथि 25.03.1956 है। अत: मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि 16.02.1954 तथा माता का सही नाम SUSHEELA तथा सही जन्मतिथि 25.03.1956 दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा विवाह के पूर्व नाम गीता देवी था किन्तु गोपाल दीक्षित से विवाह होने के पश्चात ससुराल पक्ष की रूतियों एवं रीति रिवाजो के अनुसार मेरा नाम गीता दीक्षित हो गया है जिस कारण मुझे गीता दीक्षित के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाय तथा अभिलेखो मे मेरा नाम गीता दीक्षित दर्ज किया जाय। -श्रीमती गीता दीक्षित पत्नी श्री गोपाल दीक्षित पुत्री स्व0 शम्भूनाथ मिश्रा निवासिनी-म0 नं0 592/146 रथीन्द्र नगर तेलीबाग, लखनऊ

**सूचना**

सूचित किया जाता है की मेरा बैंक आफ बड़ौदा शाखा संडीला में बचत खाता जूनियर हाईस्कूल अंकपत्र के आधार पर खोला गया था जिसमे मेरा नाम राकेश कुमार है किंतु त्रुटिवश पासबुक पर राकेश कुमार गुप्ता हैजबकि अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम राजेश कुमार गुप्ता है। यह दोनो नाम मेरे है अलग अलग व्यक्ति नही है। सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर यदि किसी को आपत्ति हो तो बैंक आफ बड़ौदा में कर सकता है। **-राजेश कुमार गुप्ता पुत्र बद्री प्रसाद गुप्ता, निवासी- ग्राम समद खेड़ा मजरे मीतो, जिला- हरदोई**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रेखा रानी पत्नी मनेन्द्र कुमार, निवासिनी-41, अल्हैयारपुर, फूना, फीना, बिजनौर, उ.प्र., मेरे पति मनेन्द्र कुमार आर्मी नं.-4202728P के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम रेखा देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम रेखा रानी है। अत: मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रेखा रानी दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रिया सिंह पुत्री जितेंद्र सिंह मेरा बीएससी होम साइंस वर्ष 2010, 2013 रोल नंबर फाइनल ईयर का 947316 तथा एनरोलमेंट नंबर U 1011018 इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की डिग्री थी जो वास्तव में खो गई है। **- प्रिया सिंह पुत्री जितेंद्र सिंह पता प- 1 नेह निकुंज कालोनी, बघाम्बरी गद्दी, अल्लापुर प्रयागराज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **आसिफ खान पुत्र माजिद, निवासी- जमाल नगर, गैर एहतमाली, तहसील-सफीपुर, जनपद- उन्नाव,** पहले मेरा नाम आसिफ हुसैन पुत्र माजिद था। जिसे बदलकर मैने अपना नाम आसिफ खान रख लिया है। भविष्य में मुझे आसिफ खान के नाम से जाना- पहचाना व समस्त अभिलेखों में दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी एन.पी. बोर रायफल सं0 - ए0बी0 -05-4982 आफ 315 बोर व लाइसेन्स सं0 -9034/फतेहपुर-84 जिला उन्नाव। मेरा उक्त लाइसेन्स वास्तव में खो गया है। जिसकी द्वितीय प्रति निर्गत किया जाना आवश्यक है। **जीत बहादुर सिंह पुत्र विशम्भर सिंह, निवासी- भड़सर, नौशहरा, थाना- फतेहपुर-84, जिला उन्नाव**

## एक नजर

### अवैध पार्किंग से हो रहीं मार्ग दुर्घटनाएं

**मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** मानपुर क्षेत्र में पकरिया सरैया सानी मानपुर में सीतापुर-बिसवां मार्ग के पास स्थित पेट्रोल पंप से एकदम सटा हुआ इंडेन ढाबा है। जहां अक्सर डग्गामार वाहन पेट्रोल पंप से लेकर ढाबे तक खड़े होते हैं। ऐसे में रोड पर चलने वाले वाहन ओवरटेक करते समय दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। जिस पर पुलिस प्रशासन का भी ध्यान नहीं जाता। बीते दिनों दो मई को दो व्यक्तियों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### हाइटेंशन पोल से टकराई बाइक, महिला की मौत

**तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** पिकअप के ओवरटेक करते समय एक बाइक हाईटेंशन पोल से टकरा गई। जिससे बाइकसवार बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। तालगांव कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर निवासी धन्नेश मिश्रा अपनी ससुराल उमरिया खानपुर से अपनी माता को लेकर अपने घर रसूलपुर जा रहे थे। ग्राम जानीपुर के सामने से आ रही एक पिकअप के ओवरटेक करने की वजह से अपनी बाइक कच्चे पर उतार ले गया और उसी दौरान रोड के किनारे 33000 हजार लाइन खम्भे में बाइक टकरा गयी। जिससे मोटर साइकिल पर सवार महिला शान्ती देवी पत्नी प्रहलाद उम्र 70 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई और पुत्र घन्नेश मिश्रा पुत्र प्रहलाद उम्र 47 गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन में ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र परसेण्डी में भर्ती कराया।

### प्रशिक्षण से गैरहाजिर कार्मिकों पर होगी कार्रवाई

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किये गये मतदान कार्मिकों में से 672 पार्टियों को प्रशिक्षण सोमवार को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल निकट टोल प्लाजा, खैराबाद में प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में 19 पीठासीन अधिकारी, 05 मतदान अधिकारी, प्रथम, 25 मतदान अधिकारी, द्वितीय एवं 20 मतदान अधिकारी, तृतीय अनुपस्थित रहें। उक्त के अतिरिक्त 03 पीठासीन अधिकारी, 04 मतदान अधिकारी, प्रथम, 03 मतदान अधिकारी, द्वितीय एवं 11 मतदान अधिकारी, तृतीय कुल 21 कार्मिक समय से पहले प्रशिक्षण से चले गये। ऐसे कार्मिक जो समय से पहले प्रशिक्षण छोडकर चले गये उनके कार्यालयाध्यक्षों को उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये जा रहे हैं। अनुपस्थित कार्मिकों के कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिये गये है कि संबंधित कार्मिक को 08 मई की प्रथम पाली में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित कर दें अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** पारिवारिक कलह की वजह से एक अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। तंबौर थाना क्षेत्र के लखनीपुर गांव का जहां के निवासी रामलखन पुत्र भगौती उम्र 55 वर्ष बीती रविवार की रात गांव के बाहर एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह ग्रामीण जब शौच के लिए खेतों में गये तब उन्हें इसकी जानकारी हुई, जिसकी सूचना परिजनों को दी। पास पड़ोस के लोगों के मुताबिक वह पारिवारिक कलह से परेशान था। उसने बैंक से कर्जा भी ले रखा था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# हाईस्कूल में आर्यन व इंटरमीडिएट में जया बनीं जिला टॉपर

## 97 प्रतिशत अंकों के साथ कार्तिकेय, साक्षी व अक्षत ने जनपद में दूसरे स्थान पर जमाया कब्जा, ताश्वी को मिला तीसरा स्थान



आर्यन रस्तोगी।



जया शेखर। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** आईसीएससी बोर्ड ने सोमवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम घोषित किये। परीक्षा में सफल और स्थान पाने वाले विद्यार्थियों ने एकदूसरे का मुंह मीठा कराया और बधाई दी। रीजेन्सी पब्लिक स्कूल ने 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं में अपना दबदबा कायम किया। स्कूल के 10वीं एवं 12वीं के छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किये। विद्यालय ने आईसीएसई एवं आईएससी परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आईसीएसई (कक्षा 10) में आर्यन रस्तोगी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम, कार्तिकेय श्रीवास्तव 97 प्रतिशत, साक्षी शुक्ला 97 प्रतिशत अक्षत मिश्रा 97 प्रतिशत ने संयुक्त रूप

**चमकी मेधा**

- इंटर में छात्राओं का रहा जलवा, अदिति व अक्षरा ने हासिल किया दूसरा व तीसरा स्थान

से द्वितीय एवं ताश्वी दिलवानी ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आईएससी (कक्षा 12) में जया शेखर 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद स्तर पर प्रथम रहीं। अदिति त्रिपाठी ने 95 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा अक्षरा श्रीवास्तव ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षार्थियों की शानदार सफलता पर 'रीजेन्सी शैक्षिक समूह' के संस्थापक एमएफ जैदी ने छात्रों व उनके अभिभावको को बधाई दी। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या राशिदा ज़ैदी ने सभी छात्रों एवं अध्यापकों को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की।



अपने माता-पिता व बहन के साथ खुशी मनाते जिले में दूसरा स्थान हासिल करने वाले कार्तिकेय।

### माही जैन ने हाईस्कूल में किया टॉप

महमूदाबाद में आईसीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी हुआ। क्षेत्र के एकमात्र डान बॉस्को हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल की छात्रा माही जैन ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी मेधावियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डान बॉस्को हाईस्कूल की छात्रा माही जैन ने 469 अंक प्राप्त कर टॉप किया। इसी के साथ तन्मय बंशवार को 92.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान, दिव्यांश पोरवाल को 92.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। आदित्यराज सोनी को चैथा, विराज रस्तोगी को पांचवा, मो. सैफ को छठा, अन्वीती सिंह को सांतवां, आर्यंश शुक्ला को आठवां, अनुकल्प को नवां तथा अयान हैदर को दसवां स्थान मिला है। फादर रियो माइकल डिसेल्वा ने बताया कि 35 छात्र-छात्राएँ सफलता के साथ उत्तीर्ण हुए है। सिस्टर मारिया, शिक्षक अनिल कुमार, धर्मेन्द्र, अम्बानी, प्राची, दिवास, मो. नदीम, अनूप मोहन, दीपक पीटर आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### हाईस्कूल में आर्यन व इंटर में अंशुमान रहे अव्वल

मिश्रिख के सीनियर्स रेडियण्ट एकेडमी के आर्यन शुक्ला ने हाईस्कूल में 95.20 प्रतिशत अंक हासिल किये। जबकि कौशिक शुक्ला ने 88.40 प्रतिशत के साथ दूसरा, अभय गुप्ता 87.70 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं ओम त्रिपाठी ने 85.40 प्रतिशत के साथ चैथा, अभिलाषा वर्मा ने 85 प्रतिशत के साथ पांचवा, पुष्कर मिश्रा ने छठा, क्षितिज कुमार अवस्थी ने सातवां, अर्चित सिंह ने आठवां, कौशल शर्मा ने नवां व रिया पाल ने दसवां स्थान प्राप्त किया। जबकि इण्टरमीडिएट में अंशुमान पाण्डेय ने 92.50 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। नित्या शुक्ला ने 87.50 प्रतिशत के साथ दूसरा तथा आयुषी श्रीवास्तव ने 86.50 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्तुति गुप्ता चैथे, अंशिका शर्मा ने पांचवा, गौरी गुप्ता ने छठा स्थान, नित्या पाण्डेय ने सातवां स्थान, मोहम्मद जैद अंसारी ने आठवां स्थान प्राप्त किया। वहीं रूपेन्द्र कुमार त्रिपाठी नवें और कौस्तुभ सिंह दसवें स्थान पर रहे। अध्यापकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**आईसीएसई में विषयवार शत-प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले छात्र**

| | |
|---|---|
| गणित | कार्तिकेय श्रीवास्तव |
| रसायन विज्ञान | आर्यन रस्तोगी |
| जीव विज्ञान | साक्षी शुक्ला |
| इतिहास | कार्तिकेय, साक्षी, वनिशा, युवराज |
| कम्प्यूटर | ताश्वी दिलवानी |
| शारीरिक शिक्षा | हर्ष कुमार |
| कामर्स (वाणिज्य) | लविश अग्रवाल |



माही जैन को मिठाई खिलाकर बधाई देते परिवारीजन। अमृत विचार

### आईपीएस बनने का सपना संजोये हैं राजन

जनपद के सिहानीपारा गांव निवासी राजन कुमार ने 86 प्रतिशत अंक लाकर जनपद समेत माता पिता व गुरुजनों का मान बढ़ाया है। बताते चलें कि राजन कुमार पुत्र पंकज कुमार जो जनपद के परसेंडी विकास क्षेत्र के सिहानीपारा गांव के मूल निवासी हैं। जो भविष्य में आईपीएस बनने के अपने सपनो को उड़ान देने के लिए गुरुकुल एकेडमी पलिया कलां में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। जिन्होंने इस वर्ष 12वीं कक्षा की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है। बचपन से ही राजन की रुचि पढ़ाई में रही है। राजन भविष्य में आईपीएस का सपना संजोए हुए हैं और वह सिविल सर्विस में जाना चाहते हैं अपनी इस सफलता का श्रेय वह अपने गुरुजनों और माता-पिता समेत अपने स्व दादा राम प्रसाद( स्टेशन अधीक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे), दादी व समस्त परिजनों को देते हैं, राजन के टॉप करने पर पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।

# फ्लाइंग स्क्वायड एवं एसएसटी ने की चेकिंग



कार की चेकिंग करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से ्रसंपन्न कराने के उद्देश्य से चेकिंग अभियान के तहत सोमवार को नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर फ्लाइंग स्क्वायड टीम एवं एसएसटी टीमों ने आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की। फ्लाइंग स्क्वायड टीम के मजिस्ट्रेट हरीश कुमार श्रीवास्तव, उवेश अली उपनिरीक्षक और तेजपाल कैमरामैन एवं एसएसटी टीम के पवन कुमार मजिस्ट्रेट, प्रदीप कुमार, सुरजीत सिंह ने नगर के बिसवां तिराहा गेट पर आने जाने वाले वाहनों को रोककर अवैध शराब, नगद रुपए, नशीली वस्तुएं व मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली वस्तुओं की तलाशी ली। गेट पर चेकिंग होते देख कर बचने के लिए भारी संख्या में वाहन चालक वापस होकर दूसरे संपर्क मार्गों से निकल गए।

## न्यायालय के आदेश पर तीन पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज

**थानगांव।** करीब तीन माह पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रंगवा निवासिनी एक 19 वर्षीय युवती शौच के लिए खेतों की तरफ गई थी। आरोप है तभी तीन आरोपियों ने खेत से अपहरण कर लगातार कई दिनों तक गैंगरेप किए। युवती आरोपियों के चंगुल से किसी तरह छूटकर कर पांचवें दिन घर पहुंची और परिजनों से आप बीती सुनाई। न्यायालय के आदेश पर थानगांव पुलिस ने धारा 366, 343, 376 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दिया है। उक्त कार्यवाही में तीन आरोपियों के नाम हैं। जिसमें रवीन्द्र पुत्र जयराम निवासी ग्राम धनावा पारपुरवा थाना रेउसा व परमजीत और संजय निवासी रंगवा को शामिल होना बताया गया है। आरोप है उक्त घटना की पुनरावृत्ति के लिए डाक्टरी परीक्षण कराने बीते 22 अप्रैल को पीड़िता अपनी मां के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा जा रही थी। तभी रेउसा चौराहे से उक्त आरोपियों ने पीड़िता को पुनः गायब कर दिए हैं। थानगांव थानाध्यक्ष हनुमंत लाल ने बताया न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पूर्ण प्रकरण की पारदर्शिता से जांच कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# 22 मई तक ट्रांसफार्मर लगाने की मांग, वरना करेंगे आंदोलन

**हरगांव, अमृत विचार।** विद्युत उपकेंद्र हरगांव के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में इस समय काफी दिनों से विद्युत आपूर्ति बेपटरी चल रही है। जिससे किसानों को खेतों की सिंचाई व पलेवा करने में दिक्कत आ रही है। इससे परेशान होकर हरगांव क्षेत्र के किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष पिंदर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में विद्युत उपकेंद्र हरगांव का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना पाकर उपखंड अधिकारी हरगांव, अपराध निरीक्षक थाना हरगांव, सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसान नेताओं ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन उप खंड अधिकारी पावर हाउस हरगांव को सौंपा।

**सौंपा ज्ञापन**

- विद्युत उपकेंद्र हरगांव के क्षेत्रों में बेपटरी चल रही आपूर्ति

समाधान के तौर पर किसान नेताओं व विद्युत अधिकारियों के आपसी सामंजस्य से यह निर्णय किया गया कि 22-24 मई तक हैदरपुर फीडर पर पांच एमवीए का पावर परिवर्तक को स्थापित कर किसानों को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति जारी कर दी जाएगी। वहीं किसान नेताओं ने बिजली अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 22 मई तक पांच एमवीए का पावर परिवर्तक नहीं लगाया जाता है, तो किसानों को मजबूर होकर अगले दिन बिजली विभाग के बडे. अधिकारियों का घेराव करना पड़ेगा। इस अवसर पर ज्ञानी गुरदीप सिंह चीमा, हरदेव सिंह, बलवंत सिंह, चेन्ना सिंह, सेवा सिंह आदि भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। एसडीओ हरगांव रामाज्ञा ने बताया कि किसानों को लिखित आश्वासन दिया गया है कि शीघ्र ही दूसरा ट्रांसफार्मर लग जायेगा।

## सार-संक्षेप

### संतों की टोली ने की मतदान की अपील



मतदान की अपील करते संत। अमृत विचार

**सेउता, अमृत विचार।** रेउसा में नैमिष से पहुंची सन्तों की टोली का वरिष्ठ विहिप प्रखण्ड रेउसा टीम राजपुर क्योंटाना ने बड़ी धूमधाम से स्वागत सम्मान किया। दिलीप पांडे, अरविंद मिश्र, अनुराग मिश्र, तन्नू लाल अवस्थी, पंकज बाजपेयी आदि वरिष्ठ लोगों ने बताया कि संतों की टोली सेउता विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर बैठक कर जागरूकता के बारे में चर्चा की। मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। नैमिषारण्य से पधारे महामंडलेश्वर खागी महराज, नारायन दास महाराज आदि ने मार्गदर्शन दिया। इस मौकेक पर अश्वनी तिवारी, राजू शुक्ल, डॉ. मृदुल बाजपेयी, अरविंद, अनुराग सुधाकर, आशुतोष, राज कुमार वर्मा आदि लोग उपस्थति रहे।

### बच्चों को बांटी गई कापियां व शिक्षा संबंधी सामग्री



छात्रा को कॉपी व अन्य सामग्री देते महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**लहरपुर।** युवा उत्थान महासभा ने सोमवार को क्षेत्र के ग्राम बरेती स्कूल में बच्चों को कापियां और शिक्षा संबंधी अन्य समग्रियों का वितरण किया गया। युवा उत्थान महासभा के महासचिव अजीत कुमार वर्मा ने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बरेती जलालपुर कंपोजिट के दो दर्जन से अधिक निर्धन छात्र-छात्राओं को उनके कोर्स की कापियां व शिक्षा संबंधी पटरी, पेंसिल, रबर, जॉमेट्री बॉक्स, लंच बॉक्स व अन्य सामग्री का वितरण किया। वितरण सामग्री कृष्णपाल सिंह वर्मा, शिवम, निरंजन व अन्य लोगों के सहयोग से बच्चों में वितरित की गई। अजीत वर्मा ने बताया कि संगठन ने यह तय किया है कि गरीब बच्चों को उनकी पढ़ाई के लिए शिक्षा सामग्री का जिम्मा हम लोगों ने उठाया है। बच्चों को चिन्हित कर हम लोग उन्हें उनके पाठ्यक्रम की व्यवस्था करवा रहे हैं। इस मौके पर छैल बिहारी मिश्र, राजेंद्र वर्मा, राज कुमार वर्मा, अजय मिश्रा, नितिन सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### आठवीं व 10वीं के छात्रों ने ताइक्वांडो में जीता सिल्वर मेडल



सिल्वर मेडल के साथ सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के छात्र। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के दो छात्रों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल किया है। जनपद स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में करीब पांच सौ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। सिल्वर मेडल मिलने पर क्षेत्रीय विधायक व कई अन्य लोगों ने इस सफलता पर छात्रों के साथ कालेज को बधाई दी है। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के आशुतोष बृजमोहन मेमोरियल इंटर कालेज के 10वीं के छात्र यश श्रीवास्तव ने 57 किग्रा भार श्रेणी तथा इसी कालेज के 8वीं के छात्र अनुभव यादव ने 41 किग्रा भार श्रेणी में द्वितीय स्थान हासिल करके सिल्वर मेडल प्राप्त किया। कालेज के क्रीड़ाधिकारी फराज अली ने बताया कि ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पूरे जनपद के सभी विद्यालयों के करीब पांच सौ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल मिलने पर विधायक आशा मौर्या, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, राम कुमार वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, चंद्रकांत रस्तोगी, सीपी तिवारी, सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

### समय से गन्ने की सिंचाई कर संतुलित उर्वरक का करें प्रयोग

**पिसावां।** कस्बे के नेरी मार्ग पर स्थित उन्नति केंद्र पर डीएससीएल शुगर मिल हरियावां के उप महाप्रबंधक सोनवीर सिंह ने किसानों को जागरूक करते हुये बताया कि गन्ना आयुक्त द्वारा जारी सर्वे नीति के अनुसार गन्ना समित महोली व चीनी मिल की 25 संयुक्त टीमों का गठन करके सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। सभी कृषक खेत पर मौजूद रहकर गन्ना प्रजाति व रकवा जरूर दर्ज करायें। नए सदस्य बनने वाले कृषक अपने खेतों की नाप करवाकर कामदार के पास खतौनी व संबंधित दस्तावेज जमा कर दें।

# बाइक सवार बदमाशों ने दो महिलाओं से सरेराह छीनी चेन

**सीतापुर, अमृत विचार।** बिसवां कोतवाली इलाके में बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने सरेराह दो महिलाओं से चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है। वारदात को अंजाम देकर भागते समय बदमाशों की तस्वीर कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित महिलाओं ने पुलिस को सूचना देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का दावा है कि तहरीर नहीं मिली है लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। दिनदहाड़े हुई वारदात से मोहल्लेवासियों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के दो अलग अलग इलाकों में बाइक सवार दो बदमाशों ने महिलाओं से चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। बताया जाता है कि कस्बे के मोहल्ला पुरवारी टोला निवासी सरोज अग्रवाल पत्नी स्वर्गीय विजय अग्रवाल मोहल्ला कमंगरी टोला में संतोषी माता मंदिर से दर्शन कर वापस आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में राम मेहरोत्रा घर के सामने बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने महिला के गले में पड़ी सोने चेन पर झपट्टा मार दिया। महिला जब तक कुछ समझ पाती तब तक उसके गले से चेन लेकर बदमाश मौके

**अपराध**

- बाइक सवार दो बदमाशों ने अलग-अलग जगहों पर वारदात को दिया अंजाम
- सीसीटीवी में कैद हुई घटना



बाइक सवार बदमाश महिला के गले से चेन छीनते सीसीटीवी में हुये कैद। अमृत विचार

से फरार हो गये। पीड़ित महिला सरोज अग्रवाल ने बताया कि उनकी चेन करीब तीन तोला सोने की थी, जिसकी कीमत 1 लाख रूपये से अधिक थी।

दूसरी वारदात भी कस्बे के कमंगरी टोला में ही घटी। यहां सड़क से गुजर रही कुसुम पत्नी रामकिशोर और रामदेवी (50) पत्नी स्व किशन सिंह निवासी मोहल्ला काजीटोला से दो बाइक सवार बदमाशों ने रामदेवी के गले में पड़ी सोने की चेन सरेराह छीनकर बदमाश फरार हो गये। दोनों वारदात कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गई। सीसीटीवी में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह बदमाश झपट्टा मारकर महिला की चेन को छीनकर फरार हो गये।

पीड़ित महिला ने बाइक सवार बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन बाइक होने के चलते गलियों में होकर वह रफूचक्कर हो गये। चेन स्नैचिंग की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित महिलाओं से पूछताछ कर सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि अभी तक पीड़ित महिलाओं की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की तफ्तीश कर बदमाशों का सुराग लगाया जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

**सक्रियता** — हरगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

# वर्ष के अंत तक माफ कर दिए जाएंगे किसानों के कर्ज : आनंद

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** सोमवार को धौरहरा लोकसभा क्षेत्र में आने वाली हरगांव विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि इस बार केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार का बनना तय हैं। गठबंधन सरकार बनने पर जन समस्याओं के समाधान की दिशा में तेजी से प्रयास होंगे। किसानों, युवाओं और महिलाओं की मुश्किलों के समाधान के प्रयास तेजी से किए जाएंगे। अधूरे और ठप पड़े विकास कार्यों के निर्माण में तेजी लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर एमएसपी कानून लागू होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही राशन में आटा के साथ डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ाकर 450 रुपए किया जाएगा। सपा प्रत्याशी ने कहा कि खाली पड़े 30 लाख सरकारी पदों पर नौकरियां निकाल कर भर्ती की जाएगी और सभी सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे। जिनके कच्चे मकान या फिर झोपड़ी हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जाएंगे। सभी किसानों के कर्ज साल के अंत तक माफ कर दिए जाएंगे। छोटे और सीमांत किसानों को पांच हजार रुपए की मासिक पेंशन दी जाएगी। किसान अपनी उपज को आसानी से और उचित मूल्य पर बेच सकें, इसको लेकर हर दस किमी पर कृषि मंडी बनाई जाएगी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सपा के घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि मनरेगा मजदूरों के जीवन स्तर को उठाने के लिए मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपए की जाएगी।



समर्थकों व जनता के बीच सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया। अमृत विचार

सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरी के पेपर जिस तरह से लीक हो रहे हैं, उससे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। लेकिन केंद्र में जब सपा होगी तो पेपर लीक जैसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साथ ही लैपटॉप वितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जाएगा। बालिकाओं को परास्नातक तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी की हरगांव विधान सभा इकाई के अध्यक्ष फुरकान खां, लाल सिंह, विनय वर्मा, कपिल मिश्रा, राजवीर सिंह, राजेश कनौजिया आदि मौजूद रहे।

## नौ मई तक मतदाता पर्ची न मिलें तो कंट्रोल रूम में करें संपर्क

**सीतापुर।** विधानसभा 147 हरगांव सहित सभी विधानसभा में दिव्यांगजन एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र वालों की घर-घर वोटिंग 6 और 7 मई को कराई जा रही है। इस श्रेणी में आने वाले लोगों के घर पोलिंग पार्टी पहुंचकर वोट डलवा रही है। उन्होंने इसके अतिरिक्त समस्त मतदाताओं को सूचित किया है कि बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने का काम प्रारम्भ हो गया है। मतदाता बीएलओ से अपनी पर्ची प्राप्त कर लें। नौ तारीख तक जिनको पर्ची न प्राप्त हो, वह तहसील सदर में स्थित कंट्रोल रूम में नम्बर 05862-273090 पर सूचित कर सकते है, जिसका निस्तारण तत्काल कराया जाएगा।

माता यस्य गृहे नास्ति भार्या चाप्रियवादिनी।
अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम् ॥

जिसके घर में न माता हो और न स्त्री प्रियवादिनी हो, उसे वन में चले जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए घर और वन दोनों समान ही हैं।

## संपादकीय

# स्कूलों को धमकी

दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में आठ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। इससे अभिभावकों में दहशत है। प्रारंभिक जांच के अनुसार ईमेल भारत के बाहर से भेजा गया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को तीसरे चरण के लिए मतदान किया जाना है। गुजरात की 25 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इससे ठीक एक दिन पहले सुबह के समय एक ईमेल मिला, जिसमें स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। अहमदाबाद में वीआईपी आवागमन बना रहता हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत तमाम बड़ी हस्तियों के वोट डालने की संभावना है। इसके चलते अहमदाबाद पुलिस डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते के साथ स्कूलों की जांच में जुटी है। बेंगलुरु, दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में अफरातफरी का माहौल है। इस धमकी के बाद परिजन परेशान हो गए। पुलिस ने अभिभावकों से परेशान नहीं होने की अपील की है। निश्चित रूप से बम संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था।

गौरतलब है कि 1 मई को दिल्ली-एनसीआर में करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। दहशत फैलाने वाले का मकसद क्या था, इस बाबत पुलिस की जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि संभव है कि इसके लिए 'डार्कनेट' या 'प्रॉक्सी सर्वर' का प्रयोग किया गया हो। पुलिस की आतंकवाद विरोधी ईकाई, स्पेशल सेल भी जांच में जुटी है। साजिशकर्ता कहीं भी बैठकर ये मेल भेज सकते थे। दो वर्ष पहले भोपाल के मिशनरी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजने के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने खुलासा किया था कि वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए जनरेट होने वाले इंटरनेट प्रोटोकोल एड्रेस के माध्यम से ईमेल स्कूलों की मेल आईडी पर आने की जानकारी एवं साक्ष्य उस विवेचना में मिले। उस समय भी सवाल था कि यह किसी आतंकी हमले का पूर्वाभ्यास भी हो सकता है? क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंततः लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। हालांकि इन ईमेल के मूल तक पहुंचना या साजिशकर्ता को चिह्नित करना लगभग 'असंभव' है। क्योंकि ईमेल भेजने के बाद ऐसे अकाउंट समाप्त कर दिए जाते हैं। ऐसी धमकियां भी 'साइबर अपराध' का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए अतिरिक्त सक्रियता बरतने की जरूरत है।

# जीतेगी पार्टी और हारेगी जनता


डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है।

18 वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव प्रक्रियारत है। देश में अनेक राजनैतिक पार्टियां अपना भविष्य आजमा रही हैं, जबकि मुख्य रूप से दो पार्टी बीजेपी और कांग्रेस सत्ता पाने की दौड़ में है। एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है। दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव भी विवादों से बच नहीं पाया है। यदि आप कुछ लोगों से और राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं से बात करेगे तो ईवीएम पर भी बड़ा प्रश्न समझ में आएगा। पर इन सभी बातों के बीच एक महत्वपूर्ण बात जो आजादी के बाद से चली आ रही है उस पर ध्यान शायद ही किसी का हो और इस लोकसभा चुनाव भी यही होगा- "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। यह केवल एक वाक्य नहीं है बल्कि अपने देश की वास्तविक सच्चाई भी है यह तभी समझ में आएगा जब आप निष्पक्ष और गहराई से इसका आकलन करके निष्कर्ष पर पहुंच पाए।

साम्प्रदायिकता : आप क्या है? एक इन्सान या फिर एक जाति और धर्म जिसे मानवीय नेतृत्व ने निर्धारित किया है। आजादी के पश्चात से लेकर अभी तक में सांप्रदायिकता अपने चरम पर है। शिक्षित और अशिक्षित सभी श्रेणी के लोगों में इसका जहर अपना अमिट प्रभाव बना चुका है, जिसका खामियाजा छुट-पुट रूप में दिख रहा है पर आगामी समय में इसके बड़े दुष्परिणाम को रोकना लगभग असंभव होगा और यदि आप यह सोच रहे हैं कि आप इससे बचे रह जाएंगे तो आप गलत हो क्योंकि इसका खामियाजा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर सभी को कुछ न कुछ उठाना पड़ेगा। हां प्राप्त नुकसान का प्रतिशत कम या अधिक हो सकता है और हां इस बात के लिए सभी राजनैतिक पार्टियों को बराबर का जिम्मेदार बनाया जा सकता है।

भ्रष्टाचारः दशकों से अलग-अलग नेतृत्वकर्ताओं के द्वारा किया गया वायदा और बनाए गए नियम एक बार नहीं लगातार विफल सभी को दिखाई दे रहे हैं। समय और तकनीकी के विकास के साथ भ्रष्टाचार का नया स्वरुप सामने आया है। कमी होने के बजाय इसमें वृद्धि हुई है। इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार किसे बनाया जाए, यह कहा नहीं जा सकता, क्योंकि अघोषित इस संगठन के कितने हिस्से और लोग हैं, आज तक किसी को नहीं पता। पर यह आपके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हो गया है और यह कहा जा सकता है की यह कुछ एक को छोड़ करके सभी के ब्लड में शामिल हो गया है।


आजादी पर रोक : आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारी : जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है।

आजादी पर रोकः आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारीः जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है। बढ़ती कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली, निजीकरण भले ही सरकारी रोजगार ख़त्म कर रहे हों पर इस बात को भी झुठलाया नहीं जा सकता कि ठेका प्रणाली के विस्तार से आज कार्यरत सभी आदमी मानसिक बीमारी का शिकार है जिसका आकलन भी कोई नहीं करना चाहता। कार्य के घंटे, भुगतान, शिकायत निवारण न होना जैसे अनेक ऐसी बातें है जो आम आदमी के जीवन को खत्म कर रही हैं।

बढ़ती महंगाई और सीमित होते सामाजिक कार्य : महंगाई की स्थिति इतनी भयानक है कि आज हर आदमी अपनी जमीनी आवश्यकताओं से समझौता कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी के हितों की अनदेखी के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की घटती संख्या उनमें अवसाद उत्पन्न कर रही है। वैश्विक मानकों के तहत आज देश में शायद ही कोई प्रभावशाली योजना हो जो आम आदमी के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव सहयोग करके ला रही हो।

लिखने और कहने को अनेक मुद्दे और बातें है पर वर्तमान सच्चाई यह है कि दशकों पूर्व हम जिन मुद्दों से लड़ रहे थे अब वो मुद्दे अपने नए स्वरुप में सभी के सामने हैं और समाधान किसी के पास नहीं है। जमीनी आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय से दशकों पहले हम अपने जीवन में इनकी अनुपस्थिति से लड़ रहे थे। अब हम इनकी उपस्थिति के बावजूद इनकी लागत को न उठा पाने से लड़ रहे है। आज प्रत्येक आदमी इन मुद्दों के नए स्वरुप से लड़ रहा है और बिना किसी भेदभाव या पक्षपात के यह आसानी से कहा जा सकता है कि "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। क्योंकि इन समस्याओं ने इतना विकराल स्वरुप बना लिया है जिसका समाधान करने की शायद ही कोई सोचे। आज भी चुनाव हो रहे है आगे भी होते रहेंगे। एक दो नहीं बल्कि ऐसी अनेक बातें आएंगी और जाएंगी, जो सभी को आश्चर्यचकित कर देंगी। पर यह भी अमिट सत्य है कि इन अव्यवस्था के लिए सिर्फ एक पार्टी या राजनैतिक दल जिम्मेदार नहीं है बल्कि शासन करने वाला प्रत्येक सख्श जिम्मेदार है जिसने इन मुद्दों से लड़ने के लिए समय पर सही कार्यवाही नहीं की।

## प्रसंगवश

# हमारे परिवार नहीं है


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी जन सभाओं में यह बात जोर शोर से कह रहे हैं कि, 'हमारे तो परिवार नहीं है, हम तो आपके परिवार, बच्चों के लिए खप रहे हैं'। इस तरह वे अपने को त्यागमूर्ति साबित करके देश हित हेतु समर्पित सिद्ध कर रहे हैं। विचार करने पर उनके इस उद्घोष में सत्यता नहीं परिलक्षित होती है। उनके परिवार तो है। विधि सम्मत विवाहिता पत्नी अभी विद्यमान होकर परित्यक्त जीवन व्यतीत कर रही हैं। रही दूर रखने की बात, तो यह हिंदू धर्म व संस्कृति तथा कानूनी प्रावधानों से भी मेल नहीं खाता। विष्णु और शिव संसार का प्रभार उठाए हैं। उनकी पत्नियां साथ हैं। शिव जी ने तो अपने अर्द्ध वाम अंग में ही पार्वती माता को स्थान दे दिया है और अर्द्धनारीश्वर होकर लोक पूज्य है। यही नहीं भारत के महापुरुष, जिनकी राष्ट्र व समाज के प्रति अप्रतिम सेवाएं रहीं हैं, पत्नी साथ रखते रहे हैं। गांधी और डा.राजेन्द्र प्रसाद के नाम इस प्रसंग में हम ले सकते हैं। जहां तक कानून का प्रश्न है, तो वैध तलाक के लिए हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत न्यायालय की डिग्री होनी चाहिए। मोदी जी के केस में ऐसा कुछ नहीं है, यानी देश के कानून के अनुसार पृथकत्व नहीं है। परिवार में भाई, भतीजे भी आते हैं। भतीजी विगत में गुजरात में, पार्षद चुनाव लड़ने का भाजपाई टिकट चाहती थी, जो उसे नहीं दिया गया, ताकि वंश में कोई और आगे न बढ़ सके। फैसला तो जनता करती। एक सुभाषित है-परिवर्तिनि संसारे मृतः को वा न जायते।/स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम्।। (अर्थात् परिवर्तनशील संसार में मरता जीता कौन नहीं है? किंतु उसी का जन्म सार्थक है, जिससे वंश/कुल की उन्नति हो।)

पत्नी व परिवार के त्यागी मोदी ने क्या भव्य बंगला और उच्चकोटि की सुख सुविधाएं भी त्यागीं? नहीं। चार करोड़ से ऊपर का सूट पहना। वैसे चाणक्य भी समृद्धतम राज्य के प्रधानमंत्री थे, जो नगर के बाहर कुटिया में रहकर राजकाज करते और बेहद सादा जीवन व्यतीत करते थे।

# पहाड़ों में धधकी हुई है आग


अशोक पांडे
हल्द्वानी

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है, हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतज़ार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

अकेले कुमाऊं में पांच सौ से अधिक जगहों पर दावानल का कहर बरपा है। पांच लोग जल कर मर चुके हैं और तमाम जगहों से आग के विकराल स्वरूप के डरावने वीडियो सामने आ रहे हैं। शहरों-गांवों की हवा में इस कदर धुआं घुल चुका है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, बच्चों-बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। जो अभी घट रहा है उसकी पहले से ही आशंका थी क्योंकि जंगलों का सुलगना इस साल जनवरी में ही शुरू हो गया था। यह और बात है कि हमेशा की तरह इस बार भी किसी ने समय रहते उसकी सुध न ली।

पहाड़ की सुंदरतम जगहों में हफ्तों से धुएं का गहरा परदा पड़ा हुआ है, हवा गाढ़ी हो गई है, धूप का निशान नहीं है। उसके बावजूद कल मैं देख रहा था भीमताल की झील का पानी हेलीकॉप्टरों की मदद से उठा कर जंगलों की आग के ऊपर बरसाया जा रहा था। इस दृश्य से मुदित कुछ युवा पर्यटक हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी ले रहे थे। पास के खोखे में उनके लिए मैगी उबल रही थी। पर्यटन और रोजगार का अद्भुत मॉडल सामने था।

पहाड़ों में अमूमन इस मौसम में आग लगना आम है। सदियों से यह परंपरा रही है कि चारे के लिए अच्छी घास उगाने की नीयत से जंगलों में फैली हुई चीड़ की सूखी पत्तियों यानी पिरूल को नियंत्रित रूप से जलाया जाता था। इस आग को नियंत्रित करने के लिए जंगलात विभाग ने बाकायदा पतरौल और अगलैन जैसे पदों पर लोग तैनात किये हुए थे। इस विभाग में काम कर चुके पुराने अफसरों के संस्मरण पढ़िए तो पता चलता है समूचा डिपार्टमेंट इस बात को सुनिश्चित करता था कि हर साल अप्रैल-मई-जून में लगने वाली इस आग से कम से कम नुकसान हो। उत्तराखंड बनने के बाद जंगल में लगने वाली आग से निबटने के लिए अलग से बाकायदा एक विभाग भी बनाया गया। अपने उद्देश्यों में वह कितना सफल रहा है सबको दिखाई देता है।

हमसे पहले की पीढ़ियां इस आपदा से साल-दर-साल सलीके से लड़ती रही हैं। इधर के सालों में ऐसा क्या हुआ होगा कि तमाम अफसरशाही, नेतागिरी, अखबारबाजी और सोशल मीडिया के बावजूद हालात बिगड़ते चले गए।

समझ में आता है कि हमने एक समुदाय के रूप में सोचना और काम करना बंद कर दिया है। हम एक जिम्मेदार और सभ्य समाज के रूप में रहना भूल चुके हैं। इस तरफ रहने वाले सोचते हैं उधर की आग से हमें क्या, उधर वाला सोचता है अभी मेरा घर बचा हुआ है। आगे की आगे देखेंगे। जब दोनों तरफ के गांव आग की चपेट में आ जाते हैं तो दोनों मिलकर सोचते हैं इतनी बड़ी सरकार है, यह तो उसका काम है। वन विभाग कहता है उसकी व्यवस्था तो पूरी तरह चौकस है, शरारती तत्व आग लगाने से बाज नहीं आते।

जंगल में आग लगती है तो कीड़े-मकोड़े मरते हैं, तितलियां मरती हैं, छोटी झाड़ियां और नए पेड़ मरते हैं, उड़ने से लाचार चिड़ियों के नन्हे बच्चे घोंसले में ही मर जाते हैं, वन्य जीवों के कुनबे उजड़ जाते हैं। प्रकृति और उसकी पारिस्थितिकी का संतुलन ऐसा डावांडोल होता है कि अगर सब ठीक चला तब उसे सम्हलने में दस-बारह साल लग जाते हैं। पानी के प्राकृतिक स्रोत तबाह हो जाते हैं। यह कॉमन सेंस की बात है जिसे अनिवार्य रूप से स्कूलों के पाठ्यक्रमों में जगह मिलनी चाहिए।

सरकार के पास तमाम संसाधन हैं लेकिन उसके पास न कोई तैयारी है, न कोई विजन। आग बुझाने की ट्रेनिंग के जो कार्यक्रम दिसंबर जनवरी में गांव-गांव में चलाए जाने चाहिए थे उनकी याद मई-जून में आती है। जिन वनकर्मियों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कर दिया जाना चाहिए था उनके पास एक लाठी है या हद से हद एक रेक जिसके दांते टूट चुके हैं। जंगल जलता है तो वे उसी जंगल के बचे हुए पेड़ों के पत्तों को तोड़ कर उनकी झाड़ू बनाते हैं। फिर उसी झाड़ू से पीट-पीट कर आग बुझाने का प्रागैतिहासिक तरीका अपनाया जाता है।

पर्यावरण किसी भी राजनैतिक पार्टी के एजेंडे में कहीं नहीं है। हिमालय और उसके सरोकार किसी मैनीफेस्टो का हिस्सा नहीं बनते। एक जमाने में आग को बुझाने का काम सरकार और जनता दोनों का साझा होता था। अब दोनों के बीच कैसी दूरी है बताने की ज़रूरत नहीं। जो सरकार जागेश्वर जैसी जगह के पांच सौ साल पुराने देवदारों को काटने की योजना तक बना सकती है, उसके सरोकारों में पेड़ और जंगलों की जगह कहां होगी यह भी बताना बेमानी है।

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है, हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतजार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

## सोशल फोरम

# ये गारंटियां पे गारंटियां


कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

ये चुनाव भी क्या शै हैं, जैसे गारंटियां ही गारंटियां दिए जा रहे हैं नेता। एक से बढ़कर एक गारंटी। पहले तो व्यावसायिक कंपनियां गारंटियां दिया करती थीं और कोई भी चीज़ खरीदने के बाद गारंटी संभाल कर रखते थे ताकि समय आने पर कंपनी को दिखाई जा सके। अब पिछले दस वर्षों से राजनीति वाले भी गारंटियां देने लगे हैं और जनता इनसे कुछ पूछने के मूड में दिख रही है -पुरानी गारंटियां दिखा कर। जैसे अच्छे दिन आने की गारंटी दी गई थी, जैसे स्विटजरलैंड से काला धन लाकर सीधे हर किसी के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपये आने की गारंटी और दो करोड़ युवाओं को रोज़गार जैसी गारंटियां दी गई थीं। अच्छे दिनों की बात तो चुनावी जुमला कहकर टाल दी गई और युवाओं को रोजगार के नाम पर कितने युवाओं को रोजगार मिला, ये आंकड़े आए नहीं कभी। हां, महंगाई की कोई गारंटी नहीं थी, सो महंगाई खूब बढ़ी और रसोई गैस सिलेंडर एक हज़ार से ऊपर चला गया। किसानों को तीन कृषि कानूनों का विरोध एक साल से ऊपर तक करना पड़ा, तब कभी जाकर जान छूटी। अब एमएसपी के लिए फिर संघर्षरत हैं, किसान और हरियाणा में तो भाजपा प्रत्याशियों को इसके बारे मे काले झंडे दिखा कर सवाल पूछे जा रहे हैं। इस गारंटी का क्या होगा और कौन पूरी करेगा? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि यदि सत्ता में आई तो कोई डमी प्रधानमंत्री नहीं बनाएगी? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि इमरजेंसी जैसी कोई भूल फिर नहीं करेगी? क्या यह अग्निवीर योजना रद करेगी और रसोई गैस व पेट्रोल की कीमतों पर काबू रखेगी ? ओल्ड पेंशन बहाल करेगी?

यह शहजादा या शाही परिवार पर हमले करने से जनता की समस्याओं का हल निकल आएगा या सत्ता में आने पर कौन -कौन सी गारंटी राहुल पूरी कर पाएंगे? उतनी ही गारंटियां दो, जितनी पूरी कर सको। बाद में चुनावी जुमले साबित न हों ये गारंटियां।
चुनाव में मारी एंटरियां/ तो देने लगे गारंटियां।

-फेसबुक वॉल से

# ऐतिहासिक बरेली कॉलेज की विरासत


सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते।

बरेली कॉलेज अपनी स्थापना के 187 वर्ष पूरे कर चुका है। 1937 में शुरू हुए इस शिक्षा संस्थान के 1905 में बने नए भवन का उद्घाटन करने अवध-आगरा क्षेत्र के लेफ्टीनेंट गवर्नर सर जेम्स जोन्स डिगस लाटूश आए थे। महाविद्यालय बनते-बनते इस कॉलेज ने अपने लंबे सफरनामे में बहुत उतार-चढ़ाव देखे। वर्ष 1987 में इस कॉलेज की डेढ़ सौवीं जयंती मनाई गई। तब 'शताब्दियों में बरेली कॉलेज' को कुछ इस तरह याद किया गया था- शताब्दियों से जिनका उच्च शिक्षा से कोई संबंध न रहा हो उन्हें किसी विशेष शिक्षण संस्था का प्राचीन इतिहास कुछ भी आकर्षित न करे पर पिछले डेढ़ सौ वर्षों से बरेली और उसके आसपास दूर-दूर के क्षेत्रों में जिनके किसी संबंधी का भी कोई संबंध बरेली कॉलेज से रहा है वह उसके अस्तित्व के विगत इतने वर्षों के इतिहास से अपने को जुड़ा हुआ समझ सकता है। आगरा के आगरा कॉलेज और दिल्ली के दिल्ली कॉलेज की तरह बरेली कॉलेज भी देश के प्राचीनतम शिक्षण संस्थाओं में से एक है। उसकी स्थापना सन् 1837 में एक स्कूल के रूप में हुई थी तो देश में समझौते की नई शिक्षा नीति का ऐलान हो चुका था और उसकी शिक्षा का उद्देश्य प्रशाससिक कार्यों में सहयोग के लिए बाबू तैयार करना था। सन् 1950 में उसे राजकीय कॉलेज का स्तर तो दे दिया गया था, पर उस समय तक जो भारतीयता की भावना इस क्षेत्र में फैल गई थी वह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के आते-आते स्वयं ब्रिटिश शासन के लिए पर्याप्त सिर दर्द बन चुकी थी। मार्च अप्रैल सन् 58 तक उस संग्राम के महान नेता नाना साहब अपने साथियों के साथ तत्कालीन बरेली कॉलेज की इमारत में रहे थे और 31 मई को सवेरे जिस दिन संग्राम छिड़ गया तो अंग्रेज अधिकारी मारे गए उनमें बरेली कॉलेज के अंग्रेज प्रिंसिपल बक़ भी थे। ब्रिटिश शासन की पुनर्स्थापना के बाद बरेली कॉलेज को अपने विकास में इस बगावत का परिणाम वर्षों तक भुगतना पड़ा। अपनी बीए और वकालत की परीक्षाओं के लिए वर्षों तक कलकत्ता, इलाहाबाद और आगरा विश्वविद्यालयों से संबद्ध रहने के बाद अब बरेली कॉलेज इस क्षेत्र के विश्वविद्यालय रूहेलखंड से संबद्ध सर्वाधिक प्रमुख शिक्षण संस्थान हैं। लगातार शिक्षण कार्य के इस लंबे काल में बरेली कॉलेज ने सत्ता के सर्वोच्च पदों को प्राप्त करने वाले अधिकारी ही नहीं, अनेक क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी भी उत्पन्न किए। अपने एक निर्णय में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को अपदस्थ करने वाले भूतपूर्व जस्टिस सिन्हा और राज्यपाल श्री बर्नी इसी बरेली कॉलेज की देन हैं। बरेली कॉलेज के हिंदी प्राध्यापक और कवि वीरेन डंगवाल के संपादन में एक स्मारिका भी प्रकाशित हुई थी जिसमें उन्होंने इस ऐतिहासिक शिक्षा संस्थान के अतीत का उत्खनन करके हमें हमारी विरासत सौंपने का बड़ा काम किया था, जिसमें 1857 में इस कॉलेज में फारसी के अध्यापक रहे कुतुबशाह को याद किया गया था,जो क्रांतिकारी नेता खान बहादुर खां के प्रकाशक थे और बगावत के उन दिनों छपने वाले इश्तहारों में उनका नाम होता था। कुतुबशाह को फांसी की सजा तजवीज की गई थी,लेकिन बाद को उसे देश निकाला में तब्दील कर दिया गया। आज कुतुबशाह के नाम का कोई पत्थर बरेली कॉलेज की किसी दीवार पर नहीं लगा है। कितना अजीब है कि सत्तावनी क्रांति के इस अप्रतिम योद्धा की कोई तस्वीर भी हमारे पास नहीं है। कॉलेज के सभागार में देश के प्रसिद्ध राजनेताओं की आदमकद तस्वीरें सजी हैं, लेकिन यहां से जुड़ी रही बड़ी शख्सियतों के निशानात पूरी तरह गायब हैं।

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते। शहीद भगतसिंह के चाचा क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह, हिन्दी एकांकी के जनक भुवनेश्वर, प्रसिद्ध छायावादी कवि होरीलाल शर्मा 'नीरव', साहित्यकार निरंकार देव सेवक, पं. छेदालाल (1870 में कॉलेज के पहले बीए) या प्राच्यशास्त्री और भाषाविद् प्रो. भोलानाथ शर्मा का इस कॉलेज से सघन जुड़ाव रहा। यहां आने वाले कवि साहित्यकार रामधारी सिंह 'दिनकर', हरिवंश राय 'बच्चन', सुभद्रा कुमारी चौहान, मदर टेरेसा, विजय लक्ष्मी पंडित, सेठ गोविन्द दास और डॉ. कर्णसिंह जैसों के नाम को हम गर्व के साथ स्मरण कर सकते हैं।

# तर्क और विज्ञान का रास्ता


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

मैंने ओशो का पढ़ा और गुना। वह सागर विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के विद्यार्थी और प्रवक्ता रहे। दर्शन में वह बौद्ध दर्शन से प्रभावित हुए और बौद्ध दर्शन में भी लगता है वह महायान की वज्रयान शाखा से क्योंकि तभी तो उन्होंने संभोग से समाधि जैसी किताब लिखी। हर दार्शनिक की एक सोच होती है, वह जिंदगी जीने का एक दर्शन बनाता है, उसे ही ज़िंदगी में आगे बढ़ने का दर्शन, आगे बढ़ने का रास्ता बताता है। ओशो हो या कृष्णमूर्ति हो, उनका भी पसंदीदा एक रास्ता है, जिसे ही वह ज़िंदगी जीने का सही रास्ता समझते है। घूम फिर कर वह उसी रास्ते पर बार बार आ जाते है। एक बात साफ है इनके रास्ते में कर्मकांड कहीं नहीं है। यह तर्क और विज्ञान का रास्ता है।

मैं भी बौद्ध दर्शन से बहुत प्रभावित हूं। राहुल सांकृत्यान ने नरम मंत्रयान के रूप में 400 से 700 ई. तक और गरम मंत्रयान या जिसे वज्रायान कह सकते हैं, उसका समय 800 से 1200 ई० तक माना है। महायान से ही आगे चलकर मंत्रयान, तंत्रयान, वज्रयान आदि पंथ निकले थे। उल्लेखनीय है हीनयान में व्यक्तिगत निर्वाण को प्रमुखता, अष्टांगिक मार्ग की साधना (विपश्यना ध्यान) पर जोर है, वहीं महायान में बोधिसत्व की कल्पना, परोपकार, महामैत्री, महाकरुणा एवं आदर्श अवतार की कल्पना है, जो चोरों तक के दुःखी रहने तक निर्वाण नहीं चाहता। महायानी (माध्यामिक मत के) नागार्जुन का शून्यवाद सभी पदार्थों चित्त और पंच स्कन्धों को भी शून्य मानता था, जबकि मैत्रेय और असंग (जो क्रमशः लगभग 375 व 400 ई. में जन्मे थे) का योगाचार मत (विज्ञानवाद) विज्ञान या चित्त को सत मानता है, शेष सब कुछ असत है। योगाचार्रियों का यह चित्त अकुशल कर्मों के प्रभाव से, स्मृति, वासना, कल्पना आदि से अशुभ हो जाता है। योगाचार मत ने इसी कारण प्रज्ञा के साथ योग और आचार को महत्ता दी। चौथी शताब्दी के असंग कृत 'प्रज्ञा पारमिता' ही आधार बनी 'गुह्य समाज तंत्र' की। हुआ यह कि युवा बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियों के एक साथ रहने से ब्रह्मचर्य के पालन में कठिनाईयां आने लगीं और कालान्तर में वे अपना धर्मशास्त्र 'गुह्य समाज तंत्र' लेकर सामने आए। बुद्ध ने कहा था कि न तो भोग से और न कृच्छ साधनाओं से निर्वाण मिलता है। इसी को आगे बढ़ाते हुए गुह्य समाज तंत्र ने घोषणा की कि सांसारिक सुखों से मुंह मोड़कर शरीर को दंडित करना निर्वाण की राह नहीं है और उन्होंने योग द्वारा समाधि में सफलता के लिए नारी (प्रज्ञा) की पूजा और उसका सहयोग अनिवार्य बताया। गुह्य समाज तंत्र (शास्त्र) की सबसे बड़ी विशेषता बौद्ध धर्म में शक्ति तत्व की प्रतिष्ठा करना है।

## एक नजर

### चुनाव ड्यूटी और रैली में गईं बसें, यात्रियों को हुई परेशानी

**गोला गोकर्णनाथ।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए परिवहन निगम की डेढ़ दर्जन बसों के जाने से यात्रियों को लंबा इंतज़ार करना पड़ा, जिससे उन्हें काफी परेशानी हुई। तीसरे चरण के लिए मतदान कराने के लिए रोडवेज डिपो की 18 बसें गई हैं। जिसके चलते बस स्टाप पर यात्रियों को अपने गंतव्य को जाने में बसों का काफी इंतजार करना पड़ा। दो या तीन घंटे के बाद बस के आने पर उसमें भीड़ होने से महिलाओं, बच्चों, बूढ़ों बीमारों को बसों में चढ़ने और उतरने में काफी दिक्कतें हुईं। गोला डिपो में कुल 113 बसे हैं, जिनमें निगम की 82 और अनुबंधित 31 बसे हैं, जो प्रतिदिन दिल्ली, कानपुर, आजमगढ, प्रयागराज, बहराइच, गौरीफंटा आदि स्थानों के लिए संचालित होती हैं, जिसमें से 18 बसें चुनाव ड्यूटी के लिए लगा दी गई हैं। सफीकुर्रहमान और सुनील कुमार शाहजहांपुर से किसी काम से सुबह गोला आये थे। उन्होंने बताया कि वे चार बजे से बस स्टॉप पर शाहजहांपुर जाने के लिए खड़े हैं। उन्हें तीन घंटे खड़े होने के बाद भी अभी तक कोई बस नहीं मिली है।

# सीएम आज दो जनसभाओं को करेंगे संबोधित

## डीएम-एसपी सहित अफसरों ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा, दिए निर्देश

**सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार को चैथे चरण के चुनाव प्रचार के चलते सीएम योगी आदित्यनाथ दो अलग अलग लोकसभा सीटों पर जिले की दो विधानसभाओं में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। सीएम योगी के कार्यक्रम को लेकर रविवार को डीएम-एसपी ने दोनों कार्यक्रम स्थलों का जायजा लेकर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजामात किये है।

आज मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ जिले की मिश्रिख विधानसभा क्षेत्र में मिश्रिख लोकसभा सीट से प्रत्याशी सांसद अशोक रावत के समर्थन में मेला मैदान और विधानसभा सेवता क्षेत्र के अन्तर्गत अक्सोहा में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मिश्रिख इलाके में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा सीट मिश्रिख से भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत के समर्थन में मेला मैदान में 11रू50 बजे चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिश्रिख में जनसभा को संबोधित करने के पश्चात सीतापुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सांसद राजेश वर्मा के समर्थन में सेवता विधानसभा के स्थान अक्सोहा में दोपहर 1रू30 बजे विशाल जनसभा को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। जिले के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की जनसभा स्थलों का सोमवार को निरीक्षण कर अधिकारियों के संबंधित निर्देश दिए हैं।


सीएम योगी के कार्यक्रम को लेकर जनसभा स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते डीएम-एसपी। अमृत विचार

### नो फ्लाइंग जोन घोषित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद भ्रमण के दौरान मेला मैदान मिश्रित एवं विधान सभा सेवता क्षेत्रान्तर्गत अक्सोहा में दो स्थानों पर चुनावी जनसभा का कार्यक्रम के चलते प्रशासन ने नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इस दौरान गुब्बारों, ड्रोन व पतंग सहित अन्य चीजों सहित मिश्रित के सम्पूर्ण क्षेत्र एवं तहसील बिसवां क्षेत्रान्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र फ्लाईग अब्जेक्टध्ड्रोन उड़ान आदि को प्रतिबन्धित किया गया है। एडीएम नीतीश कुमार ने बताया कि उक्त आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध धारा-188 एवं अन्य विधिक प्राविधानों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# भीषण गर्मी के बीच ट्रांसफार्मर दे रहे दगा, बाधित रही 10 घंटे विद्युत आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- ट्रांसफार्मर बदलने के बाद बहाल हुई आपूर्ति, पानी और इन्वर्टरों ने दिया धोखा
- तापमान 40 डिग्री पहुंचने पर तेज हवाओं ने नहीं दी राहत, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और आसमानी आफत के बीच बिजली की आंख मिचैली ने लोगों का जीना मुहाल है। लोकल फाल्ट के चलते सोमवार को भवानीपुर फीडर से जुड़े कई मोहल्लों में करीब 10 घंटे तक बिजली गुल रही। ट्रांसफार्मर के बदलने के चलते बाधित हुई सुबह से विधुत आपूर्ति सोमवार शाम 5 बजे बहाल हो सकी। चिलचिलाती गर्मी के बीच बिजली की आंख मिचैली से इन्वर्टर भी धोखा दे गये। विद्युत कर्मचारियों ने पूरे दिन दो ट्रांसफॉर्मरों को बदल कर विधुत आपूर्ति को बहाल किया।

मालूम हो कि भवानीपुर उपकेंद्र से जुड़े 220 केवीए ट्रांसफार्मरों में रविवार की देर रात अचानक लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर दगा दे गये। विधुत विभाग के जिम्मेदार अफसरों ने देर रात औपचारिक व्यवस्था कर ट्रॉली के माध्यम से विधुत आपर्ति को बहाल किया। सोमवार सुबह से ही कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर बदलने का काम शुरू किया जो कि शाम तक चलता रहा। इन ट्रांसफॉर्मरों से जुड़े मोहल्ले इस्मालपुर,विकास नगर,श्री नगर सहित अन्य मोहल्लों में विधुत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को पेयजल सहित भीषण गर्मी से जूझना पड़ा।

40 डिग्री तापमान के बीच विधुत व्यवस्था बेपटरी होने से लोग वैकल्पिक संसाधनों से गर्मी से निजात पाने का प्रयास में जुटे रहे। चिलचिलाती गर्मी के बीच जिले में अघोषित कटौती से शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के लोग परेशान है। लोकल फाल्ट का मुद्दा लेकर विधुत विभाग जर्जरों लाइन के सहारे विधुत आपूर्ति करने का भरभर प्रयास करने में लगा है।


भवानीपुर उपकेंद्र से जुड़े इस्माइलपुर में फुंका ट्रांसफार्मर।


चिलचिलाती धूप से टोपी पहनाकर बच्चे को बचाती महिला।

### चिलचिलाती धूप से सड़कों पर पसरा सन्नाटा

सोमवार की सुबह तेज हवाएं दोपहर की चिलचिलाती धूप का असर कम नहीं कर पा रही है। सुबह सड़कों पर भीड़ उमड़ने के बाद दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा नजर आता है। रोजमार्रा की जिन्दगी से जुड़े लोग ही सड़कों पर निकलने को मजबूर होते है। सोमवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने के बाद आसमान से आफत बरस रही थी। सड़कों पर परिवार और बच्चों को लेकर निकलने वाले लोग सिर को कपडे से ढककर निकलते हुए सड़कों पर नजर आ रहे है। चिलचिलाती धूप के बीच स्कूल से घर जाने वाले बच्चों को भी परेशानियां उठानी पड़ रही है। चिलचिलाती धूप के बीच कोल्ड ड्रिंक, खीरा, तरबूज सहित अन्य पेय पदार्थों का सेवन कर लोग गर्मी से निजात पाने के प्रयास करते हुए नजर आये।

# गोपाल टंडन को जोन प्रेजिडेंट की जिम्मेदारी


गोपाल टंडन व अन्य पदाधिकारियों का स्वागत करते दवा व्यापारी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उप्र की एक बैठक नेपाल स्थित लुम्बिनी में सम्पन्न हुई बैठक में उप्र के करीब 67 जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिसमें सीतापुर से अध्यक्ष गोपाल टंडन, महामंत्री बसंत गोयल वीरेंद्र रस्तोगी एवं प्रदीप धवन ने भाग लिया। बैठक में पदाधिकारियों ने दवा व्यापारियों के साथ आ रही अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

साथ ही अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें दवा कंपनियों के मनमाने रवैयों पर अंकुश लगाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। ऑनलाइन व्यापार को ले भी चर्चा हुई, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार से पदाधिकारियों ने मुलाकात कर ऑनलाइन व्यापार को समाप्त करने हेतु पूर्व में अपना पक्ष रखा था जिसमे स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया है की ऑनलाइन दवा व्यापार को समाप्त करने हेतु कड़ा कदम उठाया जाएगा।

बैठक में नए पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया। जिसमें सीतापुर के अध्यक्ष गोपाल टंडन को जोनल प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया। जिसके अंतर्गत करीब 12 जिलों का प्रभार उन्हें सौंपा गया। जिस पर गोपाल टंडन के वापस लौटने पर सीतापुर के दवा व्यापारियों ने रेलवे स्टेशन पर सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर जोर-शोर से स्वागत किया।

## स्नान करने के बाद मोदी ने किये थे रामलला के दर्शन

- पीएम के रोड-शो में देरी से पहुंचने का एक कारण आया सामने

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या में रोड-शो में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार शाम अपने निर्धारित कार्यक्रम से 18 मिनट देर से पहुंचे थे। इसके बाद रोड-शो में पहुंचने में भी उन्हें समय लग गया था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसका कारण स्पष्ट किया है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की ओर से सोमवार को जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री ने स्नान करने के बाद ही रामलला के दर्शन किये थे।

बताया कि प्रधानमंत्री के दर्शन कार्यक्रम में देरी का एक प्रमुख कारण उनकी सूक्ष्म भक्ति रही। एक तो चुनावी व्यस्तता के चलते वह विलंब से पहुंचे। अत्यंत भक्ति भाव वाले प्रधानमंत्री ने स्नान करके वस्त्र भी बदले, फिर दर्शन-पूजन के लिए मंदिर पहुंचे। चंपत राय ने बताया कि प्रधानमंत्री के स्नान की व्यवस्था परिसर में ही की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि प्राण प्रतिष्ठा में भी वह स्नान करने के तुरंत बाद ही कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे।

# नवंबर तक पूरा हो जाएगा राममंदिर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय समीक्षा बैठक के दौरान राम मंदिर के शिखर तक के कार्य को पूरा करने और सप्त मंदिरों के निर्माण की डेडलाइन नवंबर तय कर दी गई। परकोटे का निर्माण भी मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा। समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में दूसरे दिन सोमवार को हुई बैठक से पहले जन्मभूमि परिसर के सभी निर्माण स्थलों का निरीक्षण भी किया गया।

चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि परकोटे की कुल लंबाई 800 मीटर है। परकोटा मंदिर की सुरक्षा की अंतिम दीवार है। जो मंदिर के चारों तरफ परिक्रमा के लिए भी उपयोगी होगा। इसलिए इसकी डिजाइन भी इस प्रकार की गई है। परिक्रमा करने वाले दर्शनार्थी मंदिर की तरफ दर्शन करते रहेंगे। बाहर सुरक्षा की दृष्टि से दीवार बनी हुई है, जिसमे लगभग 112 झरोखे डिजाइन किए गए हैं। 100 स्थान चिह्नित कर पैनल लगाए जाएंगे। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम के गुणों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन सभी के बारे में एक रूलर बनेंगे, जो परकोटे में प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परकोटा निर्माण के लिए लगभग 10 स्थान बांट कर कार्य किया जा रहा है। यह कार्य बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि मंदिर में लगभग 4.50 लाख घन क्यूब बंसी पहाड़पुर राजस्थान के पत्थर लगाये जा रहे हैं। परकोटे में लगभग आठ लाख घन क्यूब पत्थर लगाए जाएंगे। यह निर्माण कार्य इतना बड़ा है इसलिए यह कार्य हमारे लिए चुनौती पूर्ण है। इस कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा करने में कठिनाई है। एलएंडटी के इंजीनियर इस बात की जानकारी साझा कर रहे हैं की गुणवत्ता से साथ ही कार्य किया जाएगा। प्रयास है कि मंदिर के साथ-साथ सप्त मंदिर और परकोटे के कार्य को पूरा किया जा सके। यह कार्य दिसंबर तक पूरा नहीं हो पाता है तो अगले तीन महीने निर्माण कार्य में और लग जाएंगे। मंदिर और सप्त मंदिर का निर्माण निश्चित रूप से नवंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। परकोटा के अंदर एक धार्मिक पद्धति पंचायती की भी होती है, जिसके अंतर्गत छह मंदिर बनेंगे, जिसमें भगवान शिव, हनुमान जी, गणेश और माता अन्नपूर्णा की रसोई भी बनाई जाएगी। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि यह रसोई इसलिए बहुत ही उपयोगी है क्योंकि जब मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था तो उस दौरान एक सीता रसोई मंदिर थी। वह बहुत ही जर्जर हालत में थी। परकोटे की परिधि में माता अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जा रहा है। इसमें भगवान का भोग बनेगा और उन्हें चढ़ाया जाएगा।


अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय का निरीक्षण कर वापस लौटते चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र।

### पांच कर्मचारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने संग्रहालय की पूरी जानकारी रखने वाले पांच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तैनात कर दिया है। वर्तमान में लगभग पांच कर्मचारी संग्रहालय की व्यवस्था के लिए तैनात हैं। सोमवार को निर्माण समिति की बैठक की दूसरी पाली में चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय नेहरू म्यूजियम के एक्सपर्ट के साथ बैठककर भवन को भव्यता दिए जाने पर मंथन किया। अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप में डिजाइन को तैयार करने का निर्देश दिया।

## सार-संक्षेप

### जनसंपर्क कर बसपा प्रत्याशी ने मांगा समर्थन


गांव मे जनसंपर्क कर वोट की अपील करते बसपा प्रत्याशी। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा सीतापुर से सांसद पद के बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक बिसवां महेंद्र सिंह यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ सोमवार को ग्राम जमौरा, बधैया, टेणवा, धनीपुरवा, महेशपुर, सिकलनिया चैराहा आदि गांवों में जनसंपर्क करके वोट व समर्थन मांगा। बसपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह यादव के समर्थन में गांवों में भारी भीड़ देखने को मिली। इस मौके पर बसपा विधानसभा अध्यक्ष भरत भरतीय, रामसेवक यादव, श्रीकृष्ण यादव, प्रशांत पाण्डेय, राहुल यादव, नन्दलाल, अमर सिंह, भगवानदीन, दुर्गेश यादव, बिरजू दास, सभाजीत सिंह, केके राजवंशी, अनिल यादव, देशराज गौतम, राहुल यादव, बिनय कुमार सिंह, राधेश्याम, अनिकेत सिंह, नन्दकिशोर पाण्डेय, पप्पू यादव, विमल सिंह समेत सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट


गांव में जनसंपर्क करते मंडल अध्यक्ष। अमृत विचार

**हरगांव सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा धौरहरा संसदीय सीट पर हरगांव विधान सभा के झरेखापुर मंडल मे मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने अपनी मंडल टीम व क्षेत्रीय प्रधानों के साथ गांव गांव डोर टू डोर जाकर भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा के लिये जनता से वोट देने की अपील की। मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे मे ग्रामीणों को विस्तार से बताया और कहा कि आपका एक एक वोट मोदी जी को मजबूत करेगा।जिससे देश सशक्त और विकास की ओर अग्रसर होगा।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख परसेंडी राजेंद्र प्रसाद पूर्व मण्डल अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह व रोहित मिश्र .रामसेवक सिंह ,कपिल सिंह,सिद्धेश्वर सिंह,अनुज शुक्ला,नीरज चैधरी,रामनरेश सिंह,अनुराग मिश्र , संतोष सिंह, बाबू राम,आदि लोग मौजूद रहे।

### धक्का देकर स्टार्ट किए जा रहे उड़नदस्ते के वाहन


उड़नदस्ते के वाहन को धक्का देकर स्टार्ट करने का प्रयास करते कर्मचारी।

**कुतुबनगर, सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की चेकिंग के लिये उड़नदस्स्तों का गठन किया गया है, ताकि किसी भी वाहन को दौड़ाकर पकड़ा जा सके, लेकिन सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रहा है। जिसमें पुलिसकर्मी व कर्मचारी धक्का लगा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि ऐसे खटारा वाहनों से उड़नदस्ता किसी भी वाहन को चेकिंग के लिए पीछा कर कैसे पकड़ पायेगा। वायरल फोटो थानाक्षेत्र के कुतुबनगर चैकीक्षेत्र का बताया जा रहा है। सोमवार चैकिक्षेत्र के पिसावां मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास उड़न दस्ता चेकिंग कर रहा था। जिसके बाद जाते समय उड़नदस्ते का वाहन ही स्टार्ट नहीं हुआ। उड़नदस्ते के वाहन पर 153 विधानसभा क्षेत्र मिश्रिख का पोस्टर लगा था। वाहन के पीछे नम्बर प्लेट भी नहीं थी, हालांकि आगे की नम्बर प्लेट पर यूपी 34 जी 0571 अंकित था। दस्ते में शामिल कर्मचारी व पुलिसकर्मियों द्वारा धक्का लगाने के बाद वाहन स्टार्ट नही हुआ। ऐसे में कुछ समय बिताने के बाद उड़नदस्ते में तैनात कर्मचारी दूसरे वाहन से अपने गंतव्य को रवाना हुए। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जर्जर वाहनों के सहारे अगर उड़नदस्ते को किसी का पीछा करना पड़ जाये तो कैसे करेंगे।

### मुहूर्त के बावजूद भी अक्षय तृतीया पर नहीं होंगे मांगलिक कार्य

**गोला गोकर्णनाथ।** अक्षय तृतीया 10 मई को मनाई जाएगी। अबूझ मुहूर्त के बाद भी इस बार अक्षय तृतीया पर मांगलिक कार्य नहीं हो पाएंगे। सूर्योदय के साथ ही तृतीया का मान होगा। इस बार तृतीया कई मायनों में अलग है। अबूझ मुहूर्त के बावजूद अक्षय तृतीया पर मांगलिक कार्य नहीं होंगे। देवकली तीर्थ के स्वर्गीय श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं गुरुकुल विद्यापीठ के महंत प्रमोद जी महाराज का कहना है कि शुक्र 29 अप्रैल को अस्त हो चुके है। गुरु छह मई को अस्त हो गए। गुरु और शुक्र दोनों के अस्त रहने से विवाह, गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य नहीं हो सकेंगे। इस दिन उच्च का चंद्रमा, उच्च का सूर्य और गज केसरी योग है। ऐसे में खरीदारी की जा सकती है।

### 360 बुजुर्ग और 191 दिव्यांग मतदाताओं की वोटिंग शुरू

**लखीमपुर खीरी।** हर कोई अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं। इसके लिए मतदान केन्द्र तक जाने में असमर्थ 191 दिव्यांग और 360 बुजुर्ग मतदाताओं को उनके घर पर ही वोट डलवाने का अभियान शुरू कर दिया गया है। आठ मई तक टीमें इन सभी के वोट डलवाएंगी। मतदान के दौरान सभी बुजुर्ग और दिव्यांग द्वारा मतदान के बाद खुशी जाहिर की गई। इसके साथ ही सभी लोगों को राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील की गई। चुनाव आयोग के निर्देश पर सोमवार से 85 प्लस के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को गांव-गांव और घर-घर जाकर वैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करवाया जा रहा है।

**स्वच्छ भारत मिशन** — देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के मॉडल पर रामनगरी में शुरू हुआ काम

# दो साल बाद दिखेगी इंदौर जैसी सफाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर वासियों के लिए खुशखबरी है। अयोध्या को साफ-सुथरा बनाने के लिए देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की तर्ज पर काम शुरू हो गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शुरू हुए इस अभियान के तहत दो वर्ष में अयोध्या को इंदौर मॉडल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए इंदौर की टीम को अयोध्या में उतारा गया है। टीमें जुटी हुई हैं। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो 2027 में अपना अयोध्या भी देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल हो जाएगा।

### टीम को अयोध्या में उतारा गया

अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद से नगर निगम का सबसे अधिक जोर सफाई पर ही है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी भी हर जगहों पर सफाई के लिए अपील भी करते दिखते हैं। अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। इसलिए सफाई का जिम्मा संभाल रहे नगर निगम के सामने चुनौतियां अपार हैं। इसके लिए अब अयोध्या ने इंदौर मॉडल को अपनाने के लिए वहीं की एक कंपनी से अनुबंध किया है। इंदौर की कंपनी डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट एंड सर्विसेज के प्रोजेक्ट इंचार्ज नवीन परदेशी ने बताया कि हमारी टीम को दो वर्ष का लक्ष्य मिला है। हमने अप्रैल में ही काम शुरू कर दिया। सभी वार्डों में टीम के सदस्य रखे गए हैं।

#### अयोध्या का देश में 100वां व प्रदेश में 15वां स्थान

देश में हर वर्ष स्वच्छता का सर्वेक्षण होता है। सर्वेक्षण से पहले टीमें शहरों का सर्वे कर जाती हैं। उसके बाद रैंकिंग जारी करती हैं। अभी स्वच्छता के मामले में अयोध्या का देश में 100वां व प्रदेश में 15 वां स्थान है।

#### सफाई बढ़ाने के लिए होंगे ये काम

- डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन शत प्रतिशत कराएंगे।
- गीला और सूखा कचरा शत प्रतिशत अलग-अलग कराएंगे।
- पौधरोपण के लिए लोगों से अपील की जाएगी।
- व्यवसायिक में दो व रिहायशी इलाकों में रोजाना एक बार सफाई कराएंगे।
- कचरे से घर में खाद बनाने की भी लोगों को तकनीक बताई जाएगी।

"श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। इसी के साथ ही सफाई कराना भी चुनौती है। इंदौर की कंपनी ने कार्य शुरू कर दिया है। जल्द ही अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। **-अनिल कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम**"

# डायल 112 में शामिल किए गए 19 नए वाहन

संवाददाता, सीतापुर

- पुलिस लाइन से वाहनों को किया गया रवाना,समय पूर्ण कर चुके वाहनों से हुआ रिप्लेसमेंट

**अमृत विचार।** जिले की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय से मिले डायल 112 के वाहनों को जिले के वाहनों में शामिल किया गया है। सोमवार को पुलिस लाइन से अपर पुलिस अधीक्षक ने नये डायल 112 के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डायल 112 के नए वाहनों में 19 वाहन शामिल है। जिसमें 13 चारपहिया वाहन और 6 दो पहिया वाहन शामिल है।

मालूम हो कि डायल 112 पुलिस के यह इमरजेंसी नंबर जो आपत्तिकाल में एक फोन की सूचना पर त्वरित पहुंचकर पीड़ितों को राहत पहुंचाने का काम करती है। डायल 112 में शामिल पुराने वाहन (जो अपनी आयु पूर्ण कर चुके) उनके स्थानों पर रिप्लेस कर पुलिस मुख्यालय से जिले को 19 नए वाहन डायल 112 में शामिल होने के लिए मिलें थे। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार ने बताया कि पुलिस लाइन से इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अपने गंतव्य को रवाना कर किया है। उन्होंने बताया कि अब यह वाहन पुराने वाहनों की जगह शामिल होकर जनता की सुरक्षा और सहायता प्रदान करने में मदद करेंगे। वाहनों को हरी झंडी दिखाने के बाद डायल 112 के वाहनों ने पुलिस लाइन से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों पर प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान जनता को पुलिस ने सुरक्षा का अहसास कराया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्सध्यातायात संजीव त्यागी एवं प्रतिसार निरीक्षक शिव बालक, प्रभारी डायल 112 राजकरन शर्मा व प्रभारी यातायात फरीद अहमद मौजूद रहे।


डायल 112 के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एएसपी प्रकाश कुमार।

## चुनावी चक्कर

**● कैसा होगा श्याम रंगीला का राजनीतिक रंग? :**

नाम है श्याम रंगीला। नाम ही नहीं काम भी इनका कुछ ऐसा ही है। दरअसल, श्याम रंगीला कॉमेडियन हैं और मोदी की मिमिक्री के बूते चर्चा में रहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी विशेष पहचान बना रखी है। रंगीला की चर्चा फिलहाल लोकसभा चुनाव में वाराणसी से उतरने की है। वह राजस्थान से वाराणसी के लिए रवाना भी हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करके लिखा कि घर से निकलने से पहले दादी और पापा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह स्थानीय ग्रामीणों से भी आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। तीन दिन पहले भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके श्याम रंगीला ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए वाराणसी को चुनने की वजह भी बताई थी। कहा था कि देश में ऐसा माहौल बन गया कि विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार टिकट लौटा रहे हैं। मैं ऐसा नहीं करना चाहता। बहरहाल, वाराणसी पहुंचकर श्याम रंगीला का रंग वैसा ही रहता है या बदलता है, यह तो वक्त ही बताएगा।

**● जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर इनाम!**

फतेहपुर सीकरी में जनसभा को संबोधित करने के दौरान राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक शख्स ने जूता फेंक दिया था। अब स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी के प्रत्याशी द्वारा जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर 11 लाख रुपए इनाम का ऐलान किया गया। पार्टी के प्रत्याशी द्वारा बाकायदा वीडियो जारी करके इसके लिए ऐलान किया गया है। जारी वीडियो में पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद द्वारा कहा गया कि धर्मेंद्र धाकड़ ने हमारे नेता पर काली स्याही फेंकी थी, काले झंडे भी दिखाए थे।

# श्रीकला का टिकट कटने से गर्मायी पूर्वांचल की राजनीति

### जौनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को दे रही थीं कड़ी टक्कर

### टिकट कटा, काटा या कटवाया गया दिन भर होती रही चर्चा

### टिकट कटने के पीछे कई थ्योरी पर होती रहीं चर्चाएं

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** जौनपुर से बसपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला का टिकट कटने के बाद पूर्वांचल का राजनीतिक पारा अचानक चढ़ गया।

भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देने और लगभग जीत के आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर अचानक रणभूमि से ही बाहर होना अब खासा चर्चा का विषय बन गया है। श्रीकला का टिकट क्यों कटा ?, किसके कहने पर कटा ?, क्या बीएसपी भाजपा की मदद कर रही है ?, राजा भइया को अमित शाह ने क्यों बुलाया ? जेल जाते ही धनंजय सिंह को लारेंस विश्नोई गैंग से क्यों जोड़ा गया ? और धनंजय सिंह को जमानत मिलते ही श्रीकला का प्रचार अचानक कैसे धीमा पड़ गया ?.... जैसे प्रश्न पूर्वांचल, अवध और राजधानी की राजनीतिक गलियारों में गूंज रहे हैं। उत्तर की तलाश में सभी पार्टियां और जनता है। सोशल मीडिया और एक्स पर भी टिकट कटने की घटना लगातार ट्रेंड कर रही है।



**थ्योरी-1** धनंजय सिंह की पत्नी के चुनाव लड़ने पर भाजपा के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह को काफी नुकसान पहुंचने का अनुमान था। क्योंकि धनंजय का जौनपुर में मजबूत पकड़ है। क्षत्रिय वोटों का बंटवारा तय था। सपा ने यहां पीडीए फार्मूले के तहत बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट दिया है। इस सीट पर यादव, मुस्लिम और कुशवाहा वोटर्स की ठीक-ठाक आबादी है। यादव और मुसलमान वोट सपा के साथ जुड़ा है, तो कुशवाहा वोटर में बाबू सिंह की अच्छी पकड़ है। पिछली बार गाजीपुर उनकी पत्नी बहुत कम अंतर से चुनाव हारी थीं।

**थ्योरी-2** कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा ने क्षत्रिय लॉबी का सहारा लेकर धनंजय सिंह पर दबाव बनाया था। हाल ही में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की मुलाकात गृहमंत्री अमित शाह से हुई थी। इसके बाद बस्ती से जुड़े बड़े नेता राजकिशोर सिंह भाजपा में शामिल हुए। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह को वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी गई। बताया जा रहा है कि क्षत्रिय नेताओं ने भी धनंजय सिंह को पीछे हटने का काफी दबाव बनाया।

**थ्योरी-3** बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद द्वारा दिए गए भाषणों में भाजपा सरकार को टारगेट किया जा रहा था। विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे में आकाश आनंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया था। कहना है कि सरकार आकाश आनंद को लगातार घेर रही थी। ऐसी स्थिति में बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा एक अदृश्य दबाव महसूस किया जाने लगा था। रविवार की देर रात बसपा का कोआर्डिनेटर धनंजय सिंह के घर पर स्वयं मौजूद थे। टिकट कटने के पहले उसकी धनंजय सिंह से लंबी वार्ता हुई है।

**थ्योरी-4** दूसरी चर्चा यह है कि धनंजय सिंह की गतिविधियों को तिहाड़ जेल में बंद लारेंस विश्नोई से जोड़ने की कोशिश हुई। इसके बाद जांच एजेंसियां भी सक्रिय हुई। इसके बाद धनंजय सिंह ने अपने कदम भी पीछे किए।

### जिसको चाहूंगा वही बनेगा सांसदः धनंजय

इस पूरे घटनाक्रम में धनंजय सिंह बसपा पर भड़के रहे। उन्होंने कहा कि जौनपुर ही एक मात्र सीट थी जो बसपा के खाते में जा रही थी। कहा कि बसपा नेताओं के बयानों को लेकर वह आहत हैं। वह किसी से डरने वाले नहीं है। पहले भी मेरे ऊपर तमाम झूंठे मुकदमें दर्ज किए गए, लेकिन मैं डरा और डिगा नहीं। पहले भी मुकदमें लादकर मुझे चुनाव लड़ने से रोका गया, आज भी वही हो रहा है। यह भी तय है कि जौनपुर से वही जीतेगा जिसे हम चाहेंगे। बसपा सिर्फ जौनपुर सीट की वजह से चर्चा में थी। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार में भी मेरे ऊपर मुकदमें लादे गए क्या मैं उनसे डरा। अब हम आगे क्या करने वाले हैं इसका निर्णय हम लोग बैठकर लेंगे। अभी तत्काल मैं कुछ नहीं कह सकता। उन्होंने कहा कि बसपा को टिकट नहीं काटना चाहिए था। बसपा कोआर्डिनेटर भी झूंठ बोल रहे हैं।

### अपनी ढपली अपना राग



मोदी जी ने आतंकवाद का खात्मा कर दिया। आज हमारे देश में पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सामने आकर सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है। -योगी आदित्यनाथ



आजादी के शताब्दी वर्ष में निश्चित रूप से स्वावलंबी और विकसित भारत को पुन: विश्वगुरु बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती।

– मनोज सिन्हा



कोई राजपाट नहीं है कि पिता छोड़ेंगे पुत्र राजा बन जाएंगे। यह लोकतंत्र है। जनता जिसको आशीर्वाद देगी, वहीं नेतृत्व करेगा।

– ब्रजेश पाठक



वे शहजादे नहीं शहीदजादे हैं, गठबंधन के प्रत्याशियों को अवाम का जबर्दस्त समर्थन मिलते हुए देख रहा हूं।

– अविनाश पाण्डेय

# रायबरेली व अमेठी में प्रियंका की अग्निपरीक्षा

## कांग्रेस जिला संगठन की कमजोरी को भांप चुनाव तक रहेंगी सक्रिय

### जनता के बीच जाकर पारिवारिक रिश्तों की डोर को करेंगी मजबूत

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** 2024 लोकसभा चुनाव आने वाले भविष्य को तय करेगी। अमेठी हो या फिर रायबरेली। कांग्रेस का गढ़ एक जगह से ध्वस्त हो चुका है। ऐसे में पार्टी किसी भी कीमत पर अमेठी की सीट जीतना चाहती है। वहीं रायबरेली से राहुल गांधी मैदान में है। स्वाभाविक है ये सीटें कहीं ना कहीं कांग्रेस के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इन दोनों सीटों पर सबकी निगाहें लगी हुई है। इन सबके बीच यदि किसी की अग्निपरीक्षा है तो वह प्रियंका गांधी वाड्रा।



वह भले ही चुनाव मैदान में नहीं हैं, लेकिन हमेशा की तरह अपनी पार्टी की बतौर स्टार प्रचारक हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने दोनों लोकसभा चुनाव की बागडोर अपने हाथ में लिया था। इसमें अमेठी में राहुल को हार का सामना करना पड़ा। वहीं रायबरेली में सोनिया गांधी को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। यह तब हुआ, जब प्रियंका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी।

इसकी वजह कहीं ना कहीं संगठन का कमजोर होना माना जा रहा है। जीत के बाद जिले में कांग्रेस पदाधिकारियों की स्थिति किसी से छिपी नहीं हुई है। पूरे समय तक सिर्फ कार्यालय तक ही सिमटे रहे। एक ओर जहां भाजपा बूथ स्तर पर लगातार पकड़ मजबूत बनाए हुए है। वहीं कांग्रेस धरातल पर कम कागजों पर ज्यादा सक्रिय रही। यही वजह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऐसे में संगठन के भरोसे जीत का दम भरना दिवास्वप्न से कम नहीं है। यही वजह है कि माहौल को भांपते हुए प्रियंका ने खुद ही मोर्चा संभालने का निर्णय लिया है।

### संगठन की सक्रियता न के बराबर

लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बात करने से पहले अगर विधानसभा में पार्टी उम्मीदवारों को मिले मतों को देखे तो साफ पता चलता है कि जिले में संगठन की सक्रियता न के बराबर है। शुरू सदर विधानसभा से करते हैं। यहां पर प्रतिष्ठित डा. मनीष चौहान को उतारा गया। संगठन से कम उन्हें अपना व्यक्तिगत मत ज्यादा मिला। पूरे चुनाव में मेहतन के बावजूद महज 6.50 प्रतिशत मत ही प्राप्त कर सके। वहीं सबसे खराब दशा ऊंचाहार विधानसभा की रही। यहां पर अतुल सिंह को महज 4.71 मत से संतोष करना पड़ा। इसी तरह हरचंदपुर विधानसभा से सुरेंद्र विक्रम सिंह को 8.05, सरेनी विधानसभा से सुधा द्विवेदी को 19.71 और बछरावां से सुशील पासी को सबसे अधिक 27.13 प्रतिशत मत मिले।

### विस चुनाव में मिले डेढ़ लाख से कम मत

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भले ही दम भर रहे हों, लेकिन वह कितने प्रभावशाली रहे वह विधानसभा चुनाव के आंकड़ों से साफ पता चलता है। लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्र में डेढ़ लाख से भी कम मत मिले। इसमें पार्टी के कम व्यक्तिगत प्रत्याशी के ज्यादा रहे। यदि बछरावां और सरेनी विधानसभा में संगठन की भूमिका सक्रिय रहती तो जरूर प्रत्याशी को जीत हासिल होती। डा. मनीष चौहान, अतलु सिंह और सुरेंद्र विक्रम सिंह को शर्मिंदगी का सामना ना करना पड़ता।

### विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी को मिले मत

| विधानसभा | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| सदर | डा. मनीष चौहान | 14,954 |
| सरेनी | सुधा द्विवेदी | 42,702 |
| ऊंचाहार | अतुल सिंह | 9,985 |
| हरचंदपुर | सुरेंद्र विक्रम सिंह | 16,230 |
| बछरावां | सुशील पासी | 56,835 |

## 7वें चरण में 13 लोस व एक विस सीट के लिए आज से नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊः** सातवें चरण में 13 लोकसभा व विधानसभा की एक सीट के लिए सात मई से नामांकन शुरू होंगे।

इस चरण में एक जून को मतदान होगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 11 सीटें सामान्य श्रेणी व दो सीटें आरक्षित श्रेणी की हैं। इस चरण के अंतर्गत लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज (अजा) के लिए चुनाव होंगे। ये सीटें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व सोनभद्र समेत 11 जिलों के अंतर्गत आते हैं। इसी प्रकार दुद्धी (अजजा) विधानसभा क्षेत्र सोनभद्र के अन्तर्गत है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जायेगी। 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.49 करोड़ मतदाता हैं।

## रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही है इंडी गठबंधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और राम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। योगी के मुताबिक, ये इंडी गठबंधन का चरित्र है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करे। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षो का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है।

### इलेक्शन बायस्कोप



उत्सव कोई भी हो फूल विक्रेताओं की तो बल्ले बल्ले रहती है। फिर मौका इन दिनों चुनाव का है। जहां कहीं भी जनसभा होती है वहां समर्थक यथासंभव विशाल माला लेकर अपने नेता को गदगद करने पहुंच जाते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य की जनसभा में श्रावस्ती में देखने को मिला। –अमृत विचार

# मिश्रिख में पहली बार हो रहा है इतना शांत चुनाव

## 13 को होना है मतदान, मतदाता के मिजाज को नहीं भांप पा रहे प्रत्याशी

### लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ी प्रत्याशियों की चिंता

### भाजपा ने मौजूदा सांसद अशोक रावत पर दोबारा जताया भरोसा

### इंडी गठबंधन की प्रत्याशी संगीता और बसपा से बीआर अहिरवार हैं मैदान में

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचारः** मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में 13 तारीख को मतदान होना है । भाजपा ने एक बार फिर यहां मौजूदा सांसद अशोक रावत पर फिर दांव लगाया है, तो वहीं इंडी गठबंधन ने सपा के चुनाव चिन्ह पर संगीता राजवंशी को मैदान में उतारा है। बसपा ने बीआर अहिरवार को उम्मीदवार घोषित किया है। जहां एक ओर अशोक राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं वहीं संगीता सपा के पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी की बहू है, दोनों की राजनीतिक पृष्ठभूमि काफी मजबूत है तो दूसरी ओर बीआर अहिरवार पहली बार जिले में चुनाव लड़ने के लिए आए हैं। इससे पूर्व व सरकारी सेवा में थे। इनको केवल बसपा के कोर वोटरों का ही भरोसा है। मतदान में अब गिनती के दिन रह गए है लेकिन इस बार के चुनाव में जनता कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। इससे पहले हुए चुनावों में कभी इतना शांत माहौल नहीं रहा।



अशोक रावत



संगीता राजवंशी



बीआर अहिरवार

2019 के लोकसभा चुनाव में मिश्रिख संसदीय सीट के परिणाम को देखें तो यहां पर भाजपा ने अशोक कुमार रावत को मैदान में उतारा तो उनके सामने बहुजन समाज पार्टी के डॉक्टर नीलू सत्यार्थी थे। चुनाव में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच चुनावी तालमेल के तहत यह सीट बसपा के पास आई थी। लेकिन इसका लाभ नहीं मिला। कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही थी। चुनाव में भाजपा के अशोक कुमार रावत को 534,429 वोट मिले तो नीलू सत्यार्थी को 433,757 वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर रहने वाली कांग्रेस के प्रत्याशी को महज 26,505 वोट मिले थे, अशोक ने 100,672 मतों के अंतर से यह चुनाव जीता था।

2014 के लोकसभा चुनाव में मिश्रिख संसदीय सीट पर 57.86 फीसदी मतदान हुआ था। तब भाजपा उम्मीदवार अंजू बाला ने बसपा उम्मीदवार अशोक रावत को 87 हजार 363 वोटों से मात दी थी, अंजू बाला को 4,12,575 वोट और अशोक कुमार रावत को 3,25,212 वोट मिले थे, जबकि सपा के जय प्रकाश को 1,94,759 वोट मिले।

**भाजपा-सपा की पकड़ मजबूतः** सपा ने यहां पर पहले रामपाल राजवंशी को प्रत्याशी बनाया लेकिन स्वास्थ्य का हवाला देकर उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया ।इसके बाद उनके पुत्र मनोज को सपा ने टिकट दिया वह भी चुनाव मैदान से हट गए अंत में उनकी बहू संगीता राजवंशी चुनाव मैदान में है । सपा प्रत्याशी के ससुर रामपाल राजवंशी का भी क्षेत्र में दबदबा है,भाजपा प्रत्याशी का कुनबा भी काफी पुराना राजनैतिक है ,लेकिन जनता की चुप्पी में सभी की धड़कनें बढ़ा रही है ।बसपा प्रत्याशी को लेकर कोई भी हलचल नहीं है ।वह दूसरे जिले के हैं। जनता पर वह अपनी कोई छाप नहीं छोड़ पा रहे हैं । उन्हें सिर्फ बसपा के पारंपरिक के वोट का ही भरोसा है ।फिलहाल इस क्षेत्र में चुनाव की कोई हलचल नजर नहीं आ रही है। जिसका असर प्रत्याशियों पर साफ दिखाई पड़ रहा है ।

### 2019 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अशोक कुमार रावत | 5,34,429 |
| बसपा | नीलू सत्यार्थी | 4,33,757 |
| कांग्रेस | मंजरी राही | 26,505 |
| पीएसपी | अरुण कुमारी कोरी | 2,442 |




### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अंजू बाला | 4,12,575 |
| बसपा | अशोक कुमार रावत | 3,25,212 |
| सपा | जय प्रकाश | 1,94,759 |
| कांग्रेस | ओम प्रकाश | 33,075 |




### दिग्गज भी चुनावी प्रचार में

मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में रविवार को मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा की थी ।वहीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती माधौगंज क्षेत्र में 8 तारीख को जनसभा करने आ रही हैं ।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मां मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी 8 तारीख को संडीला में वोटरों को रिझाने आ रहे हैं।

### पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र को हरदोई, सीतापुर और कानपुर जिले की विधानसभा सीटों को मिलाकर बनाया गया है. इसमें सीतापुर की मिश्रिख विधानसभा सीट, कानपुर की बिल्हौर और हरदोई जिले की बालामऊ, मल्लावां तथा संडीला विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। हरदोई संसदीय सीट की तरह यहां पर भी सभी पांचों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है।

### सपा ने बदले चार प्रत्याशी

समाजवादी पार्टी ने मिश्रिख लोकसभा सीट पर चार बार प्रत्याशी बदला पहले समाजवादी पार्टी ने रामपाल राजवंशी उनके बाद बेटे मनोज राजवंशी और फिर मनोज राजवंशी की पत्नी संगीता राजवंशी को टिकट दिया था बाद में पूर्व सांसद राम शंकर भार्गव को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन उनके चुनाव लड़ने से मना करने पर संगीता को फिर से टिकट दे दिया गया।

### सभी दलों ने हासिल की जीत

यह क्षेत्र सन् 1962 में अस्तित्व में आया था, इस सीट पर सबसे पहले जनसंघ का कब्जा था, सन् 1967 से 1996 तक यह क्षेत्र कांग्रेस के खाते में रहा, उसके बाद सन् 1996-98 तक यहां भजपा वर्चस्व था, 1999 में हुए चुनाव में समाजवादी पार्टी की सुशीला सरोज, 2004 और 2009 में बहुजन समाज पार्टी के अशोक कुमार रावत ने यह सीट हासिल की थी।

# युवा मतदाताओं की भूमिका रहेगी अहम

बेनीगंज/कोथावां,हरदोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की भूमिका अहम होने वाली हैं, युवा अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए काफी उत्सुक नजर आ रहे है, खासकर वह जो पहली बार मतदान कर रहे हैं, मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में करीब ग्यारह लाख मतदाता मतदान करेंगे। जिनमें से बहुत से मतदाता पहली बार मतदान करेंगे, जबकि कुछ दूसरी बार भी। मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के लिए सांसद को लेकर हर किसी की अपनी सोंच व अपेक्षाएं हैं।

संसदीय क्षेत्र मिश्रिख की जनता व युवाओं की राय के मुताबिक उन्हें नेता नही लीडर चाहिए, जिनमें तेज व सही डिसीजन लेने की काबिलियत हो, उनका प्रतिनिधि ईमानदार, स्वच्छ छवि व विकास को तरजीह देने वाला होना चाहिए साथ ही साथ जनता के लिए सहजता से उपलब्ध हो, जनता के मुताबिक देश दुनिया की तरह उनके क्षेत्र की तस्वीर बदलनी चाहिए, युवाओं का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों से चलने वाले उद्योग ही काफी नहीं है, इसके लिए रोजगार परक योजनाओं पर ध्यान देने की भी काफी जरूरत है।



### क्या कहते हैं मतदाता

सरकार द्वारा लोगों के हित मे महत्वाकांक्षी योजनाओं लाने व उस पर कार्य करने का मुद्दा सबसे ऊपर रहने वाला हैं, जो भी सरकार हमारे देश को विश्व मे एक नई पहचान दिलाने का कार्य करेगी हम सभी युवाओं का मत उसी को जाएगा। – मनीष कुमार वर्मा

मौजूदा सरकार ने लोगों के हित मे कार्य किया है चाहे वह गरीब हो या अमीर सरकार द्वारा सभी को समान रुप से देखा गया है, चिकित्सा से लेकर शिक्षा, राशन, वाहन, परिवहन आदि क्षेत्रों में भी बढ़ चढ़कर कार्य किया गया है जो कि मोदी की गारंटी है इसलिए हमारे नजरिए से एक बार फिर मोदी सरकार ही होनी चाहिए। – अशोक सिद्धार्थ,बेनीगंज

बीते दस वर्षों मे वह कार्य हुए हैं जो पिछले पचास सालों से अन्य सरकारों द्वारा नहीं किया जा सका था और आने वाले पांच वर्षों मे वह सबकुछ होने वाला है जिसकी किसी ने कल्पना तक नही की होगी क्योंकि इस बार विपक्ष जड़ से खत्म होने वाला है।–सत्यनारायण गुप्ता बेनीगंज

# धर्म दर्शन



## सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय राम का संपूर्ण जीवन

सबमें राम सबके राम समरसता के सबसे बड़े प्रतीक हैं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम। उनका जीवन मर्यादा, सामंजस्य और समरसता का पर्याय है। इसीलिए वे न केवल भारतीय समाज के लिए, बल्कि विश्व समुदाय के लिए आदर्श हैं। वनवासी राम का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। छोटे और बड़े के बीच, उच्च और निम्न जातियों के बीच वे कैसा व्यवहार उचित समझते थे, इसका दर्शन केवट और शबरी प्रसंग में किया जा सकता है।

केवल श्रीराम को देख अत्यंत प्रेम पूर्वक दंडवत करता है तो श्रीराम उसे अत्यंत स्नेहपूर्वक अपने पास बैठाकर उसकी कुशल क्षेम पूछते हैं- करि दंडवत भेंट धरि आगे, प्रभुहिं बिलोकत अति अनुरागे। सहज सनेह बिबस रघुराई, पूंखी कुसल निकट बैठाई। शबरी द्वारा प्रदत्त जंगली फल और कंदमूल श्रीराम बड़े प्रेमपूर्वक ग्रहण करते हैं। शबरी जब कहती है कि हे राम! आपका दर्शन तो मेरे गुरुदेव को भी नहीं हुआ, मेरी तो औकात ही क्या है? मैं तो नीच जाति में उत्पन्न हुई एक गंवार स्त्री हूं। प्रत्युत्तर में राम कहते हैं कि "मेरी भक्ति में न पुरुष-स्त्री का भेद कारण है, न जाति, न नाम और न आश्रम। भक्ति की भावना ही मेरी भक्ति में कारण है।" केवल भक्ति की न्यूनता अधिकता ही किसी को छोटा बड़ा बनाती है, जाति नहीं-अद्यम ते अद्यम अद्यम अति नारी, तिन्ह मंद मैं मतिमंद अधारी। कह रघुपति सुनु भामिनी बाता, मानहुं एक भगति कर नाता। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

राम राजपुत्र थे, उच्च वर्ण में जन्मे थे, किंतु समाज में हीन और निम्न कहे जाने वाले समुदाय के लोग उनके सर्वाधिक प्रिय पात्र रहे। राम की इस विलक्षणता को बताते हुए तुलसीदास विनयपत्रिका में कहते हैं, हे राम! आपकी यही तो बड़ाई है कि आप गण्य-मान्यों, धनिकों की अपेक्षा गरीबों को अधिक आदर देते हैं। "रघुवर रावरि यहै बड़ाई। निदरि गनी आदर गरीब पर,करत कृपा अधिकाई।।" राम इसलिए सबसे बड़े हैं कि वे सर्वाधिक चिंता छोटे और निचले स्तर के लोगों की करते हैं। वे सबल की अपेक्षा निर्बल का, बड़े की अपेक्षा छोटे का, ऊंचे की अपेक्षा नीचे का, अमीर की अपेक्षा गरीब का पक्ष लेते हैं। भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। अहिल्या शापित और उपेक्षित स्त्री थी। सामाजिक उपेक्षाओं और तिरस्कारों के कारण वह पथरा गई थी। राम उसकी भी सुध लेते हैं। समरसता के अग्रेसर राम जाति, वर्ण, लिंग आदि का भी कोई भेदभाव नहीं रखते। जिस "थर्ड जेंडर" पर ध्यान केंद्रित किए जाने को आज मानवाधिकारों की पहल और प्रेरणा बताया जाता है, तुलसी के राम अपनी भक्ति के लिए स्त्री-पुरुष के साथ इस वर्ग को भी याद रखते हैं। पुरुष नपुंसक नारि वा जीव चराचर कोइ। सर्ब भाव भज कपट तजि मोहि परम प्रिय सोइ।।/ भगतिवंत अति नीचहुं प्रानी।/मोहि प्रानप्रिय असि मम बानी।। अर्थात् अत्यधिक नीच भी यदि कोई भक्त है तो वह मुझे प्राणों से भी प्रिय है।"

## अन्न के स्वामी अग्निदेव

यज्ञरूपी सत्कर्म के प्रेरक अग्निदेव के निमित्त यह आहुति समर्पित करते हैं। मन और बुद्धि को प्रेरणा प्रदान करने वाले अग्निदेव को यह आहुति देते हैं। चित्त और विशिष्ट ज्ञान को प्रेरित करने वाले अग्निदेव को यह आहुति प्रदान करते हैं। वाणी और विशिष्ट विद्याओं के प्रेरक अग्निदेव को यह आहुति प्रदान कर देते हैं। मन्वंतर-प्रवर्तक, प्रजापालक मनुरूप अग्निदेव के निमित्त यह आहुति प्रदान करते हैं। संसार के कल्याणकारी अग्निदेव के निमित्त यह आहुति देते हैं। सभी मनुष्य इस जगत का संचालन करने वाले परमेश्वर की मित्रता को स्वीकार करें। दिव्यज्ञान एवं सांसारिक वैभव की कामना से उस परमपिता की तेजस्विता को धारण करें, उसके लिए हमारी यह आहुति समर्पित है।

हे सामर्थ्यवान अग्निदेव! जो भी समिधाएं आपके निमित्त समर्पित की जाएं, वह सभी आपको घृताहुति के समान ही परम प्रिय हों। उन सभी को प्रसन्नता के साथ ग्रहण करें। घुन जिस काष्ठ को चट कर जाता है, दीमक जिस काष्ठ को खा जाती है, ऐसी काष्ठ की समिधाएं भी आपको घृतवत प्रिय हों, उनका भी आप प्रेमपूर्वक सेवन करें। पृथ्वी की नाभि के समान यज्ञकुंड में प्रदीप्त होने की स्थिति में हविष्यान्न से संतुष्टि प्राप्त करने वाले अति प्रशंसनीय यज्ञाग्नि का हम आवाहन करते हैं। शत्रुओं का तिरस्कार कर युद्ध में विजय प्राप्त करने वाले अग्निदेव से हम महान धन, ऐश्वर्य प्राप्ति की कामना करते हैं। आपके प्रभाव से हमारा और जिसके हम पुरोहित हैं, उस यजमान का प्रशंसनीय ब्रह्म ज्ञान, प्रशंसनीय तेजस्विता तथा प्रशंसनीय विजयशील क्षात्र बाल विकसित हो। हे अग्निदेव! दुष्कर्मियों के बाहुबल की अपेक्षा हमारा पराक्रम प्रखर हो, उनके तेज की अपेक्षा हमारा ब्रह्म तेज श्रेष्ठ हो। ज्ञान की तेजस्विता से विरोधियों का समापन हो, हम स्वजनों को ऊंचा उठाते हैं। अन्न के स्वामी हे अग्निदेव! आप हमारे लिए आरोग्यप्रद तथा पोषणयुक्त अन्न प्रदान करें, दानशील मनुष्यों को भली-भांति पोषित करें। हमारे पुत्र-पौत्रादि और पशुओं के लिए भी शक्तिवर्धक अन्न प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## पौराणिक ग्रंथों में असुर

संस्कृत साहित्य के उत्कृष्ट विद्वान्महासहोपाध्याय, विद्यानिधि, सिद्धेश्वर शास्त्री चित्राव के अनुसार, "देव एक मानव जातिसंघ था। प्राचीन वैदिक पौराणिक ग्रंथों में देव, असुर, राक्षस, पितर आदि ग्यातिसंघों (जातिसंघों) एवं इन जातियों के स्त्री-पुरूषों का निर्देश पुनः पुनः मिलता है। इन सारे जाति संघों में देव लोगों का ग्याति संघ बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से सर्वाधिक प्राज्ञ (उन्नत) एवं बलिष्ट प्रतीत होता है (प्राचीन चरित्र कोश, पृष्ट, 290)।

महाभारत एवं पौराणिक साहित्य के अनुशीलन से यह स्पष्ट हो जाता है कि वैदिक साहित्य के प्रारम्भ में 'असुर' शब्द दिव्यशक्ति संपन्न, ऊर्जावान, प्राणवान के अर्थ में महर्षि कश्यप एवं प्रजा पतिदक्ष की उनको ब्याही सगी बहनों की संततियों के लिए, विशेषकर अदितिपुत्र देवो, दितिपुत्र दैत्यों तथा दनुपुत्र के संयुक्त समूह के लिए होता था। आज के तथा कथित विकसित समाज में जब सगी मां से उत्पन्न भाईयों के परिवार में स्वार्थ जनित मतभेदों के कारण विघटन आम बात हो गई है, तब आज से हजारों वर्षों पूर्व कश्यप की अनेक (पुराणों के अनुसार तेरह, तीस, साठ पत्नियों की) सौतेली संतानों के मध्य स्वार्थ जनित कटुता के कारण उग्र मतभेद स्वाभाविक था। इसी स्वार्थ जनित मतभेद के कारण नागमाता कद्रू ने सगी बहन गरूड़ माता विनता को अपनी दासी बना लिया था और पति देव महर्षि कश्यप असहाय देखते रहे। इस घटना ने परम शक्ति संपन्न गरूड़ को संपूर्ण नागमाता का परम शत्रु बना दिया। विस्तार भय से इस बहु प्रचलित पौराणिक कथा का उल्लेख यहां नहीं किया जा रहा है। देवराज इन्द्र द्वारा स्वर्ग पर पूर्णाधिकार, विभिन्न यज्ञों एवं कर्मकाण्डों में घर बैठे भागीदारी, सुसंपन्न विलासिता पूर्ण जीवन, विभिन्न प्रकार के मादक पेयों के प्रति लगाव अर्थात सुराप्रेम ने सौतेले भाईयों, विमाता दितिपुत्र दैत्यों को विद्रोह के लिए उकसा दिया। दनुपुत्र दानवों ने भी उनका साथ दिया। प्रतिक्रिया स्वरूप सुरा प्रेमी 'सुर' या देवों ने असुर शब्द का मूल अर्थ, "असुः=प्राण+र=युक्तया वाला अर्थात प्रणवान या शक्तिशाली। आगे चलकर यही भौतिक शक्ति का सूचक या प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में यह वरूण, इन्द्र वसु आदि देवों के विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है। महाभारत एवं कथा सरित्सागर एवं पुराणों में भी असुर समाज के परम उदार, प्रजावत्सल, परोपकारी असुरों (दैत्यों, दानवों, राक्षसों) की प्रशंसा में कई कथाएं वर्णित है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## अक्षय तृतीया: जागृत होती हैं सात्विक प्रवृत्तियां

पुरुष और प्रकृति के एकीकरण, समन्वय, तादाम्य का महीना है वैशाख। इस महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि त्रिगुणात्मक जीवन की ज्ञान-इच्छा एवं क्रियाशक्ति का भान कराने वाली तिथि है। इसके अलावा यह तीनों लोक भूः भुवः स्वः को भी ऊर्जावान करने की तिथि है। इस तिथि को अक्षय तृतीया का निर्धारण करने के केवल आध्यात्मिक कारण ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक कारण भी है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह सत्ययुग की प्रारम्भ तिथि है। सत्ययुग के ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का स्वरूप अक्षय एवं अविनाशी है। पूरी सृष्टि सृजन, पालन एवं विनाश की त्रिकोणात्मक परिक्रमा करती है। यह तिथि ज्ञान एवं क्रिया के देवता परशुराम का अवतरण दिवस भी है। ऋषि होने के नाते परशुराम जी जहां ज्ञान के देवता होते हैं, वहीं प्रजा हित एवं सकुशल राज्य-संचालन के लिए निर्धारित मानकों के विपरीत कार्य करने वाले राजाओं से अनेकानेक बार संघर्ष की भी कथाएं उल्लिखित हैं।

वैशाख ऋतुराज वसन्त के उन्मेष का महीना है। चैत्र शुक्ल पक्ष से शुरू वसन्त 2 माह अपना जो सुमधुर प्रभाव छोड़ता है, उससे त्रेतायुग के अक्षय स्वरूप के भगवान विष्णु के सप्तम अवतार भगवान श्रीराम एवं अष्टम अवतार योगेश्वर कृष्ण अभिभूत होते हैं। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम के सीताहरण के पश्चात भटकाव एवं व्यग्रता को विराम देने वाला यही समय है। दण्डकारण्य में प्रथमतः ज्ञान और विज्ञान के केंद्र श्रीहनुमान से उनकी इसी समय मुलाकात होती है। श्रीराम को हनुमान की बातो में ऋक्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद के ज्ञान का आभास होता है। ज्ञानी हनुमान को पाकर वे सीता को पाने के प्रति आश्वस्त होते दिखाई पड़ते है। वसन्त ऋतु का समय है। वाल्मीकि रामायण में भगवान राम द्वारा वसन्त ऋतु का जो वर्णन किया गया है वह पुरुष और प्रकृति के बीच समन्वय स्थापित करने का संकेत स्पष्ट रूप से देता है। शीतकाल की समाप्ति के बाद सूर्य की रश्मियों में आती तेजी का रूप सुहावना है। पुरुष के इस सुहावने पन पर प्रकृति मुग्ध होने लगती है। धरती-आकाश की आपसी अनुकूलता से पुरानापन नवीन होता है। प्रकृति के इस भाव को जीवन में आत्मसात करने का सन्देश भी निहित है। श्रीराम कृष्ण बनकर द्वापर के अगले अवतार में वसन्त की मोहकता को भूलते नहीं और 'मासानां मार्गशीर्षोऽहम ऋतुनां कुसुमाकरः' कह कर वसन्त को अपना स्वरूप ही प्रदान कर देते है। लिहाजा श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की कृपा-अनुकम्पा से अभिसिक्त होने का यह समय है। दोनों अवतारी पुरुष का जीवन सिर्फ सैद्धांतिक ही नहीं बल्कि क्रियात्मक भी था। वसन्त ऋतु के इसी काल में वैशाख तृतीया को अवतरित दशावतार में छठे एवं 24 अवतारों में 16वें भगवान परशुराम की महिमा से यह भी सन्देश मिलता है कि जीवन के षटचक्रों का भेदन करते हुए सहस्त्रार की ओर बढ़ने से चिंतन राम-कृष्ण की तरह उर्ध्वगामी होगा। वैशाख महीने की महत्ता से पौराणिक ग्रंथ भरे पड़े है। कतिपय महीनों की महत्ता के क्रम में वैशाख माह के लिए स्कंदपुराण के 13 अध्यायों में वर्णित इसकी महत्ता से आशय यह निकलता है कि इस महीने में चन्द्रमा, सूर्य, तारे, नक्षत्र इतने अनुकूल हो जाते हैं कि इसके तीसों दिन मानव के लिए लाभप्रद हो जाते हैं। प्रतिकूलताएं निष्प्रभावी हो जाती हैं जिसकी वजह से अक्षय तृतीया को बिना किसी गणना के शुभकार्य सम्पादित किए जाते हैं। वैसे तो तृतीया तिथि को ललिता देवी की उपासना के माध्यम से व्रत का विधान नारदपुराण में महिलाओं के लिए किया गया है लेकिन वैशाख की अक्षय तृतीया का व्रत-उपवास स्त्री-पुरुष दोनों के लिए लाभदायी कहा गया है।





सलिल पांडेय
मिर्जापुर

# प्रदेश

## अनिवार्य सेवानिवृत्ति से पहले कर्मचारी का पूरा सेवा रिकॉर्ड देखना आवश्यक

**याची को 3 सप्ताह के भीतर सेवा में शामिल करने का दिया निर्देश**

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का कोई विशेष स्थान नहीं है। इसका यह अर्थ नहीं निकलता कि न्यायिक जांच को पूरी तरह से अलग कर दिया गया हो। हालांकि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अपीलीय अदालत के रूप में मामले की जांच नहीं कर सकती हैं, लेकिन आदेश के दुर्भावनापूर्ण, आधारहीन और मनमाना होने की संभावना पर उसमें हस्तक्षेप अवश्य कर सकती है।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि मौलिक नियम 56 के अनुसार किसी सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने से पहले संबंधित प्राधिकारी द्वारा एक राय बनाने की आवश्यकता होती है, जिससे कर्मचारी की पूरी सेवा पर विचार करने के बाद उसे सेवानिवृत्ति देने का फैसला लिया जाए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया की एकलपीठ ने रतन कुमार यादव की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 3 सप्ताह के भीतर उन्हें सेवा में शामिल करने का निर्देश दिया है, साथ ही 6 सप्ताह की अवधि के भीतर याची को बकाया वेतन, वरिष्ठता और अन्य लाभों सहित सभी परिणामी लाभ प्रदान करने का भी आदेश दिया है। मामले के अनुसार याची को वर्ष 1998 में पुलिस उप-निरीक्षक के पद पर सीधे भर्ती मिली थी। सेवाकाल के दौरान उन्हें मुन्ना बजरंगी गिरोह के साथ मुठभेड़ में एके-47 की पांच गोलियां लगीं। इसके बाद याची को वर्ष 2001 में इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति दी गई और उन्हें राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 2016 में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में उनकी पदोन्नति कर उन्हें गाजीपुर में तैनात किया गया, जहां अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), गाजीपुर द्वारा कुछ जांच के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। इसके बाद उनके खिलाफ लगातार चल रही जांच प्रक्रिया के आधार पर वर्ष 2019 में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई। आधी-अधूरी जांच के आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का कलंक और दोगनी सजा याची को झेलनी पड़ी। स्क्रीनिंग कमेटी ने याची के सेवा रिकॉर्ड पर विचार किए बिना दंडात्मक आदेश पारित किया। अंत में जिसे टिकाऊ ना मानकर कोर्ट ने रद कर दिया।

### अब्दुला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई जारी

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर 6 मई को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने सरकार की ओर से की गई अब तक की कार्रवाई को लेकर तर्क प्रस्तुत किए। कोर्ट ने दोपहर में भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रखने का निर्देश दिया।

## मुकदमा लंबित रखने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

**आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को दी सशर्त जमानत**

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने आरोपी एक छात्र के मुकदमे के निस्तारण में पुलिस उप-निरीक्षक द्वारा असहयोग करने की आलोचना करते हुए कहा कि कोर्ट के ईमानदार अनुरोध की जानबूझकर अवहेलना वास्तव में स्तब्ध करने वाली है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की एकलपीठ ने अनिकेत दीक्षित की दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार कर उसे सशर्त जमानत देते हुए की।

कोर्ट ने पाया कि आईपीसी की धारा 306 के तहत वर्ष 2018 में पुलिस स्टेशन कल्याणपुर, कानपुर नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया और 4 अप्रैल 2018 से आरोपी जेल में बंद है। इस पर कोर्ट ने जिला न्यायालय को 31 अगस्त 2024 तक मुकदमे का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया, साथ ही यह चेतावनी भी दी कि आदेश का अनुपालन न करने की स्थिति में पीठासीन अधिकारी को प्रतिकूल प्रभाव झेलना पड़ सकता है। आरोपी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट ने सितंबर 2018 में पहली जमानत याचिका को खारिज करते हुए जिला न्यायालय को इस निर्देश के साथ वापस कर दिया था कि वह मुकदमे की सुनवाई तेज कर डेढ़ साल के भीतर इसे समाप्त करें जबकि मुकदमे में बहुत कम प्रगति हुई, जिसके कारण आरोपी को 6 साल तक हिरासत में रहना पड़ा। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पत्र का अवलोकन करते हुए पाया कि ट्रायल कोर्ट ने हाजिरी माफी के विभिन्न आवेदनों को उदारतापूर्वक स्वीकार किया, जिसके कारण नवंबर 2019 से मई 2023 तक यानी 3 वर्ष और 10 महीने की अवधि के दौरान केवल दो गवाहों की जांच की गई। अंत में कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन पक्ष का कोई गवाह मुकदमे के शीघ्र समापन में असहयोग करता है तो ट्रायल कोर्ट दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध सभी बलपूर्वक तरीकों का उपयोग करके गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कर सकती है।

## वर्ग पहेली-62

**बाएं से दाएं**

1. 1. नकली वस्तु 2. मिलावटी चीज़ 3. कसौटी पर न उतरने वाली।
5. 1. ओछापन, क्षुद्रता 2. छिछोरे का काम।
6. 1. सुरक्षा राशि 2. शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों से ली जाने वाली सुरक्षा राशि।
7. 1. लकड़ी का वह भाग जो ज़मीन में धंसा हुआ होता है जिसके कुंदे पर लुहार काम करता है

**ऊपर से नीचे**

2. कलम या पेन जिसकी नलिका में स्याही भरी रहती है।
3. 1. बांस की खमाचियों या पतली लचकदार टहनियों की बनी हुई बड़ी टोकरी, झाबा, खांचा 2. पशुओं को कटा हुआ चारा डालने का पात्र।
4. (पुराण) 1. काली माता 2. दुर्गा का एक रूप।



### वर्ग पहेली -61 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ि | क | रा | ■ | 2 बे | खौ | 3 फ़ |
| ■ | ■ | ■ | 4 ल | ■ | ■ | क़ी |
| 5 अ | भि | ले | ख | न | ■ | रा |
| ह | ■ | ■ | पे | ■ | ■ | ना |
| रि | ■ | 6 घो | ड़ा | गा | ड़ी | ■ |
| म | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| न | ■ | 7 ते | लि | या | मै | ना |

## सुडोकू-141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | | | |
| | | | 1 | | | | 4 | |
| | 3 | 7 | | | | | | |
| 1 | | | 7 | | | | | 3 |
| | | 5 | 6 | | | | | |
| 2 | | | | | 8 | | | 9 |
| 4 | | | 9 | 8 | | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| 7 | | 9 | | | | | 8 | |

### सुडोकू -140 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 23.40 तक तत्पश्चात अमावस्या।


मेष
आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप के कारण आपका अपमान हो सकता है। सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थों को पीछे रखते हुए लोकहित के लिए काम करें। ठण्डी वस्तुओं का सेवन करें। आपके विरुद्ध दुर्भावना रखने वाले लोगों की पहचान होगी।


वृष
आज कुछ कारणों से आपके फोकस में कमी आयेगी। परिवार में उथल-पुथल हो सकती है। शाम के समय सत्सङ्ग और ध्यान आदि में मन लगा सकते हैं। अचल संपत्ति को लेकर कोई बड़ा निर्णय न लें। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।


मिथुन
आज अपनी अपेक्षाओं के अनुसार मेहनत नहीं कर पायेंगे। मन में बैठे डर को निकालने का प्रयास करें। सार्वजनिक उत्सवों में सम्मिलित हो सकते हैं। लेकिन आप उससे सन्तुष्ट शायद ही रहें। शोध कार्यों में आज आपको सफलता मिलसकती है।


कर्क
आज कार्यक्षेत्र में नया परिवर्तन आपके जीवन में बदलाव ला सकता है। व्यवसायिक पार्टनर के साथ समय बितायेंगे। कर्जों को चुकाने में सफलता मिलेगी। जिस अवसर का इंतजार कर रहे थे, वह आपको आज मिल सकता है।


सिंह
आज आपकी मांसपेशियों में दर्द हो सकता है। किसी पर भी आंख मून्दकर भरोसा न करें। दांपत्य संबंधों में प्रेम भावना बढ़ेगी। अपनी क्षमता का सही उपयोग करेंगे। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें। व्यापार में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।


कन्या
आज आपको कुछ विरोधाभासी स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। मन में अनावश्यक विषयों के विचार चलते रहेंगे। इसीलिए आपको खाली नहीं बैठना चाहिए। सेहत को लेकर की गई लापरवाही भविष्य में नुकसान देह सिद्ध हो सकती है।


तुला
आज अपनी बुद्धि विवेक से काम करेंगे तो सफलता मिलेगी। मन में दबी हुई भावनाओं को तुरन्त व्यक्त न करें। कर्मचारियों की सहायता से आपका कार्यभार कम होगा। वृद्धजनों की सेवा करेंगे। शाम को थोड़ा अकेलापन महसूस होगा।


वृश्चिक
आज आप आवश्यक सामान की ख़रीदारी कर सकते हैं। दैनिक आय में वृद्धि होगी। अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी।


धनु
आज समाजसेवा को लेकर मन में भाव उत्पन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के कारण सभी कार्य आसानी से सफल होंगे। कार्यक्षेत्र में ऐच्छिक सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। किसी की आलोचना न करें। तकनीकी कार्यों में रुचि लेंगे।


मकर
आज महिला सहकर्मियों का अपमान न करें। अधिक देर बैठकर काम करने से नुकसान होगा। सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या हो सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। विवाह से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्यादा परेशान न हों।


कुंभ
आज उच्च अध्ययन में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मानसिक अन्तर्द्वंद का शिकार हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। किसी पुराने मित्र की मुलाक़ात से आनन्द की अनुभूति होगी। दांपत्य जीवन की कठिनाई दूर होगी।


मीन
आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपने कार्यों में किसी का हस्तक्षेप न होने दें। परिश्रम के बाद सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों के लिये दिन अच्छा नहीं है। अपने भीतर अहम् भाव न पनपने दें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 15.32 तक तत्पश्चात भरणी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
15 अगस्त
सुबह : 09.00
आसमान ऊंचा
शाम : 06.00

&pictures
ऑल द वेस्ट
दोपहर : 12.05
हिचकी
शाम : 06.02

Sony Pix
सुसाइड स्क्वॉड
सुबह : 10.03
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स
रात : 09.05

Zee Cinema
खिलाड़ी 786
सुबह : 10.45
जीते हैं शान से
रात : 07.25

Colors Cineplex
द ग्रेट गैम्बलर
सुबह : 11.25
मैरी कॉम
रात : 08.48

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 06.02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी से लड़ाई के बाद पति एक बाबा के पास पहुंचा।
पति (मोनू) - बाबाजी, सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मंत्र बताइए?
बाबा- हां, एक मंत्र तो है जिससे बच्चा तेरे सारे दुख खत्म हो जाएंगे।
पति- हां बाबाजी, बताइए क्या है वो?
बाबा -बेटा जब तक मुंह बंद और पर्स खुला रहेगा, कृपा आती रहेगी।
बाबा की बात सुनकर पति हैरान...

भगवान - क्या चाहिए तुझे?
पप्पू - एक नौकरी, पैसों से भरा कमरा, सुकून की नींद और गर्मी से छुटकारा।
भगवान-तथास्तु
आज पप्पू एटीएम में गार्ड है।

# राजपूतों की नाराजगी के ग्राउंड जीरो राजकोट में मुद्दा दिख रहा फीका



### 18 सीटें ढाई लाख से ज्यादा वोटों से जीती थीं भाजपा

- गुजरात में मंगलवार को तीसरे चरण में 25 सीटों पर वोट पड़ेंगे। सूरत सीट भाजपा पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा यहां क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाना चाहती है। कांग्रेस इसे रोकने की कोशिश में भले जुटी हो, लेकिन पार्टी का वोट बैंक यहां लगातार गिरावट की ओर है। जब नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम या देश के पीएम नहीं थे तब भी गुजरात में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से भाजपा आगे रहती थी। यहां तक कि 2004 से 2014 तक जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी, तब भी भाजपा ने कांग्रेस से ज्यादा सीटें जीती थीं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने गुजरात की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2019 में गुजरात की 18 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार ढाई लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

राजपुरूष

- केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिप्पणी से उपजा था विवाद, देश भर में हुए थे प्रदर्शन
- रूपाला कड़वा पाटीदार समाज से तो कांग्रेस प्रत्याशी परेश धनानी लेउवा पाटीदार

**अमृत विचार।** राजकोट में सात मई के मतदान के लिए चुनाव प्रचार बंद हो चुका है, लेकिन पूरा शहर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला की होर्डिंग्स से भरा पड़ा है। इन होर्डिंग्स में शानदार नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एम्स की सौगात मिलना, राजकोट को अहमदाबाद से जोड़ने वाला छह-लेन राजमार्ग, हर घर में नल से पानी, स्मार्ट सिटी की सुविधा जैसे विकास के तमाम बड़े काम पूरे करने की भरमार के साथ आगे और तेजी से विकास के वादे लिखे नजर आते हैं। यहां 22 साल बाद दो पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला के सामने पूर्व नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के परेश धनानी ने डटकर मुकाबला किया है, ऐसा अधिकतर लोग मानते हैं। लेकिन राजपूतों की भाजपा के नाराजगी के सवाल पर जवाब टाल जाते हैं। कांग्रेस-भाजपा दोनों के उम्मीदवार अमरेली जिले के मूल निवासी हैं और राजकोट में नए चेहरे हैं। परेश धनानी ने 2002 के विधानसभा चुनाव में अमरेली सीट से रूपाला को हराया था।

### 2019 में और बढ़ गया था भाजपा की जीत का अंतर

- 2019 के चुनाव में राजकोट में भाजपा के मोहन कुंडरिया ने 7,58,645 वोट पाकर जीते थे। कांग्रेस के कगथारा ललितभाई को 3,90,238 वोट मिले थे। 2014 में भाजपा के मोहन भाई कुंदरिया के 5,08,437 वोट और कांग्रेस के कुंवरजी भाई बावलिया ने 3,75,096 वोट पाए थे।

राजकोट अगर इस चुनाव में हॉट सीट हैं और सभी कि निगाहें टिकी हैं, तो उसकी वजह इस क्षेत्र का इस बार के चुनाव में राजपूतों की भाजपा से नाराजगी का ग्राउंड जीरो बनना रहा है। चुनावी अभियान की शुरूआत में केंद्रीय मंत्री रूपाला के एक बयान ने पूरे उत्तर भारत में क्षत्रिय समाज के बीच तूफान खड़ा कर दिया था। हालांकि रूपाला ने जल्दी ही माफी मांग ली, इसके बावजूद क्षत्रियों की भाजपा से नाराजगी का मुद्दा तमाम लोकसभा सीटों पर सामने आया और भाजपा ने उसे ठंडा करने, क्षत्रियों को मनाने में तमाम ताकत भी लगाई। लेकिन रूपाला को चुनाव मैदान से नहीं हटाया। दरअसल, 22 मार्च को केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने दलितों की एक सभा को संबोधित करते हुए अपनी टिप्पणियों से विवाद खड़ा कर दिया था, उन्होंने रुखी समाज (दलित समुदाय) की बड़ाई करते हुए कहा था कि इस समाज ने विदेशी आक्रांताओं के तमाम अत्याचार के बाद भी न तो अपना धर्म बदला और न वैसे पारिवारिक संबंध स्थापित किए, जैसे कि अनेक राजाओं और राजघरानों ने झुक कर बनाए थे। इसके बाद राजपूत समाज में आक्रोश और नाराजगी के स्वर फूट पड़े थे। राज्य भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। समाज के लोगों ने भाजपा के प्रति निराशा व्यक्त की थी। शासन में उचित हिस्सा नहीं मिलने की बात उठाई थी।

### पीएम मोदी के राजनीतिक सफर का हुआ था आगाज

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी राजनीतिक सफर का आगाज राजकोट से ही हुआ था। वर्ष 2001 में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद वह राजकोट सीट से ही उपचुनाव में जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

मतदान से पहले राजपूतों की नाराजगी की बात राजकोट लोकसभा क्षेत्र में चर्चा में तो है, लेकिन जमीन पर कोई बड़ा मुद्दा है, ऐसा नजर नहीं आता है। हालांकि इसकी एक वजह यह भी है कि 20 लाख से अधिक मतदाताओं वाली इस सीट पर क्षत्रियों का वोट सीमित संख्या में है, इसलिए उनके असंतोष से भाजपा की संभावनाओं पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। इसके बावजूद रूपाला और भाजपा ने यहां जमकर आपदा प्रबंधन भी किया है। रूपाला को जीत तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के साथ जाति का जमकर सहारा लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ता रूपाला की जीत के लिए दम लगाए हैं। पार्टी की एक खास इकाई ने लोगों के बीच जाकर यह प्रचार किया है कि क्षत्रिय समाज की नाराजगी रूपाला से हो सकती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं। इसके साथ ही पार्टी ने क्षत्रिय समुदाय के विरोध की आशंका के मद्दे नजर अन्य प्रमुख जातियों को साध रखा है।

इस सबके बीच कांग्रेस उमीदवार परेश धनानी कहते हैं कि राजकोट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गढ़ है। यहां भाजपा ने विकास की परिभाषा को संकुचित करके समुदायों का धार्मिक और जातीय आधार पर ध्रुवीकरण कर दिया है। भाजपा राजकोट में व्यापारिक समुदाय को लुभाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का कार्ड खेल रही है। उनके मुताबिक इस बार लड़ाई सांसद बनने की नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की है। मुद्रास्फीति, व्यापार में मंदी और बेरोजगारी है, लेकिन लोगों को इन मूल मुद्दों से हटाने के लिए भाजपा धार्मिक और जातीय विभाजन कर रही है। आम लोग अपने हक की आवाज उठाते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है, उन पर झूठे मुकदमे लाद दिये जाते हैं। महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के राज्य में देश की विविधता में एकता को नष्ट किया जा रहा है।

# हरियाणा में इस बार जाति का रंग गाढ़ा

मनोज त्रिपाठी

- जाट वोटरों के साथ ओबीसी और ब्राह्मणों को साधने में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने दांव लगाएं
- कई सीटों पर कांटे की टक्कर, दो जगह त्रिकोणीय, एक क्षेत्र में चतुष्कोणीय मुकाबले की तस्वीर






**अमृत विचार।** हरियाणा में पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने वाली भारतीय जनता पार्टी के सामने इस बार परिस्थितियां पहले जैसी नहीं नजर आ रही हैं। हालांकि पार्टी ने कांग्रेस और अन्य दलों से काफी पहले अपने प्रत्याशी घोषित करके चुनावी अभियान में बढ़त जरूर बना रखी है। चुनावी रणनीति के तहत ही मुख्यमंत्री बदल दिया था। हालांकि जेजेपी ने साथ छोड़ दिया है, लेकिन 2019 के चुनाव में 1977 के बाद से राज्य के चुनावी इतिहास में सर्वाधिक 58 फीसदी से अधिक मत हासिल करने से भाजपा का हौसला बढ़ा हुआ है। इसके मुकाबले कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में 28.5 प्रतिशत मतों से ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मत पर्तिशत बढ़ाकर सीटों का सूखा खत्म करना है। पार्टी इस बार राज्य में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट उसने आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। उधर, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) तथा जननायक पार्टी (जेजेपी) विधानसभा चुनावों में अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए लोकसभा चुनाव के मैदान में हैं।

कांग्रेस ने भाजपा को घेरने के लिए जातीय संतुलन साधा है। पार्टी ने जो नौ उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें दो जाट, दो दलित, दो ओबीसी, एक-एक पंजाबी, ब्राह्मण तथा एक वैश्य प्रत्याशी शामिल हैं। भाजपा ने भी जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधकर एक बार फिर सभी सीटें जीतने की व्यूह रचना की है। पार्टी ने ब्राह्मणों को खास तरजीह दी है। जाट वोट 22 प्रतिशत हैं, उन्हें भाजपा ने दो सीटें दी हैं, तो ब्राह्मण आठ फीसदी होने के बावजूद दो सीटें पाने में सफल रहे हैं। भाजपा ने दो दलित, एक पंजाबी, एक अहीर, एक वैश्य तथा एक गुर्जर प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। दोनों प्रमुख दलों द्वारा जातीय संतुलन और जीत की संभावना वाले उम्मीदवार उतारे जाने से राज्य में इस बार तीन हॉट सीट बन गई हैं, जिन पर सभी की निगाहें टिकी हैं। पहले रोहतक और हिसार को हॉट सीट माना जाता था। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मैदान में आने से करनाल और उद्योगपित नवीन जिंदल व आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता के आमने-सामने होने से कुरूक्षेत्र का नाम हॉट सीटों में जुड़ गया है। अब कांग्रेस से पूर्व अभिनेता राज बब्बर के आने से गुरुग्राम सीट चर्चा में है। फिलहाल चुनावी अभियान में जो समीकरण उभर रहे हैं, उनके मुताबिक राज्य की आठ सीटों पर कांटे की टक्कर मानी जा रही है। कुरुक्षेत्र समेत दो सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष दिख रहा है, जबकि सिरसा में चतुष्कोणीय मुकाबले की तस्वीर है।

### भाजपा ने बनाई है गैर जाट वोटरों को साधने की रणनीति

- हरियाणा में इस बार भाजपा ने गैर जाट मतदाताओं पर ज्यादा ध्यान दिया है। अंबाला से पूर्व सांसद रत्न लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया और सिरसा से पूर्व सांसद अशोक तंवर को चुनावी मैदान में उतारा है। यह दोनों सीटें आरक्षित हैं। बंतो कटारिया पहले भी भाजपा में कई पदों पर रह चुकी हैं, जबकि अशोक तंवर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। फरीदाबाद लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और गुरुग्राम सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत यादव चुनाव मैदान में हैं। दोनों ही ओबीसी समाज से आते हैं। जाटलैंड नाम से मशहूर रोहतक और सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में गैर जाटों को उतारकर भाजपा ने बड़ा राजनीतिक कार्ड खेला है। रोहतक से पार्टी ने एक बार फिर से पूर्व सांसद अरविंद शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। सोनीपत में पूर्व सांसद रमेश कौशिक की जगह ब्राह्मण विधायक मोहन लाल बड़ौली को मैदान में उतारा गया है। हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से पार्टी ने जाट प्रत्याशी उतारे हैं। कुरुक्षेत्र सीट से अभी तक मुख्यमंत्री नायब सैनी सांसद थे। भाजपा ने यहां से दो बार सांसद रह चुके नवीन जिंदल को चुनाव मैदान में उतारकर वैश्य समुदाय को साथ जोड़ने का काम किया है।




**किस दल से किस जाति के प्रत्याशी**

| जाति | भाजपा | कांग्रेस | इनेलो | जेजेपी |
|---|---|---|---|---|
| जाट | 2 | 2 | 4 | 5 |
| गुर्जर | 1 | 1 | – | – |
| अहीर | 1 | 1 | – | 2 |
| वैश्य | 1 | 1 | – | – |
| ब्राह्मण | 2 | 1 | 2 | – |
| दलि | 2 | 2 | 2 | – |
| पंजाबी | 1 | 1 | – | – |
| सैनी | – | – | – | 1 |
| मराठा | – | – | 1 | – |

**10** लोकसभा की सीटें हैं राज्य में

**25** मई को छठे चरण में मतदान

**1.98** करोड़ से अधिक हैं मतदाता

**3.63** युवा पहली बार डालेंगे वोट

### कांग्रेस में हुड्डा का वर्चस्व, जातीय संतुलन

- कांग्रेस ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से श्रुति चौधरी पूर्व सीएम बंसीलाल की पोती की जगह राव दान सिंह को उतारा है। वह हुड्डा के करीबी हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ बंसीलाल के परिवार की पारंपरिक सीट मानी जाती रही है। लेकिन इस बार पार्टी ने जाट समुदाय से आने वाले मौजूदा भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह के खिलाफ ओबीसी समुदाय के सदस्य को मैदान में उतारते हुए अपनी रणनीति बदल दी है। कांग्रेस ने बृजेंद्र सिंह को हिसार सीट से मैदान में नहीं उतारा। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में हिसार से 2019 का संसदीय चुनाव जीता था। इसी साल मार्च में वह कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने हुड्डा के करीबी पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश को हिसार से मैदान में उतारा है। अंबाला से पार्टी ने मौजूदा विधायक वरुण चौधरी को मैदान में उतारा है। वरुण हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष फूल चंद मुलाना के बेटे हैं, जो लंबे समय से हुड्डा के सहयोगी रहे हैं। सोनीपत से हुडा के सहयोगी सतपाल ब्रह्मचारी को मैदान में उतारा गया है, जबकि पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र प्रताप फरीदाबाद से चुनाव लड़ रहे हैं। दीपेंद्र हुड्डा और जय प्रकाश जाट समुदाय से हैं, जबकि अन्य दो राव दान सिंह और महेंद्र प्रताप ओबीसी वर्ग से हैं। कुमारी शैलजा और वरुण चौधरी अनुसूचित जाति से हैं, जबकि सतपाल ब्रह्मचारी ब्राह्मण हैं। करनाल से उतरे बुद्धिराजा पंजाबी समुदाय से हैं।

**2019 में मिलीं सीटें**

10 भाजपा | 00 कांग्रेस

**2014 का परिणाम**

07 भाजपा | 02 इनेलो | 01 कांग्रेस



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रानौत के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया। कहा कि आज भारत की कमान सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में बताया। कहा कि कंगना मंडी का विकास करेंगी। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी हमला बोला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का गुणगान किया।

## भाजपा ने पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज पर लगाया है दांव

# अभेद्य किला बचाने और जीतने की जंग में एसटी वोटर हथियार

**सरगुजा संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

- कांग्रेस ने शशि सिंह को सौंपा है अजेय किले को जीतने का जिम्मा





**अमृत विचार।** छत्तीसगढ़ प्रांत की सरगुजा लोकसभा सीट भजपा का अजेय किला है। 2004 से पार्टी लगातार यहां जीत रही है। इस चुनाव में भाजपा के इस अभेद्य दुर्ग को जीतने की जिम्मेदारी कांग्रेस ने युवा नेता शशि सिंह को सौंपा है तो भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले बगावत कर भगवा खेमे में आए चिंतामणि महाराज पर दांव लगाया है। चिंतामणि महाराज पूर्व विधायक रहे हैं तो शशि सिंह के पिता पूर्व मंत्री। इस चुनाव में स्थानीय समस्याओं को कांग्रेस मुद्दा तो बनाना चाहती है पर राष्ट्रीय मुद्दों के शोर में स्थानीय मुद्दे दब से गए हैं। मोदी की गारंटी का शोर तो यहां सुनाई देता है पर भाजपाई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भी खूब भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी वजह भी है। वनवास के समय प्रभु राम यहां भी कुछ समय तक रहे थे। कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे को भी हवा दे रही है।




2019 में भाजपा नेता रेणुका सिंह यहां सांसद बनीं थीं। उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनने का मौका भी मिला। विधानसभा चुनाव में उन्हें पार्टी ने भरतपुर- सोनहत से विधानसभा का टिकट दिया और वह विधायक बन गईं। ऐसे में पार्टी ने उन्हें इस बार लोकसभा का टिकट नहीं दिया है। रेणुका सिंह को मुख्यमंत्री पद का भी प्रमुख दावेदार माना जा रहा था। सरगुजा सीट भाजपा जीते इसकी जिम्मेदारी रेणुका सिंह को भी दी गई है। वैसे भाजपा में इस सीट से टिकट के कई दावेदार थे लेकिन बाजी चिंतामणि महाराज के हाथ लगी। इसी शर्त पर ही वे भाजपा में शामिल हुए थे। इस क्षेत्र में उनका जबरदस्त प्रभाव माना जाता है। वह सामरी से विधायक रहे हैं। कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया था इससे नाराज होकर वे भाजपा में आए थे। उनके मुकाबले में कांग्रेस ने राहुल गांधी की खास युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव शशि सिंह को मैदान में उतारा है। वह जिला पंचायत की सदस्य हैं। उनके पिता तुलेश्वर सिंह अजित जोगी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। कंवर और गोंड जनजाति के मतदाता यहां हर बार बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस जाति के मतदाताओं पर हर दल की निगाह है।

### विधानसभा की सभी आठ सीटें भाजपा के पास

- इस लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सभी आठ सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। यहां की रामानुजगंज सीट से विधायक राम विचार नेता तो प्रदेश सरकार में मंत्री भी हैं। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। इससे पहले रमन सरकार में भी वे मंत्री पद पर रह चुके हैं।

### स्थानीय समस्याएं कम नहीं, पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी

- यहां बनाए गए एयरपोर्ट को चालू करने की मांग हो रही है पर अभी तक हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी है। इसी तरह पड़ोसी राज्यों को जोड़ने के लिए रेल सुविधा का अभाव। दिल्ली के लिए हफ्ते में एक बार ट्रेन की सुविधा है तो अंबिकापुर से रेनुकूट रेल मार्ग व बरवाडीह रेल मार्ग को जोड़ने के प्रस्ताव पर भी अभी तक काम नहीं हो पाया है। हालांकि चुनाव में इन मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी पड़ रहे हैं। कांग्रेस भाजपा पर संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने का आरोप बड़ी तेजी से लगा रही है तो भाजपा यह बताने में जुटी है कि न संविधान बदलेगा न आरक्षण खत्म होगा।



**आज का मुकाबला**

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| सुनील नारायण (केकेआर) | 11 | 461 |

## भारतीय महिला-पुरूष रिले टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

नासाउ (बहामास), एजेंसी







भारतीय महिला और पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया।

भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरूष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही। दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा।

पहले दौर में पुरूष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े। भारतीय पुरूष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले से दूसरे दौर की हीट में नाम वापिस ले लिया क्योंकि रमेश फिट नहीं थे। उन्होंने रविवार को चार गुणा 400 मीटर मिश्रित और पुरूष दोनों वर्गों में भाग लिया था।

मिश्रित रिले का आगाज तोक्यो ओलंपिक से हुआ और भारत ने भी इसमें क्वालीफाई किया था। पहली बार लॉस एंजिलिस में 1984 खेलों में महिला चार गुणा 400 मीटर रिले की शुरूआत के बाद से भारतीय टीम आठवीं बार उतरेगी। वहीं पुरूष टीम चौथी बार भाग लेगी क्योंकि इस वर्ग की स्पर्धा 2000 सिडनी ओलंपिक से ही शुरू हुई है। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

## सरकार के फैसले पर ही भारतीय टीम जाएगी पाकिस्तान : शुक्ला



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जाएगा।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आज यहां कहा चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है।

# वानखेड़े में 200 पार नहीं जा सकी हैदराबाद

## मुंबई इंडियंस को मिला 174 रनों का लक्ष्य, हार्दिक और पीयूष ने लिए 3-3 विकेट

मुंबई, एजेंसी

वानखेड़े स्टेडियम बल्लेबाजों के लिए अनुकूल माने जाने वाली पिच पर आज फिर हैदाराबाद की टीम 200 के पार नहीं जा सकी। हैदराबाद को मुंबई के आगे जल्दी समर्पण करना पड़ा। सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की (48) और कप्तान पैट कमिंस की तबातोड़ नाबाद 35 रन की पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 55वें मैच में सोमवार मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 174 रनों का लक्ष्य दिया है।

वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीता और सनराइजर्स हैदराबाद को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। छठें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने अभिषेक शर्मा आउट कर मुम्बई को पहली सफलता दिलायी। इसके बाद आईपीएल में पदार्पण करने वाले अंशुल कम्बोज ने मयंक अग्रवाल (5) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हैदराबाद के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे। नितीश कुमार रेड्डी 15 गेंदों में 20 रन, हाइनरिक क्लासन (2), मार्को यानसन (17), शाहबाज अहमद (10), अब्दुल समद (3) रन बनाकर आउट हुये। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुये सर्वाधिक (48) रनों की पारी खेली। उन्हें 11वें ओवर में पीयूष चावला ने आउट किया।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी। ● एजेंसी



कप्तान पैट कमिंस और सनबीर ने पारी को संभाला। कमिंस ने 17 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 35 रनों की पारी खेली। सनबीर सिंह आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई इंडियंस की ओर से हार्दिक पांड्या और पीयुष चावला ने तीन-तीन विकेट लिये। जसप्रीत बुमराह और अंशुल कंबोज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**हैदराबाद 173/8** 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का तिलक बो चावला | 48 | 30 | 7/1 |
| अभिषेक शर्मा का इशान बो बुमराह | 11 | 16 | 0/1 |
| मयंक अग्रावाल बो कंबोज | 5 | 6 | 1/0 |
| नितीश रेड्डी का कंबोज बो हार्दिक | 20 | 15 | 2/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो चावला | 2 | 4 | 0/0 |
| मार्को यानसेन बो हार्दिक | 17 | 12 | 1/1 |
| शाहबाज का सूर्यकुमार बो हार्दिक | 10 | 12 | 0/0 |
| अब्दुल समद पगबाधा चावला | 3 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 35 | 17 | 2/2 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 8 | 7 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.371 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |

## कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अलग रणनीति बनाएंगे : बाबर

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन कोहली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाए जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जाएगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था।



### वीजा मुद्दों के कारण आमिर के आयरलैंड रवाना होने में विलंब

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर वीजा मुद्दों के कारण शायद मंगलवार सुबह राष्ट्रीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड रवाना नहीं हो पाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वस्त सूत्र ने कह कि टीम के बाकी सदस्यों को आयरलैंड का वीजा मिल गया है लेकिन 2010 स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में जेल की सजा काटने के कारण आमिर के वीजा में विलंब हो रहा है।

## भारत की पहली हाईब्रिड पिच का अनावरण

**धर्मशाला।** भारत की पहली हाईब्रिड पिच का सोमवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। धूमल ने कहा इंग्लैंड में लाड्र्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी। प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती। पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके।



## रूबलेव ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन

**मैड्रिड।** बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रे रूबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। रूबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा मेरे पास शब्द नहीं है। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था। नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे। कार्लोस अल्काराज दाहिने हाथ में सूजन से जूझ रहे थे और राफेल नडाल जल्दी हारकर बाहर हो गए थे। इगा स्वियातेक ने पहली बार महिला वर्ग में यह खिताब जीता।



## भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को 65 करोड़ का बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नारंग ने भारतीय शतरंज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाने और देश में शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ का बजट तैयार किया है। एआईसीएफ की आम सभा में इस पर चर्चा की गई जिनका उद्देश्य पेशेवर और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के लिए वित्तीय और संस्थागत सहायता प्रदान करके भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को मजबूत करना है।



राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ प्रो और एआईसीएफ पॉपुलर जैसे कार्यक्रमों का शुभारंभ, हर घर शतरंज के दृष्टिकोण को घरों में वास्तविकता प्रदान करेगा। कई प्रस्ताव जैसे शतरंज विकास निधि, सभी स्तरों पर खिलाड़ी अनुबंध और कोचिंग के साथ मजबूत वित्तीय सहायता की शुरुआत, जिला और राज्य संघों को आर्थिक रूप से समर्थन देना, विशिष्ट स्तर के प्रशिक्षण के लिए एक अत्याधुनिक एनसीए की स्थापना, विशेष रूप से भारत के लिए एआईसीएफ रेटिंग प्रणाली, अभूतपूर्व पहल के रूप में काम करेगी और आने वाले वर्षों में भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को गति देगी।

## रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के लिए करो या मरो का मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी।

दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिए शायद काफी नहीं हों। दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाए।



अरूण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिए दोहरी चुनौती होगी। वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा। अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा। उनके पास ऑस्ट्रेलिया के युवा फ्रेसर मैकगुर्क जैसा आक्रामक बल्लेबाज है। ये दोनों मिलकर मैच का नक्शा पलट सकते हैं।

दिल्ली को हालांकि रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी। युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा।

## एएसबीसी एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप में पांच को स्वर्ण



**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** पांच युवा भारतीय मुक्केबाजों ब्रिजेश टम्टा, आर्यन हुड्डा, यशवर्धन सिंह, लक्ष्मी और निशा ने सोमवार को यहां एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। ब्रिजेश ने पुरुषों के 48 किग्रा फाइनल में ताजिकिस्तान के मुमिनोव मुइनखोदझा को 5-0 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। आर्यन (51 किग्रा) ने किर्गिस्तान के कामिलोव जफरबेक के खिलाफ 5-0 की जीत से भारत का दबदबा जारी रखा। यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) को ताजिकिस्तान के गफूरोव रुस्लान के खिलाफ 4-1 की जीत के दौरान काफी पसीना बहाना पड़ा। महिला वर्ग में निशा ने 52 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की ओटिनबे को हराकर स्वर्ण अपने नाम किया।

### बॉलीवुड हलचल

## हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नेटफ्लिक्स पर संजय लीला भंसाली की नई सीरीज हीरा मंडी इस वक्त चर्चा में है। 1 मई को प्रदर्शित आठ एपिसोड वाली इस कहानी पर भंसाली की पूरी छाप है। चर्चा इसलिए भी है कि इसमें भर भर के ग्लैमर है इतना कि उसे ग्लैमर का ओवर डोज भी कहा जा सकता है। सेट्स को भव्य दिखाने के लिए एनीमेशन का इस्तेमाल भी किया गया, जो नकली समझ आ जाता है। सेक्स और गाली गलौच भरपूर मात्रा में तो है ही फूहड़ भी है। परिवार के साथ बैठकर देखने के बारे में तो सोचा ही नहीं जा सकता। तवायफों पर आधारित कहानी में बार बार उनकी तहजीब और रवायतों का महिमा मंडन किया गया है कि कोठे तहजीब सीखने की जगह हुआ करते थे पर तवायफों से भद्दे संवाद बुलवाते समय भंसाली ये बात भूल जाते हैं। हीरा मंडी की स्टारकास्ट जबरदस्त है। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, संजीदा शेख, फरदीन खान, अध्ययन सुमन, शेखर सुमन, फरीदा जलाल आदि हैं। सर्वाधिक संतुलित अभिनय फरीदा जलाल का है। ऋचा चड्ढा और अदिति राव हैदरी भी प्रभावित करती हैं। बड़े शेखर से ज्यादा छोटे शेखर प्रभाव छोड़ते हैं। ताहा शाह बदूशा ने आंखों से अच्छा अभिनय किया है। माहौल है 1940 के आसपास का लाहौर। 'हीरा मंडी : द डायमंड बाजार' की मुख्य कहानी मल्लिका जान मनीषा कोइराला की कहानी है, जो हीरा मंडी की सबसे ताक़तवर तवायफ है। उनके बारे में बस यही कहा जा सकता है कि मुख्य किरदार के लालच में मनीषा कोइराला ने करियर की दूसरी पारी में छीछालेदर ही करवा ली। वह आतंक का पर्याय है। उसकी बेटी बिब्बो जान क्रांतिकारियों का साथ दे रही है। दूसरी तवायफ बेटी आलमजेब शेरो-शायरी करती है। उसका पुराना गुनाह नए तेवर में फरीदन सोनाक्षी सिन्हा बनकर लौट आता है। सोनाक्षी का अभिनय बेहद कमजोर है। कोठों पर कब्जे की जंग में आजादी की जंग का तड़का है। जो कहानी को मकसद देता है। वरना तवायफों के बारे में आज कोई क्यों जानना चाहेगा। क्यों कि ना तो कहानी असली है ना ही इतिहास। अगर कुछ है तो वो तवायफों के जेवर और नवाबों के तेवर। सिरीज देखते समय आप कहानी या पात्रों से खुद को रिलेट नहीं कर पाते। हां आजादी की जंग थोड़ा जोश जरूर भर्ती है। अमीर खुसरो का बसंत गीत सकल बन फूल रही सरसों बढ़िया है। इन कहानियों में षड़्यंत्र है, जरूरत से ज्यादा ग्लैमर है और मोहब्बत की कशिश भी है। कहानियों के भीतर इतनी कहानियां हैं कि आप से कहानी का मुख्य सिरा ही छूटने लगता है। पूरी कहानी में भंसाली के दिमाग में पाक़ीज़ा छाई हुई है। डांस स्टेप्स, सिचुएशन्स सिनेमेटोग्राफी, कॉस्ट्यूम, संवाद अदायगी सभी पाकीजा की थर्ड कॉपी लगते हैं। जब भंसाली पाकीजा से इतने ही प्रभावित थे तो उसका भावनात्मक पहलू भी याद कर लेते। उसकी शालीनता और मोहब्बत के ऊंचे मानदंड भी याद रखते। आज तवायफों का दौर देखने वाले तो नहीं है पर पाकीजा हर सिने प्रेमी ने देखी है। कह सकते हैं कि हीरा मंडी में जो अच्छा है वो मौलिक नहीं है जो मौलिक है वो अच्छा नहीं है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# पुंछ हमले के आतंकियों का पता देने वाले को मिलेंगे 20 लाख

**जम्मू, एजेंसी**

- सेना ने जारी किए स्केच, कई लोगों को हिरासत में लेकर की जा रही है पूछताछ



जम्मू-कश्मीर का जिला पुंछ में वायु सेना के वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकी हमले के बाद से ही गहन तलाशी अभियान चल रहा है। सोमवार को सेना ने दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। इन आतंकियों का पता बताने वाले को 20 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा भी की गई है। इसके साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि शनिवार शाम को पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के डन्ना शाहसितार क्षेत्र में वायुसेना के वाहनों पर आतंकी हमला किया गया। इस हमले में पांच वायु सैनिक घायल हो गए। घायलों में शामिल विक्की पहाड़े बलिदान हो गए। हमले के बाद से ही सुरनकोट व मेंढर के 20 किलोमीटर तक क्षेत्र में घेराबंदी की गई है।

ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। इलाके में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी के एक हजार से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है। आतंकियों ने वायुसेना के वाहनों पर घात लगाकर हमला किया है।

## अब अहमदाबाद के 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** दिल्ली और देशभर के कई के स्कूलों और हाई आड्डों को बम से उड़ाने की धमकी कुछ दिन बाद अब अहमदाबाद के दस स्कूलों के धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। इनमें इन स्कूलों को उड़ा देने की धमकी दी गई है।

लोकसभा चुनावों से पहले स्कूलों को आए इन ई-मेल के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। शुरुआती जानकारी में स्कूलों को रूसी सर्वर से मेल आने की बात कही जा रही है। गुजरात में लोकसभा चुनावों की वोटिंग से पहले आए धमकी भरे ई-मेल ने पुलिस प्रशासन को सकते में डाल दिया है। कई सारे स्कूल बंद हैं। ईमेल पर अहमदाबाद की आठ स्कूलों ईमेल पर धमकी मिल की है। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें अहमदाबाद के बड़े स्कूल शामिल हैं।

# भारत की मजबूती से एशिया में अमेरिका का हित सुरक्षित

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारतीय-अमेरिकी कम्युनिटी के नेता बोले-चीनी प्रभाव को रोकने के लिए शक्ति बनकर उभरा भारत



भारतीय-अमेरिकी कम्युनिटी के नेता योगी चुघ ने कहा कि एशिया में अमेरिका के हित मजबूत भारत की वजह से सुरक्षित हैं। इस क्षेत्र में बढ़ते चीनी प्रभाव को रोकने के लिए भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति बनकर उभरा है।

कैलिफोर्निया के कारोबारी चुघ एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत के उत्कर्ष को लेकर बड़ा उत्साह है। भारत न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के माध्यम से, बल्कि विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता की वजह से महत्वपूर्ण भूमिका में है।

चुघ ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच एक मजबूत रिश्ता होगा। कई लोगों ने इसे 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी कहा है। वहीं, यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखता है। अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास भारत के साथ किसी अन्य देश की तुलना में अधिक है।

# कैंसर... अब बीमारी नहीं महामारी का लिया है रूप

*आज के समय में कैंसर कोई बीमारी नहीं रह गई है बल्कि ये महामारी का रूप ले चुकी है। आईए जानें कैंसर के बारे में...शरीर में मौजूद कोशिकाओं यानी सेल्स में दो ऐसे बदलाव आ जाते हैं, जो नहीं आने चाहिए तब शरीर में कैंसर बनता है. पहला है, किसी भी कोशिका का अनियंत्रित रूप से बढ़ना और दूसरा है, किसी एक ऑर्गन की सेल का बहुत अधिक ग्रोथ लेते हुए अपनी जगह से दूसरे ऑर्गन तक फैल जाना। इन दोनों कंडीशन में कैंसर हो जाता है।*

### कीमो और रेडियो के अलावा भी कैंसर का है कोई इलाज

कीमोथेरपी, रेडियोथेरपी, कुछ खास केसेज और स्टेज में सर्जरी के अलावा टारगेटेड थेरपी, अडवांस थेरपी ट्रीटमेंट्स जैसे, इम्युनोथेरपी आदि कई लेटेस्ट ट्रीटमेंट शामिल हैं। लेकिन ये कैंसर के नेचर और पेशेंट की कंडीशन को ध्यान में रखकर ही दिए जाते हैं।

### कितने तरह के होते हैं

- दो या दस नहीं बल्कि इंसान के शरीर में 250 तरह के कैंसर हो सकते हैं। लेकिन वर्ग के आधार पर इन 250 कैंसर को तीन हिस्सों में बांटा जा सकता है।
- स्किन की लाइनिंग से बनने वाले कैंसर कार्सिनोमा कहलाते हैं।
- मसल्स और बोन के कैंसर सारकोमा
- तीसरे हैं ब्लड के कैंसर, जिन्हें लिंफोमा, ल्यूकीमिया और माइलोमा कहा जाता है। इनके अलावा ब्रेन ट्यूमर और मेलेनोमा अलग कैटिगरी में आते हैं।




### क्या लक्षण एक जैसे होते हैं

नहीं, हर कैंसर के लक्षण अलग होते हैं। टीबी, निमोनिया, बदहजमी और पाइल्स जैसी कई बीमारियों के लक्षण भी कैंसर में देखने को मिलते हैं। हालांकि कुछ स्पेसिफिक लक्षण होते हैं, जिनके आधार पर इस बात का फी हद तक अनुमान लगाया जा सकता है कि ये कैंसर है जैसे, व्यक्ति का वजन लगातार कम होता जाना और साथ में रुक-रुककर लगातार बुखार आते रहना।

## एक नजर

### हमास के हमले के बाद इजराइल का पलटवार, 16 लोगों की मौत

**यरुशलम।** हमास और इजराइल बीते सात महीने से जंग लड़ रहे हैं। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमास ने रविवार को इजराइल के मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट पर कई मिसाइलें दागी थीं। इस हमले में तीन इराइली सैनिक मारे गए। आगबबूला हुए इजराइल ने भी पलटवार किया। उसने दक्षिणी शहर राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोग मारे गए। अब इन सबके बीच, इजराइल ने नागरिकों को राफा शहर को तुरंत खाली करने का आदेश दिया है। दरअसल, देश के रक्षा मंत्री द्वारा हमले तेज करने की चेतावनी के बाद राफा के लोगों को नोटिस जारी किया गया है।

### मध्यप्रदेश में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से पांच बच्चों की मौत, दो घायल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के चरगवां थाना क्षेत्र में सोमवार को ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से सवार पांच बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जबलपुर जिला प्रशासन के अनुसार मृतकों में देवेंद्र बरकड़े, राजवीर, अनूप, लकी और धर्मेंद्र ठाकुर शामिल हैं। सभी बच्चे पास ही के गांव तिनेटा देवरी के निवासी हैं। प्रारंभिक जानकारी में बताया गया है कि सभी बच्चे एक ट्रेक्टर ट्राली में बैठकर जा रहे थे, तभी तेज गति के कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे मौत हो गई।

### बीएसएफ ने पंजाब में बरामद किए चीनी निर्मित चार ड्रोन

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर जिले से चार ड्रोन बरामद किए हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को गुरदासपुर जिले के एक सीमावर्ती गांव में रहने वाले बीएसएफ के पूर्व सैनिक ने खुफिया इकाई सूचना दी थी। सूचना के आधार पर बीएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान चलाया। सीमावर्ती गांव रतनखुर्द, कक्कड़ और रोरनवाला से तीन ड्रोन बरामद किए। ड्रोनों की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक और डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके के रूप में की गयी है।

### भारतीय उच्चायुक्त- ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री के बीच संबंधों पर चर्चा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी नई ऊंचाई को छूने के लिए तैयार है। वांग और बागले की बैठक की तस्वीर साझा करते हुए उच्चायोग ने कहा कि उच्चायुक्त और विदेश मंत्री ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक मुद्दों पर अहम चर्चा की।

# भारतीय मूल की सुनीता तीसरी बार करेंगी अंतरिक्ष की यात्रा

## पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान आज होगा रवाना, साथ में रहेंगे बुच विल्मोर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष जाने के लिए तैयार हैं। इस बार उनके साथ बुच विल्मोर भी रहेंगे। नासा के दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतरिक्ष जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान होगा, जो मंगलवार को उड़ान भरेगा। नासा के अनुसार, यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट और बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान 7 मई की सुबह आठ बजकर चार मिनट पर कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा।

मिशन को संचालित करने जा रहीं सुनीता विलियम्स ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि वह थोड़ी सी घबराई हुई हैं। लेकिन नए अंतरिक्ष यान में उड़ान भरने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा, जब मैं अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचूंगी, तो यह घर वापस जाने जैसा होगा। डॉ. दीपक पांड्या और बोनी पांड्या के घर जन्मीं सुनीता विलियम्स एक बार फिर इतिहास रचेंगी। वह ऐसी पहली महिला होंगी, जो मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के पहले मिशन पर उड़ान भरेंगी। वह साल 2006 और 2012 में दो बार अंतरिक्ष जा चुकी हैं। विलियम्स ने दो मिशनों में अंतरिक्ष में कुल 322 दिन बिताए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।




अंतरिक्ष में जाने से पहले मीडिया से बात करतीं भारतवंशी सुनीता विलियम्स साथ में हैं बुच विल्मोर।

### भगवान गणेश की मूर्ति साथ लेकर जाएंगी विलियम्स

तीसरी बार उड़ान भरने से पहले विलियम्स ने बताया कि वह भगवान गणेश की एक मूर्ति साथ लेकर जाएंगी। उनका मानना है कि गणेश उनके लिए भाग्यशाली हैं। वह अपने साथ भगवान गणेश की मूर्ति साथ ले जाने को लेकर खुश थीं। इससे पहले सुनीता अपने साथ अंतरिक्ष में भगवदगीता लेकर गईं थीं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें समासे बहुत पसंद हैं।

### भारतवंशी विलियम्स दो बार जा चुकी हैं अंतरिक्ष

सुनीता विलियम्स के पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झुलासान में पैदा हुए एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे, लेकिन बाद में अमेरिका चले गए और बोनी पांड्या से शादी कर ली। फिलहाल, सुनीता अब बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन का पायलट बनने की तैयारी कर रही हैं। उनका जून 1998 में अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में चयन हुआ था। नौ दिसंबर 2006 में वह पहली बार अंतरिक्ष गई थीं। उन्हें इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में भेजे गए 14वें शटल डिस्कवरी के साथ रवाना किया गया था। इसके बाद 2012 में उनकी दूसरी अंतरिक्ष यात्रा शुरू हुई थी। तब उन्होंने कजाकिस्तान के बैकोनूर से रूसी रॉकेट सोयूज टीएमए-05एम से उड़ान भरी थी।



स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान

# भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या

**मेलबर्न/चंडीगढ़**

- अस्ट्रेलिया में किराए को लेकर भारतीय छात्रों के बीच हुआ विवाद एक की हालत गंभीर

ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या की गई है। मृतक छात्र के चाचा ने बताया कि भारतीय छात्रों के बीच हुई लड़ाई के दौरान उनके भतीजे की हत्या की गई। शनिवार सुबह नौ बजे मेलबर्न में हुए इस विवाद में एक और छात्र की हालत गंभीर है। छात्र का नाम नवजीत संधू था, जो कि हरियाणा के करनाल का रहने वाला था। छात्र के चाचा यशवीर के अनुसार कुछ छात्रों के बीच किराए को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच जब नवजीत इस विवाद को सुलझाने गया, तो उस पर बुरी तरह चाकुओं से हमला किया गया। यशवीर ने बताया कि नवजीत अपने दोस्त के साथ उसके घर से कुछ सामान लेने गया था क्योंकि उसके पास कार थी। जब वह घर के बार अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था, तो उसे घर के अंदर से शोर की आवाज सुनाई दी। नवजीत ने जब घर के अंदर घुसकर विवाद सुलझाने की कोशिश की, तो उसके सीने पर बुरी तरह से चाकू से हमला किया गया। इसके बाद नवजीत की मौत हो गई।

नवजीत के जिस साथी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वह भी करनाल का ही रहने वाला था। यशवीर ने बताया कि रविवार की सुबह उनके परिजनों को इस बारे में जानकारी दी गई। नवजीत डेढ़ साल पहले स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गया था। परिवार ने भारत सरकार से नवजीत का शव भारत लाने में मदद करने का आग्रह किया है। पुलिस ने कहा कि भारतीय मूल के आरोपियों अभिजीत और रॉबिन गार्टन की तलाश की जा रही है।

### पर्यटकों को लुभाने के लिए मालदीव ने दिया जोर

**दुबई।** द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आने के बाद मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या में आई गिरावट से मालदीव सकते में आ गया है। अब द्वीप राष्ट्र के पर्यटन मंत्री ने भारतीयों से देश में घूमने आने का निवेदन कर देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने भारत और अपने देश के ऐतिहासिक संबंधों पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गत छह जनवरी को अपने एक्स हैंडल पर प्राचीन लक्षद्वीप के फोटो व वीडियो साझा करने पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

## हाईकोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को दी अंतरिम जमानत

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है। गोयल को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था।

जस्टिस एनजे जामदार की पीठ ने दो महीने की अंतरिम जमानत की याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि गोयल को जमानत के तौर पर एक लाख रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके साथ ही मुंबई से बाहर जाने के लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट की अनुमति लेनी होगी।

75 वर्षीय गोयल ने मेडिकल और मानवता के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की थी। उन्होंने अदालत को बताया था कि वे और उनकी पत्नी अनिता गोयल दोनों ही कैंसर से जूझ रहे हैं। इससे पहले फरवरी में एक विशेष अदालत ने गोयल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## बम्पर खेती...



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में इस साल किसानों ने 1.40 लाख हेक्टेयर में सरसों व तिलहन की बम्पर खेती की है। फसल भी अच्छी हुई है। सरसों पर्यटकों को भी लुभा रहा है। 1200 करोड़ रुपये की सरसों होने की उम्मीद है। 2020-21 में 30 हजार हेक्टेयर में हुई थी। ● एजेंसी

## इमरान की पार्टी के अध्यक्ष जेल से घर में होंगे नजरबंद

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष परवेज इलाही को 15 दिनों के अंदर जेल से हटाकर घर में नजरबंद करने का आदेश दिया है।

अदालत ने यह आदेश परवेज इलाही की पत्नी कैसरा इलाही की याचिका पर सुनवाई के बाद दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि उनकी अधिक उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें घर में नजरबंद रखा जाए। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नजरबंदी के दौरान उन्हें चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पिछले वर्ष जून के बाद से उन्हें कई बार उनकी गिरफ्तारी हो चुकी है।

# प. देशों के खिलाफ परमाणु अभ्यास करेगा रूस

**मॉस्को, एजेंसी**

- यूक्रेन से युद्ध के बीच राष्ट्रपति पुतिन के सख्त तेवर, सेना को दिया अभ्यास करने का आदेश

रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर अपने खतरनाक इरादों का संकेत दिया है। उन्होंने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास करने को कहा है। यह आदेश यूक्रेन की सीमा पर तैनात थल सेना और नौसेना को दिया गया है। इस कदम से पश्चिमी देश पुतिन के खिलाफ है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों को भी शामिल किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कैसे इन हथियारों के साथ तैयारी की जा सकती है और इनका क्या इस्तेमाल हो सकता है। बता दें, जब से यूक्रेन से साथ युद्ध शुरू हुआ है, तब से पुतिन परमाणु हथियारों को लेकर कई बार बयानबाजी दे चुके हैं। फरवरी में भी उन्होंने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की चेतावनी दी थी। अब पुतिन ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब रूस की सेना का कहना है कि यूक्रेन के अलावा पश्चिमी देशों से भी उसे खतरा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस अभ्यास में परमाणु हथियारों की तैनाती और उनके इस्तेमाल को शामिल किया जाएगा। सेनाएं अभ्यास करेंगी कि कैसे इन हथियारों का जंग में इस्तेमाल करना है और कैसे मोर्चे पर इन्हें तैनात किया जा सकता है।



### आज से शुरू होगा पुतिन का पांचवां कार्यकाल

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में संपन्न संघीय चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीतने के बाद अपने पांचवें कार्यकाल की शुरुआत मंगलवार को करने जा रहे हैं। रूसी सरकार के सूत्रों के अनुसार 87 प्रतिशत वोट के साथ निर्वाचित होने वाले पुतिन सात मई को पांचवीं बार राष्ट्रपति पद ग्रहण करेंगे और इस के साथ ही उनका 2030 तक नया छह साल का राष्ट्रपति कार्यकाल शुरू होगा।

# डिजिटल मीडिया के नियमों पर अर्जियों की सुनवाई एक साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नियम-2021 को चुनौती देने वालीं सभी याचिकाओं पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा दिल्ली हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमावली, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा। ये नियम ऑनलाइन मीडिया पोर्टल और प्रकाशकों, ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंचों और सोशल मीडिया मध्यस्थों के कामकाज को विनियमित करने से संबंधित हैं।

इसके तहत, सोशल मीडिया और प्रसारण कंपनियों के लिए विवादास्पद सामग्री को तेजी से हटाना, शिकायत निवारण अधिकारियों की नियुक्ति करना और जांच में सहायता करना शामिल है। सभी याचिकाएं देश भर के विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित थीं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित किया है। दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा, सभी याचिकाएं 14 अगस्त के लिए सूचीबद्ध की जाएंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 को चुनौती देने वाली देशभर के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित याचिकाओं को 22 मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया था। पीठ ने कहा था, विरोधाभासी निर्णयों से बचने के लिए, केंद्र सरकार सभी मामलों की सुनवाई एक ही जगह कराना चाहेगी। क्योंकि इनमें से बड़ी संख्या में मामले दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन हैं।

**विज्ञान** जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस ग्रह के जलवायु की गहराई का चला पता

# सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** सुदूर अंतरिक्ष मे बृहस्पति जैसा खोजा गया आश्चर्यजनक एक ग्रह न केवल बेहद गर्म है, बल्कि 800 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से यहां तूफान उफान पर रहता है। रात के समय घने बादलों से ढक जाता है। इस ग्रह (एक्सोप्लैनेट) का नाम डब्लूएएसपी-43 बी है।

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस ग्रह के जलवायु की गहराई का पता चल पाया है। वेब में लगे उपकरण इसके वातावरण का विश्लेषण कर पाने में सक्षम है। रात को बादलों से ढके रहने वाले इस ग्रह का आसमान दिन के समय साफ रहता है। हमसे 283 प्रकाश-वर्ष दूर यह अत्यधिक गर्म होने के साथ यहा भूमध्यरेखीय हवाएं 8,000 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक सुपरसोनिक गति से चलती हैं। जर्नल नेचर एस्ट्रोनॉमी ने 30 अप्रैल, 2024 को यह शोध प्रकाशित हुआ है। यह पहला ग्रह है, जिसकी जलवायु बेहद आश्चर्यजनक है। वेब टेलीस्कोप ने इस गर्म एक्सोप्लैनेट के मौसम का नक्शा बनाया है। इसके अत्यधिक गर्म होने की वजह अपने तारे के बेहद करीबी होना है, जो मात्र 2 मिलियन किमी की दूरी पर अपने तारे की परिक्रमा करता है। यह बुध और सूर्य के बीच की दूरी के 1/25 से भी कम है। यह ग्रह ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। इसका एक हिस्सा हमेशा तारे के सामने होता है, जैसे चंद्रमा का एक ही पक्ष हमेशा पृथ्वी के सामने होता है। इसलिए ग्रह का एक पक्ष लगातार दिन के उजाले में है, जबकि दूसरा पक्ष निरंतर अंधकार में है। पूर्व में हबल स्पेस टेलीस्कोप और स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप से इस ग्रह के संकेत मिले थे। कैलिफ़ोर्निया के बे एरिया पर्यावरण अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिको ने यह खोज की है।



ग्रह डब्लूएएसपी-43 की तस्वीर।

### 1260 डिग्री सेल्सियस है दिन का तापमान

डब्लूएएसपी-43 बी का दिन का तापमान 1260 डिग्री सेल्सियस रहता है, जबकि रात के समय 600 डिग्री सेल्सियस रह जाता है। अत्यधिक गर्म होने के कारण यह ग्रह रहने योग्य नहीं है। इस खोज से ग्रहों की दुनिया की प्रकृति की अजूबी जानकारी मिलती है। जिस कारण इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# भारतीय तटरक्षकों ने केरल के निकट जब्त की ईरानी नौका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारतीय चालक दल के छह सदस्यों को हिरासत में लिया ईरान के लिए करते थे काम

भारतीय तटरक्षक बल ने एक बार फिर अरब सागर में कार्रवाई की है। तटरक्षक बल ने अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को जब्त किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया है कि, जहाज में सवार छह भारतीय चालक दल के सदस्यों को अनुबंध के आधार पर ईरान ले जाया जा रहा था लेकिन नाव के मालिक द्वारा शोषण और दुर्व्यवहार की रिपोर्ट मिलते ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

भारतीय तट रक्षक समुद्री सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की। जहाज को कोच्चि लाया गया है। यहां आरोपों सहित अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी। भारतीय तटरक्षक दल ने एक्स पर पोस्ट करते हिए कहा कि केरल तट के पश्चिम में अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को रोका और हिरासत में लिया। जहाज में छह भारतीय सवार थे, जो ईरान में अनुबंध के आधार पर कार्यरत थे। चालक दल ने नाव के मालिक पर शोषण का आरोप लगाया था। आईसीजी की कार्रवाई नाविकों की भलाई की रक्षा और समुद्री कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समर्पित है। हालांकि, अभी तक अधिकारियों ने शोषण के प्रकृति का खुलासा नहीं किया है।

